✱ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✱ रजि. नंबर : 52290/90 ✱ वर्ष : 36 ✱ अंक : 62 ✱ पृष्ठ : 12 ✱ औरंगाबाद, सोमवार, 28 जुलाई 2025 ✱ मूल्य : 3.00 रुपये ✱ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✱ www.navbihartime.com



बिहार संग्रहालय के पास निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# लॉजिस्टिक्स जितना मजबूत, सीमाएं उतनी ही सुरक्षित : राजनाथ सिंह

## भारतीय रेलवे में पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व संरचनात्मक परिवर्तन : अश्विनी वैष्णव

## गति शक्ति विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में 194 छात्रों को प्रदान की गई डिग्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़ोदरा/नयी दिल्ली।** गति शक्ति विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह आज वडोदरा में आयोजित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में बुनियादी ढांचा और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है जो देश के आर्थिक विकास की मजबूत नींव रख रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को 21वीं सदी के भारत के लिए एक गेम चेंजर बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में युवाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं और यह विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। लॉजिस्टिक्स के महत्व को समझाते हुए उन्होंने कहा कि जितनी मजबूत हमारी लॉजिस्टिक्स सेवाएं होंगी, उतनी ही मजबूत हमारी सीमाएं रहेंगी। जब देश के एक हिस्से में निर्मित रक्षा उपकरण या सैनिकों के लिए खाद्य सामग्री समय पर सीमा तक पहुंचती है तो सीमा पर तैनात सैनिकों का मनोबल ऊंचा होता है। सरकार की पहलों को रेखांकित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट हब की स्थापना और मिशन मोड योजनाओं के कार्यान्वयन जैसी पहलों ने लॉजिस्टिक्स लागत को काफी हद तक कम किया है और डेटा आधारित निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री एवं



गति शक्ति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे में परिवर्तनकारी बदलाव हुए हैं। उन्होंने बताया कि केवल पिछले एक वर्ष में ही रेलवे नेटवर्क में 5,300 किलोमीटर की वृद्धि हुई है और सुरंग निर्माण की कुल लंबाई 368 किलोमीटर तक पहुंच चुकी है। भारत हमेशा से विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल रहा है, इतिहास के केवल ढाई सौ वर्षों को छोड़कर। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि गति शक्ति विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से हर क्षेत्र पर केंद्रित मानव संसाधन तैयार कर भारत को पुनः एक शीर्ष अर्थव्यवस्था बनाया जा सकता है। गति शक्ति विश्वविद्यालय ने लगभग 40 विभिन्न औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने भविष्य में मरीन इंजीनियरिंग पर केंद्रित शोध पत्र तैयार करने और समुद्री उद्योगों के साथ समझौते करने का सुझाव भी दिया। श्री वैष्णव ने दीक्षांत समारोह में स्नातक कर रहे छात्रों को भारत की विकास यात्रा में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया और इस क्षेत्र में नवाचार के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने गति शक्ति विश्वविद्यालय को विकास का इंजन बताया और छात्रों से आग्रह किया कि वे 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं। दीक्षांत समारोह में कुल 194 छात्रों को विभिन्न विषयों में डिग्रियां प्रदान की गईं। प्रत्येक पाठ्यक्रम से एक छात्र को शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट परियोजना पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार भी प्रदान किए गए। गति शक्ति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज चौधरी ने स्वागत भाषण दिया और पिछले तीन वर्षों में संस्थान के प्रदर्शन की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में वडोदरा के सांसद डॉ. हेमांग जोशी, राजमाता शुभांगीनी राजे गायकवाड़, भारतीय सेना और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, छात्र एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। गति शक्ति विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता का परिणाम है। यह भारत का पहला ऐसा (शेष पृष्ठ 10 पर)

## मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव से पूर्व सफाई कर्मचारियों को दी खुशखबरी

# बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का होगा गठन : नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में सफाई कर्मचारियों के कल्याण और अधिकारों की रक्षा के लिए बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की घोषणा की है। रविवार सुबह एक्स हैंडल से इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस आयोग का गठन सफाई कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा, उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान, और कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी के लिए किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और पांच सदस्य होंगे जिनमें एक महिला या ट्रांसजेंडर को शामिल किया जाएगा। यह आयोग सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, उनकी शिकायतों के निवारण और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार को सुझाव देगा। इसके साथ ही यह आयोग समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में जोड़ने और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाएगा। इस फैसले को लेकर सफाई कर्मचारी संगठनों में उत्साह का माहौल है। बता दें कि सफाई कर्मचारी संघ लंबे समय से आयोग के गठन की मांग को लेकर प्रदर्शन और आंदोलन कर रहा था। इस मांग को देखते हुए नीतीश सरकार ने यह बड़ा निर्णय लिया है। आयोग के गठन से सफाई कर्मचारियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा जो उनकी कार्यस्थिति, वेतन और अन्य सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को उठाएगा। यह पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार ने समाज के विभिन्न वर्गों के लिए आयोगों का गठन किया हो। इससे पहले भी बिहार सरकार ने युवा आयोग के गठन की घोषणा की थी और कई महत्वपूर्ण बोर्ड, निगम और आयोगों का गठन किया गया है। इनमें एनडीए के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में प्रतिनिधित्व दिया गया है। बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन से सफाई कर्मचारियों के बीच उम्मीद की किरण जगी है। यह आयोग न केवल उनकी समस्याओं को सुनने का मंच होगा बल्कि उनके लिए नीतिगत सुझाव और योजनाओं के कार्यान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अब सभी की नजर इस बात पर है कि आयोग कितनी जल्दी और प्रभावी ढंग से अपने उद्देश्यों को पूरा करता है।

# बिहार में 7.24 करोड़ वोटर 65 लाख के कटेंगे नाम


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण के अंतिम आंकड़े चुनाव आयोग ने जारी कर दिए हैं। आयोग के मुताबिक राज्य में वोटर लिस्ट रिवीजन में 7.24 करोड़ मतदाता है। वहीं 65 लाख वोटर्स के नाम हटाए गए हैं। इसमें ऐसे लोग शामिल हैं जो मृत, विस्थापित और दूसरी जगह स्थासी प्रवास पर हैं। आयोग की तरफ से बताया गया कि 24 जून 2025 तक बिहार में 7.89 करोड़ मतदाता थे। 65 लाख जिन वोटर के नाम कटेंगे उनमें 22 लाख की मौत हो चुकी है, 36 लाख विस्थापित हैं और 7 लाख दूसरे स्थान पर स्थायी प्रवास कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक पात्र मतदाता, जिनके नाम छूट गए हों, उन्हें ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल करने का मौका मिलेगा। मतदाता सूची में कई स्थानों पर नामांकित पाए गए मतदाताओं का नाम केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। चुनाव आयोग ने एसआईआर के पहले चरण के सफल समापन का श्रेय बिहार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सभी 38 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, 243 ईआरओ, 2,976 एईआरओ, 77895 मतदान केंद्रों पर तैनात बीएलओ, लाखों स्वयंसेवकों और सभी 12 प्रमुख राजनीतिक दलों के क्षेत्रीय प्रतिनिधियों, जिनमें 1.60 लाख बीएलए को दिया है। एसआईआर अवधि के दौरान बीएलए की कुल संख्या में 16% से ज्यादा का इजाफा हुआ है। आयोग ने बताया कि बिहार में एसआईआर की शुरुआत 24 जून 2025 को हुई। इसका उद्देश्य मतदाता सूची से मृत, स्थानांतरित और दोहरे पंजीकरण वाले मतदाताओं के नाम हटाना तथा पात्र मतदाताओं को शामिल करना है। इस प्रक्रिया के तहत, बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) और बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) ने घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र किए। आयोग ने 25 जुलाई तक इस प्रक्रिया के पहले चरण को लगभग पूरा कर लिया, जिसमें 99.8 फीसदी मतदाताओं को कवर किया गया है। एसआईआर का उद्देश्य सभी मतदाताओं और सभी राजनीतिक दलों की भागीदारी हो, बिहार में कोई भी पात्र मतदाता न छूटे, साथ ही बिना किसी स्पष्ट आदेश के ड्राफ्ट मतदाता सूची से नाम न हटाया जाए शामिल है।

# सहकारिता के जरिए गांवों को आत्मनिर्भर बनाएगी सरकार : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को स्पष्ट किया कि सहकारिता अब सिर्फ एक व्यवस्था नहीं बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का मजबूत माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय सहकारिता मिशन 2025' की शुरुआत कर दी है, जिसके अंतर्गत सहकारिता को रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास का प्रमुख जरिया बनाया जाएगा। मंत्री ने यह बातें सासाराम के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित सासाराम-भभुआ कोऑपरेटिव सेंट्रल बैंक की वार्षिक आम सभा में कहीं। राज्य के सहकारिता विभाग की वार्षिक आम सभा की श्रृंखला की शुरुआत रोहतास जिले से हुई। इस अवसर पर बिहार-झारखंड बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह, कोऑपरेटिव के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे और सहकारिता से जुड़े अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मंच पर मौजूद रहे। डॉ. प्रेम कुमार



ने सभी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर सभा का उद्घाटन किया और सहकारिता के महत्व, संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में प्रदेश कोऑपरेटिव अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने सहकारिता और पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समितियों) से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने पैक्स के पुनर्गठन, डिफॉल्टर इकाइयों के समाधान और मृत व्यापार मंडल सदस्यों के उत्तराधिकारियों को सदस्य बनाने जैसे मुद्दों पर सुझाव दिए। इसके जवाब में मंत्री प्रेम कुमार ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार पैक्स को सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डिफॉल्टर पैक्स पर गहन विचार हो रहा है और सुधार के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। सभा के अंत में डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का उल्लेख कर कहा कि राष्ट्रीय सहकारिता मिशन 2025 उसी सपने को साकार करने की एक सशक्त कड़ी है। उन्होंने बताया कि सहकारिता के जरिए न सिर्फ गांवों में रोजगार बढ़ेगा बल्कि स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सहकारिता विभाग आने वाले समय में राज्य के सभी 38 जिलों में वार्षिक आम सभाओं का आयोजन करेगा जिससे स्वरोजगार और समावेशी विकास को गति मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौघरी को हत्या की धमकी दी गई है। अपराधियों ने उनके समर्थक के नंबर पर मैसेज भेजा। इसमें अपराधी ने डिप्टी सीएम को अगले 24 घंटे के अंदर गोली मारने की धमकी दी है। घटना के बाद सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया है। फौरन पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गयी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### वार्ड सदस्य के बेटे की हत्या

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण जिले के पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के श्रीपुर नवादा गांव में वार्ड संख्या चार के वार्ड सदस्य जगू भगत के पुत्र उदय कुमार का शव आज सुबह गांव के आम बगीचे में पेड़ से लटका हुआ मिला। सुबह-सुबह खेत पर काम करने गए एक किसान ने सबसे पहले शव को देखा। शोर मचाने पर सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। पुलिस इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे पर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर के पास रविवार को बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान बक्सर जिले के नवानगर थाना अंतर्गत केसठ गांव निवासी श्रीराम साह की पत्नी चिंता देवी के रूप में की गयी है।

### जमीन के लिए बड़े भाई की हत्या

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** इशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र में दो भाइयों ने मिलकर सगे बड़े भाई की हत्या कर दी। डेढ़ बीघा जमीन के विवाद में पीट-पीटकर मार डाला। मृतक की पहचान बाराहाट निवासी उमेश साह के तौर पर हुई है। मृतक के पुत्र पंकज ने बताया कि शुक्रवार को पिताजी मजदूरी करके घर लौटे थे। कुछ देर बाद चाचा झगड़ा करने लगे। इस दौरान दोनों चाचा ने लाठी-डंडा और खंती से हमला कर दिया। गंभीर हालत में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### बिहार कांस्टेबल भर्ती का प्रवेश पत्र जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय चयन बोर्ड कांस्टेबल ने 3 अगस्त को आयोजित होने वाली अंतिम लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। जो भी उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को अपनी रजिस्ट्रेशन आईडी या मोबाइल नंबर और जन्मतिथि दर्ज करनी होगी। लॉग इन करने के बाद एडमिट कार्ड स्क्रीन पर दिखेगा, जिसे डाउनलोड कर भविष्य के लिए प्रिंट कर लें। इस भर्ती अभियान के तहत संगठन में 19,838 कांस्टेबल पदों को भरा जाएगा।


# सीएम नीतीश ने किया पटना संग्रहालय के गैलरियों व प्रेक्षागृह का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना संग्रहालय के नवनिर्मित गंगा गैलरी, पाटली गैलरी एवं प्रेक्षागृह का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया और वहां लगाये गये प्रदर्शों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना संग्रहालय का उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। यह पुराना संग्रहालय है। यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्रदर्श रखे गए हैं। उनका रखरखाव और बेहतर ढंग से हो इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया गया है। संग्रह को बेहतर ढंग से



प्रदर्शित करने और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुविधाएं विकसित करने के उद्देश्य से इस संग्रहालय का विस्तार किया गया है। गंगा गैलरी, पाटली गैलरी एवं प्रेक्षा गृह अच्छा बना है। लोग यहां आकर प्रदर्शों को आकर देख सकेंगे और उन्हें कई विशिष्ट जानकारियां प्राप्त होंगी। मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय के पूरे परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। पटना संग्रहालय के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री बिहार संग्रहालय पहुंचे और वहां संग्रहालय के विभिन्न भागों को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रदर्शों को देखा। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय को जोड़नेवाली निर्माणाधीन टनल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करें, जिससे बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय के दर्शक आसानी से एक जगह से दूसरी जगह जाकर प्रदर्शों का अवलोकन कर सकें। उन्होंने कहा कि टनल का बेहतर ढंग (शेष पृष्ठ 10 पर)



# मुसहर भुइयां समाज के लिए कांग्रेस लड़ेगी हर लड़ाई : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जगजीवन राम शोध संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय मुसहर भुइयां विकास परिषद् की ओर से चुनाव में मुसहर भुइयां जाति के मुद्दों को शामिल करने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन का योजन किया जिसका उद्घाटन बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने किया। कार्यक्रम के उद्घाटन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव और माउंटेन मैन दशरथ मांझी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने अपने संबोधन में ज्योतिबा फूले और माउंटेन मैन दशरथ मांझी को नमन करते हुए मुसहर भुइयां समाज से आह्वान किया कि शिक्षा और रोजगार से आज यह समाज वंचित है तो केवल और केवल ये सरकारी तंत्र की कमी है। आप अपने समाज को शिक्षा के लिए जागृत कीजिए। इस समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए लगातार कांग्रेस पार्टी ने समानता के भाव से काम किया है और आपके जीवन स्तर को उठाने का काम किया है। सामाजिक न्याय पर बोलते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज भी अगर मुसहर भुइयां समाज मुख्यधारा में नहीं आ सकी है तो समाज के प्रबुद्ध लोगों का दोष भी इसमें सामने आता है। हमारे नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लगातार सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी और समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को मजबूती देने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया है और आगे भी करेगी। साथ ही उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई के संघर्ष की जीत पर कहा कि यह तभी मुमकिन है जब मुसहर भुइयां समाज को समानता का वास्तविक अधिकार मिल सके। आरक्षण के दायरे को बढ़ाने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी को जब तक हमलोग लागू नहीं कर देते तब तक हम अपनी इस समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों से का निर्वहन होना नहीं मान सकते। उन्होंने सभी दलितों को एक होने का आह्वान किया और कहा कि 22 निचली जातियों को एकजुट होकर रहना होगा क्योंकि इस देश में आरएसएस और भाजपा के लोग हमें तोड़ने और हमारी हकमारी करना चाहते हैं। हमारे समाज का वोट खरीदने और बेचने का दावा करने वाले लोगों को हम हिदायत देते हैं कि हमारा दोहन करने की कोशिश ना करें। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि हमारे नेता राहुल गांधी लगातार आपके लिए संघर्ष कर रहे हैं और बिहार आकर आपसे मिलते रहेंगे आपकी समस्याओं के निदान के लिए आवाज बुलंद करते रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने अपने संबोधन में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने लगातार इसके खिलाफ आवाज उठाया क्योंकि हमारे नेता राहुल गांधी जानते हैं कि जो कागजात मांगे जा रहे हैं वो मुसहर भुइयां समाज के पास नहीं होगा। वोट देने का अधिकार खत्म हो जाएगा तो फिर आपके हिस्से की हकमारी भाजपा आरएसएस के तत्व करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे पर्वत पुरुष दशरथ मांझी के पुत्र भगीरथ मांझी, सामाजिक कार्यकर्ता उमेश मांझी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, सौरभ सिंहा सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में लायंस क्लब की भूमिका अहम : रणबीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पाटलिपुत्र आस्था - (डिस्ट्रिक्ट 322ए) ने अपना 10वां इंस्टॉलेशन समारोह होटल चाणक्य, पटना में बड़े ही भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न किया। समारोह का उद्घाटन डॉ. रणबीर नंदन, अध्यक्ष, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद, एवं एसोसिएट प्रोफेसर, भूविज्ञान विभाग, बी. एन. कॉलेज (पटना विश्वविद्यालय) द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने समाज निर्माण में सेवा संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र मे लायंस क्लब के डॉक्टर व अन्य सदस्य बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं, सामाजिक कार्यों का संपादन करते हैं। डॉ नंदन ने कहा कि लायंस क्लब अपने सामाजिक दायित्व के तहत लोगों की सेवा करते हैं जिससे समाज को फायदा होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एमजेएफ प्रदीप खेतान जिन्होंने क्लब की उपलब्धियों की सराहना की और भावी सेवा कार्यों हेतु प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे पंकज कुमार दराद, एडीजी, एटीएस, जिन्हें एडीजी (विधि व्यवस्था) का अतिरिक्त प्रभार भी प्राप्त है। उन्होंने नागरिक उत्तरदायित्व और सेवा के महत्व पर अपने विचार साझा किए। समारोह में क्लब के नेतृत्व का औपचारिक हस्तांतरण संपन्न हुआ। चार्टर प्रेसिडेंट डॉ. अमूल्य कुमार सिंह को क्लब की नींव मजबूत करने हेतु सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष डॉ. कुमार मणवेन्द्र को उनके सफल नेतृत्व के लिए धन्यवाद दिया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. कुमार राहुल, सचिव लायन मेघा सिंह एवं कोषाध्यक्ष लायन विकास कुमार ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम की रूपरेखा और संचालन अध्यक्षता लायन डॉ. सुमन कुमार द्वारा किया गया जिनका साथ दिया सह-अध्यक्ष लायन शशांक एवं लायन वंदना ने। लायंस क्लब और बिहार के प्रमुख व्यक्तियों में फर्स्ट लेडी लायन स्मिति रेखा, बिपिन सिंह, मृत्युंजय सिंह, विशाल सिंह, डॉ विकाश कुमार एवं डॉ जियाउल हक की गरिमामयी उपस्थिति रही एवं धन्यवाद ज्ञापन मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया। समारोह का समापन उत्साह, एकता और सेवा भाव के साथ हुआ।

# सामूहिक वैश्य देव पूजन 24 अगस्त को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना सिटी चौक स्थित भामाशाह भवन परिसर में वैश्य की तीस उपजातियां के प्रतिनिधियों की बैठक डॉ अजय प्रकाश की अध्यक्षता में हुई। वैश्य समाज के महानविभूति जिनके द्वारा समाज के उत्थान में अतुलनीय कार्य किया गया। साथ ही कई आराध्य देव हैं जिनकी पूजा वैश्य समाज के द्वारा की जाती है, वैसे देव के पूजन का कार्यक्रम का आयोजन 24 अगस्त को महाराजा घाट मैदान, पटना सिटी में सामूहिक रूप से आयोजित करने का निर्णय बैठक में सर्वसम्मति लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि पूजन कार्यक्रम विहंगम होगा। कई उपजातियां की आयोजन समिति गठित कर ली गई है। आज इस पूजन महाकुंभ के प्रसार हेतु स्टिकर का विमोचन भी किया गया। समस्त वैश्य समाज एक साथ मिलकर इस पूजन आयोजन में योगदान देते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजन करेंगे जैसे वैश्य देव पूजन, विभिन्न क्षेत्र में कार्य किए हुए समाजसेवी, शिक्षाविद, व्यवसायी को सम्मानित किया जाएगा। वैश्य समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति होगी। प्रसाद स्वरूप विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। बैठक को विकास कुमार मौड़ीवाल, शिव प्रसाद मोदी, मुकेश नंदन, राकेश कुमार, शशिशेखर रस्तोगी, लल्लू शर्मा, सुनंदा केशरी, वासुदेव पंकज, रत्नेष कुमार, मनीष कुमार, विनोद किसलय, संतोष गुप्ता ने भी संबोधित किया। नवीन रस्तोगी, मनीष कांस्यकार, अजय कुमार शाह, राजू गुप्ता, सर्व प्रकाश, विकास कुमार गुप्ता, लव कुमार गुप्ता, संजय केशरी, भारती अखिल, मनोज कुमार, मोहित कुमार मौड़ीवाल, बबलू कुमार, विशाल गुप्ता, मुन्ना जायसवाल, कृष कुमार मौड़ीवाल आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# मोइविंग ने पूर्वी भारत में इवी फ्लीट पार्टनरशिप प्रोग्राम किया लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन लॉजिस्टिक्स कंपनी मोइविंग ने पूर्वी भारत में इवी फ्लीट पार्टनरशिप प्रोग्राम की शुरुआत की घोषणा की है। यह पहल स्विच मोबिलिटी और पाटलिपुत्रा मोटर्स के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से की गई है। इस घोषणा में प्रभाकर कुमार (नेशनल हेड-इंस्टीट्यूशनल सेल्स, स्विच मोबिलिटी) और रबी शंकर सिंह (सीनियर मैनेजर, रिटेल सेल्स) की उपस्थिति रही। इस अवसर पर सभी साझेदारों ने क्षेत्र में स्वच्छ परिवहन (क्लीन मोबिलिटी) को बढ़ावा देने की अपनी साझा प्रतिबद्धता और इस सहयोग की रणनीतिक महत्ता को रेखांकित किया। इस पहल के तहत 100 से अधिक इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों को पटना, कोलकाता, गुवाहाटी, भुवनेश्वर और बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर के अन्य उभरते लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर्स में तैनात किया जाएगा। मोइविंग के सीइओ विकास मिश्रा ने कहा कि इस लॉन्च के साथ हम तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में स्वच्छ परिवहन को सक्षम बना रहे हैं। स्विच मोबिलिटी और पाटलिपुत्रा मोटर्स के साथ हमारी साझेदारी हमें पूर्वी भारत में तेजी से विस्तार करने में मदद करेगी और स्थानीय भागीदारी के लिए नए अवसर पैदा करेगी।

# पूर्णिया मेयर पति जितेंद्र कुमार ने राजेश राम के हाथों ली कांग्रेस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में आज बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों पूर्णिया नगर निगम के मेयर पति और सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र कुमार ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि जितेंद्र कुमार के आने से पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और बिहार की बेहतरी के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को अपनाया है। पूर्णिया के सामाजिक कार्यकर्ताओं जितेंद्र कुमार जाने माने समाजसेवी हैं और पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे। साथ ही इनकी पत्नी नगर निगम की मेयर भी हैं। इस दौरान सदस्यता ग्रहण करने के बाद जितेंद्र कुमार ने कहा कि राज्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। साथ ही राज्य और देश के सभी वर्गों और समुदायों को साथ लेकर चलने में कांग्रेस ही सक्षम है। पूर्णिया में कांग्रेस पार्टी को सशक्त करने में अपना समय और ताकत लगाऊंगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के संघर्ष में कदम से कदम मिलकर चलूंगा। सदस्यता कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता अजय चौधरी ने किया। मिलन समारोह में कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, अंशुल अभिजीत, मोतीलाल शर्मा, राजेश राठौर, अजय चौधरी, ब्रजेश प्रसाद मुनन, शकीलउर रहमान, नागेंद्र कुमार विकल, अंबुज किशोर झा, स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, सौरभ सिन्हा, मंजीत आनंद साहू, रोशन कुमार सिंह, ममता निषाद, बैद्यनाथ शर्मा, अनुराग चंदन मौजूद थे।

# देशभर के 175 कलाकारों की अद्भुत प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारत मंडपम के हॉल नंबर 12 में आयोजित दि हाट ऑफ आर्ट के चौथे संस्करण का भव्य समापन हुआ जिसमें प्रसिद्ध सिने कलाकार विंदु दारा सिंह ने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को प्रमाण पत्र दिया। यह तीन दिवसीय कला महोत्सव भारतीय कला और कलाकारों की विविधता एवं जीवंतता का उत्सव बन गया। 10,500 से अधिक दर्शकों की जबरदस्त उपस्थिति–जिसमें कला प्रेमी, विशिष्ट अतिथि, सरकारी अधिकारी और आम नागरिक शामिल थे–ने इस संस्करण को अब तक के सबसे सफल आयोजनों में से एक बना दिया। उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्य मंत्री सवित्री ठाकुर ने। उनके साथ मंच पर उपस्थित रहीं बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और गंगा स्वच्छता मिशन की ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत, दि हाट ऑफ आर्ट के निदेशक अनीश खान, आदिवासी कला की संरक्षक डॉ. सीमा आलावा और देशभर से आए 200 से अधिक उभरते एवं ख्यातिप्राप्त कलाकार। यह आयोजन कला, संस्कृति और समुदाय की समरसता का सजीव उदाहरण बन गया। दूसरे दिन का कार्यक्रम और भी भव्य रहा। राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर, प्रसिद्ध अभिनेता एवं मंच के मार्गदर्शक विंदु दारा सिंह, पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुदर्शन पटनायक और मिथिला पेंटिंग की प्रसिद्ध कलाकार पद्मश्री बऊआ देवी, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला सहित कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कलाकारों के उत्साह को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। एक छोटे से प्रयास के रूप में शुरू हुआ दि हाट ऑफ आर्ट, आज एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। यह इसका 10वां सफल संस्करण था जिसने मुंबई, बेंगलुरु और इंदौर जैसे शहरों में अपनी छाप छोड़ने के बाद दिल्ली में अपनी सबसे भव्य प्रस्तुति दी। दि हाट ऑफ आर्ट केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारत की रचनात्मक आत्मा का उत्सव है। यह मंच देश के हर कोने से जन्मजात प्रतिभाओं और स्व-प्रशिक्षित कलाकारों को एक पहचान और अवसर देता है–प्रेरणा, प्रोत्साहन और उन्नति के द्वार खोलता है। दर्शकों और विशिष्ट अतिथियों की सराहना से प्रेरित होकर आगामी संस्करणों को लेकर उम्मीदें पहले से ही ऊंचाई पर हैं।

# पंजाबी बिरादरी के अध्यक्ष चुने गए दिलजीत खन्ना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार के प्रतिष्ठित समाजसेवी दिलजीत खन्ना को पंजाबी बिरादरी, पटना का अध्यक्ष (2025-2027) निर्विरोध चुना गया। यह चुनाव संगठन के सांस्कृतिक केंद्र लाला लाजपत राय भवन में सम्पन्न हुआ। 14 कार्यकारिणी सदस्य भी इस अवसर पर निर्वाचित हुए- बलराज कपूर, राज कपूर, अशोक कुमार सोनी, संजय सलूजा, बोध प्रकाश धवन, विजय अरोड़ा, चेतन कपूर, अशोक चोपड़ा, श्रीराम छब्बड़ा, सरदार इंदरपाल सिंह 'लवली', सरदार आर.एस. जीत, अनूप टंडन, सरदार सुरेन्द्र सिंह टूटेजा एवं नीरज गांधी। पंजाबी बिरादरी, जो स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात स्थापित हुई। आज पटना की सबसे सक्रिय एवं प्रतिष्ठित सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं में से एक है। संस्था ने बैसाखी, लोहड़ी जैसे पर्वों के आयोजन के साथ-साथ 2500 से अधिक मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन, 8700 नेत्र परीक्षण, 7800 से ज्यादा मरीजों को मुफ्त दवाएं और ओपीडी सुविधा जैसे उल्लेखनीय सेवा कार्य किए हैं। लाला लाजपत राय भवन की भूमि कोचर परिवार द्वारा दान में दी गई थी और भवन का निर्माण समाज के लोगों के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर समाजसेवा हेतु डॉ. सत्यजीत सिन्हा (मेडिकल डायरेक्टर, ए.बी. आई इंस्टीटच्यूट), डॉ. बिनोद कुमार सिन्हा एवं सीए गौरव गुंजन को सम्मानित किया गया।

# सावन उल्लास, उमंग और प्रकृति की सजीवता का पर्व : नीति झुनझुनवाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्र की ओर से रविवार को हर्षोल्लास के साथ सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'डम डम डिगा डिगा' थी जिसके अनुरूप हर सदस्य के कदम थिरकते नजर आए। क्लब की महिलाएं हरे रंग की पारंपरिक पोशाकों में सजकर पूरे माहौल को हरियाली से सराबोर कर दिया।

चेयरपर्सन नीति झुनझुनवाला और शिल्पी चाचान ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि सावन उल्लास, उमंग और प्रकृति की सजीवता का पर्व है जिसे क्लब 'हरी-लाल' थीम के साथ मना रहा है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संजय भरतिया ने आने वाले दिनों में क्लब की ओर से किए जाने वाले सेवा कार्यों की जानकारी साझा की जबकि सचिव ने बीते एक माह में संपन्न गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह और उपहार दिए। सावन के गीतों पर झूमते हुए सभी ने पारंपरिक नृत्य का आनंद लिया। युगल नृत्य में बेबी कुमारी व अजय कुमार तथा बेस्ट जोड़ी प्रस्तुति में रेणु- ए के पी सिन्हा अवल्ल रहे जिन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न मनोरंजक खेलों ने कार्यक्रम में और रंग भर दिया। एम पी जैन ने बताया कि इस उल्लासपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में कन्वीनर शिल्पी, नीति भारती, साक्षी, सीमा, नूपुर और रीता की अहम भूमिका रही।

# गरीब मरीजों का फेको विधि से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** न्यू बहादुरपुर स्थित राधा देवी मोहनका मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के नवें वार्षिकोत्सव पर आज 18 मरीजों के मोतियाबिंद का फेको विधि से निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन न्यू बहादुरपुर स्थित श्री बालाजी नेत्रालय में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शशि मोहनका द्वारा किया गया। डॉ मोहनका ने बताया कि इनमें से चार मरीज को एक आंख से बिल्कुल नही दिखाई देता था। ऑपरेशन के बाद वह देखने लगा। मौके पर ट्रस्ट के सचिव एम पी जैन ने बताया कि इस ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री बालाजी नेत्रालय गरीब नेत्र रोगियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। श्री बालाजी नेत्रालय में अब तक हजारों नेत्र रोगियों का निःशुल्क इलाज एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन कर उनके जीवन में नयी रोशनी लाने का अत्यंत सराहनीय कार्य किया गया है।

# बिहार के 18 जिलों में आंधी-तूफान के साथ होगी बारिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को लेकर जारी किये अलर्ट में पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान यहां के कई जिलों में बारिश हो सकती है। इन जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटा की गति से हवा चलने के साथ ठनका गिरने की भी संभावना है। मानसून के समय में भी बिहार के कई जिलों में सूखे जैसी स्थिति है। सीतामढ़ी, शिवहर, समस्तीपुर और दरभंगा जैसे जिलों में वाटर लेवल 60 फीट नीचे चला गया है। सामान्य से कम बारिश होने की वजह से किसान काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। इसी बीच मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे के दौरान बिहार के 18 जिलों में बारिश हो सकती है।

# समाज निर्माण में सरकार के साथ खड़े रहते हैं सामाजिक संगठन : सम्राट



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य प्राइड का स्थापना समारोह आज पटना के होटल पनाश में अत्यंत गरिमामयी और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रोटेरियन आदिकेशरी जैन ने अध्यक्ष एवं रोटेरियन वर्दा मुनका ने सचिव के रूप में सत्र 2025-26 के लिए औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर कार्यक्रम का उद्घघाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि समाज के निर्माण में सरकार के साथ सामाजिक संगठन हमेशा खड़े रहे हैं और सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कह कि रोटरी क्लब के माध्यम से समाज के गरीब लोगों का कल्याण होता है। इस मौके पर विधान पार्षद अनामिका सिंह ने भी रोटरी क्लब के द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो की चर्चा की।

# त्रिदिवसीय प्रेमनाथ खन्ना स्मृति समारोह का 'लघुकथा उत्सव' से आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कला-संस्कृति एवं युवा विभाग तथा सामयिक परिवेश के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय आदिशक्ति प्रेमनाथ खन्ना स्मृति समारोह की शुरुआत लघुकथा उत्सव से हुई। कला संस्कृति सचिव प्रणव कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। मौके पर चर्चित साहित्यकार ममता मेहरोत्रा के संपादकत्व में प्रभात प्रकाशन द्वारा प्रकाशित 101 लघुकथाओं के साझा संग्रह 'कहीं धूप कहीं छांव' का लोकार्पण प्रणव कुमार, डॉ मिथिलेश अवस्थी, डॉ राम दुलार सिंह पराया, समीर परिमल, डॉ ध्रुव कुमार ने समवेत रूप से किया। कला- संस्कृति सचिव प्रणव कुमार ने साहित्य, संगीत एवं नाटक के इस त्रिदिवसीय उत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित होता है और इसका लाभ नई पीढ़ी को भी मिलता है। लघुकथा : नए दौर में विषय पर बोलते हुए लघुकथाकार डॉ मिथिलेश अवस्थी (नागपुर, महाराष्ट्र), राम दुलार सिंह पराया (चुनार, उत्तरप्रदेश), डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी एवं प्रो अनीता राकेश ने कहा कि नए दौर के लघुकथाकार और पाठक सोशल मीडिया से प्रभावित हो रहे हैं। जाहिर है इससे नई रचनाएं भी प्रभावित हो रही है। अध्यक्षता करते हुए नई धारा के संपादक डॉ शिवनारायण ने कहा कि पटना पिछले चार- पांच दशकों से लघुकथा लेखन के क्षेत्र में अगुआई कर रहा है। यहां हर दिन लघुकथा से संबंधित गतिविधियां हो रही हैं। लघुकथा पाठ सत्र में रूबी भूषण, अनिल रश्मि, राम यतन यादव, तारिक असलम तसनीम, नसीम अख्तर, आलोक चोपड़ा, अहमद रजा हाशमी, सिद्धेश्वर, तनूजा सिंह, पीहू, सुमन कुमार, श्रेया, आशा रघुदेव सत्यम, अतुल राय, कशिश, पीहू पटेल, वीरेन्द्र भारद्वाज आदि ने अपनी- अपनी लघुकथा का पाठ किया। दूसरे सत्र में ममता मेहरोत्रा की कहानी घूस का मंचन किया गया। इस कहानी का नाट्य रूपांतरण अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा ने तथा इसे परिकल्पित और निर्देशित बिहार के वरिष्ठ रंगकर्मी सुमन कुमार ने किया। नाटक में मंच पर अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, श्रीपर्णा तिवारी, सौरभ कुमार सिंह, युगल किशोर सिन्हा, नन्दलाल सिंह, मुस्कान शर्मा, सुरुची कुमारी, मिथिलेश कुमार सिन्हा, आजाद शक्ति, अरविन्द कुमार, प्रिंस राज, अमन कुमार पूरी, पवन कुमार सिंघम, संजय साहनी, नागेंद्र कुमार बहुत हीं बेहतरीन अभिनय किया।

# वंदे मातरम ज्ञान निधि संस्थान ने किया सावन महोत्सव में 'बिहार श्री रत्न' सम्मान आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** वंदे मातरम ज्ञान निधि संस्थान द्वारा 37वीं वर्ष बिहारश्री रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बिहार नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह ने किया। साथ ही चेतना समिति के नवअध्यक्ष विवेकानंद झा मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान थे। सभी अतिथियों का स्वागत रवि रंजन ने किया। साथ ही अध्यक्ष कला प्रेमी विश्व मोहन चौधरी 'सन्त' के द्वारा उद्घाटनकर्ता अरविंद कुमार उर्फ छोटू सिंह एवं निर्वाचित अध्यक्ष विवेकानंद झा को शॉल से सम्मानित किया और अभिनंदन किया। कार्यक्रम संयोजक आलोक चोपड़ा के नेतृत्व में सावन पर आधारित गीत, नाद एवं नृत्य भी किया गया जिसमें भाग लेने वाले कलाकार थे उमेश कुमार, विनोद पंडित, मंजू कुमारी, ईशा कुमारी, तृषा, इंदु कुमारी, गीता, अनुष्का आदि प्रमुख थी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच में सुनीता रंजन के सावन पर आधारित गीत कविता भी स्तरीय रहा। कार्यक्रम संयोजक आलोक चोपड़ा ने 'बम बम भोले' पर अपना गायन कर दर्शकों के बीच पर अमित छाप छोड़ी। अतिथियों के हाथों दीपेंद्र झा माधव को ज्योतिषाचार्य विधा, सनी कुमारी नृत्य प्रशिक्षण, विकास कुमार वादन एवं लोक गायन, प्रिंसिपल अनिल रश्मि को शिक्षा एवं गायन, प्रेम कुमार कथक नृत्य, दीप वाला जो मुजफ्फरपुर से आई थी। भजन गायिका के रूप में सम्मानित किया गया।

CMYK

# जिला जज एवं डीएम ने किया दत्तकग्रहण संस्थान का निरीक्षण

## आवासित बच्चों को आहार तालिका के अनुसार भोजन दिए जाने को किया निर्देशित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रोहतास अनुज कुमार जैन एवं जिलाधिकारी उदिता सिंह तथा जिला निरीक्षण समिति के सभी सदस्यों द्वारा पर्यवेक्षण गृह, सासाराम एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान रोहतास, सासाराम का औचक निरीक्षण किया। सभी अधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण गृह रोहतास एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान रोहतास में आवासित बच्चों के आवासन, खानपान, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा व विभिन्न क्रियाकलापों की जांच की गई। उन्होंने पर्यवेक्षण गृह एवं विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान रोहतास में आवासित शिशुओं से संबंधित जानकारी ली गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिलाधिकारी द्वारा संस्थान में आवासित बच्चों के ससमय टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, आहार तालिका के अनुसार भोजन दिए जाने एवं बच्चों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान विकास कुमार, नगर आयुक्त सासाराम, अमित कुमार पाण्डेय प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय परिषद, रोहतास एवं समिति के सदस्य डॉ मणिराज रंजन, सिविल सर्जन रोहतास, मदन राय, जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास, विनीता कुमारी, वरीय उप समाहर्ता -सह- सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई रोहतास, श्वेता कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक रोहतास, आशीष रंजन, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र रोहतास, तेजबली सिंह, सदस्य, किशोर न्याय परिषद रोहतास, विक्रमादित्य पाल, बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई रोहतास आदि उपस्थित थे।

# कैमूर पहुंचे मुख्य सचिव ने जाना कानून व्यवस्था व विकास योजनाओं का हाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिला को बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा का एकदिवसीय दौरा प्राप्त हुआ। उनके आगमन पर सर्किट हाउस, भभुआ में उन्हें विधिवत गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर परंपरागत अधौरा क्षेत्र की आदिवासी नृत्य मंडली द्वारा उनका स्वागत किया गया। मुख्य सचिव ने बालिकाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति की सराहना करते हुए नृत्य मंडली की प्रतिभा और जीवंतता को प्रशंसनीय बताया। मुख्य सचिव ने नृत्य मंडली की बालिकाओं से संवाद करते हुए उनके शिक्षा और जीवन की स्थिति की जानकारी ली। एक कलाकार द्वारा अधौरा क्षेत्र में बिजली और पानी की समस्या की बात उठाए जाने पर मुख्य सचिव ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री द्वारा 'प्रगति यात्रा' के दौरान अधौरा क्षेत्र के समग्र विकास हेतु कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है जो शीघ्र ही धरातल पर उतरेंगी। इसके उपरांत सर्किट हाउस में जिलाधिकारी सुनील कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला के साथ मुख्य सचिव ने कानून-व्यवस्था, मद्य निषेध, भूमि अधिग्रहण तथा अन्य विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिले में विधि-व्यवस्था हर हाल में सुदृढ़ रहनी चाहिए। सभी एंट्री और एग्जिट प्वाइंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन को विशेष रूप से मादक पदार्थों के विरुद्ध सघन कार्रवाई करने और मद्य निषेध के अनुपालन में कोई कोताही न बरतने का निर्देश दिया।

# बिहार में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन भंगी समाज के लिए ऐतिहासिक कदम : मोहन राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के संरक्षक व डॉ अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त 'पत्रकार' मोहन राम ने कहा कि वर्षों के अथक प्रयास के बाद बिहार में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की घोषणा यह भंगी समाज के लिए ऐतिहासिक कदम कहा जायेगा। ऐसे प्रशंसनीय कार्य के लिए सूबे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मेहतर सेवा संघ बिहार के सम्मानित पदाधिकारियों की ओर से कोटि कोटि बधाई व हार्दिक शुभ कामनाएं। संघ संरक्षक मोहन राम ने शुभकामना 'नवबिहार टाइम्स' तथा रोहतास, कैमूर एवं भोजपुर के तमाम मीडिया कर्मी बधुओं को दिया है जिन्होंने लाखों बिहार के बदहाल एवं समाज के सबसे निचले पैदान से आने वाले डोम, मेहतर, बाल्मीकि एवं बांसफोर के विकास हित में राज्य सफाई कर्म चारी आयोग के गठन हेतु समाचार पत्रों में प्रकाशित कर इस मुकाम तक पहुंचाने का मिशाल पेश किये। संघ के तमाम पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने संघ के नेतृत्व में अनेकों बार सभा के द्वारा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की मांग गरीबों के मसीहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से किया जाता रहा। श्री राम ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से यह अपील किया है कि इस 'राज्य सफाई कर्मचारी आयोग' में भंगी समाज के प्रतिनिधि को ही आयोग में प्रतिनिधित्व दिया जाय, गैर भंगी नहीं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किये गये प्रशंसनीय कार्य के लिए संघ के पदाधिकारियों जैसे - राजकुमार राउत मधेपुरा, अधिवक्ता रवि कुमार, शशि जिलाध्यक्ष रोहतास, वीर बसंत लाल, रमेश राम, नीलम कुमारी, मंजू देवी, प्रिय रंजन रावत, विनोद कुमार, संतोष रावत, सुधीर राउत जिलाध्यक्ष भोजपुर, अशोक रावत महासचिव, राम कवल राम, टुन टुन रावत, उमेश रावत जिलाध्यक्ष बक्सर, धर्मेंद्र राम, उमाशंकर राम, चंदन कुमार, मुन्ना रावत अरवल, योगेंद्र रावत पूर्व मुखिया नौनेर, लक्ष्मुमन राम, अशोक राम,(औरंगाबाद) विनोद रावत(गया) मुकेश रावत पूर्व प्रमुख, रवि कुमार पूर्व मुखिया, अशोक राम (कोचस) गोपाल अंबेडकर, अशोक राम, बिरेंद्र राम, महेंद्र रावत, प्रमोद राम, (डालमिया नगर) मदन राम, चंदन कुमार (कैमूर) एवं दिलीप राउत मुंगेर ने मुख्यमंत्री को बधाई दी।

## नवनिर्वाचित बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह का व्यवसायी करेंगे स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** कोल परिवहन सेवा संघ के अध्यक्ष रवींद्र नाथ सिंह ने रविवार को प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी साझा किया कि नवनिर्वाचित बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह का सोमवार को संघ कार्यालय में व्यवसायी के द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में स्वागत किया जाएगा।

# नाग पंचमी पूजा मेला की तैयारी पूर्ण

## हर बक्स बाबा के मंदिर में मेले के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरिहट (रोहतास)।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित अर्जुन बिगहा गांव में हर वर्ष लगने वाले नाग पंचमी मेले की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विदित हो कि इस क्षेत्र में दूर-दूर से लोग नाग पंचमी के दिन नाग बाबा के मंदिर में आते हैं और दूध लावा चढ़ाते हैं। वैसे तो हर सोमवार को यहां पर भीड़ होती है और प्रति सोमवार के दिन श्रद्धालु दूध चढ़ाते हैं। ऐसे माना जाता है कि इस मंदिर में आने से शारीरिक कष्ट रोग दुख दूर होते हैं। पूजा कमेटी के अध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सोमवार को श्रद्धालु सावन के अंतिम सोमवारी होने के कारण पूजा करेंगे वही मंगलवार के दिन नाग पंचमी पर्व होने पर लाखों की भीड़ होगी जिसको लेकर सभी तरह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने बताया कि एक बाल ब्रह्मचारी महात्मा लगभग डेढ़ महीने से इस मंदिर के परिसर में मौन धारण कर साधना किए हुए हैं जो 30 तारीख को यानी कि बुधवार के दिन उनकी साधना समाप्त होगी उस दिन भी इस परिसर में भीड़भाड़ रहेगी। सामाजिक कार्यकर्ता सह उप प्रमुख प्रतिनिधि अजीत कुमार ने बताया कि नाग पंचमी के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस साल भी मेले का आयोजन है, परंतु इस बार 3 दिन तक मेले लगेंगे। इस मेले में चरखा, जहाज, डिस्को डांसर, नाव आदि मनोरंजन की व्यवस्थाएं की गई है। सोमवार के दिन से मेले की शुरुआत हो जाएगी। वही मंगलवार और बुधवार तक मेले का आयोजन होगा। नाग पंचमी के दिन संस्कृति कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील किया कि शांति और सुरक्षा के साथ मेले में आएं। आयरकोठा थाना अध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि मेले को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# ऋतिक कुमार के जन्मदिन पर प्रेरणादायक सेवा कार्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** ग्राम ढेलाबाद नावाडीह, रोहतास निवासी राकेश कुमार ने अपने पुत्र ऋतिक कुमार (उम्र 5 वर्ष) के जन्मदिन के अवसर को एक अनोखे और प्रेरणादायक रूप में मनाया। उन्होंने अपनी पुत्री पूजा कुमारी (उम्र 3 वर्ष) के साथ मिलकर तिलौथू व रामडीहरा स्थित निःशुल्क पाठशाला में अध्ययनरत सैकड़ों बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री, फल और चॉकलेट का वितरण किया। इस अवसर पर उपस्थित बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई और राकेश कुमार के इस नेक कार्य से सभी लोग प्रेरित हुए। उन्होंने यह संदेश भी दिया कि बच्चों के जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर सेवा और समाज कल्याण का माध्यम भी बनाया जा सकता है। पाठशाला के संचालक सत्यानंद कुमार ने बताया कि ऐसे सराहनीय प्रयास समाज में सकारात्मक सोच और संवेदना को मजबूत करते हैं।

# आयरकोठा पुलिस पासवान पर ही क्यों कर रही प्रहार : ददन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** आयरकोठा थाना क्षेत्र के मैडिहा गांव में बीते दिनों हुई चोरी में गांव के ही एक युवक को पुलिस ने शनिवार को पूछताछ हेतु थाना लाईं जहां घंटों युवक से पूछताछ किया, लेकिन युवक ने कुछ नहीं बताया। युवक से पुलिस दुर्व्यवहार करने के आरोप में ग्रामीण आक्रोशित नजर आए। वहीं पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीण नाराज दिखे और रविवार को दर्जनों की संख्या में महिला-पुरुष थाना पर आकर मौजूद अधिकारियों की क्लास लगा दी। कहा कि बिना किसी सबूत को कोई व्यक्ति को थाना लाया जा सकता है और उसकी पिटाई की जा सकती है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक घुरफेखन पासवान के पुत्र रूदल राम बताया जाता है। वहीं रूदल पासवान ने 'नवबिहार टाइम्स'



संवाददाता से बातचीत करते हुए बताया कि पुलिस शनिवार की अहले सुबह करीब 4 बजे मेरे घर पहुंची जहां मैं सो रहा था। वहां से पुलिस मुझे जबरदस्ती थाना ले आई। मैं पूछते रह गया। मेरा जुर्म क्या है? मैं क्या किया हूं, लेकिन उस दौरान मौजूद पदाधिकारी मुझे कुछ भी नहीं बताया और थाना में लाकर एक कमरे में बैठा दिया गया। उन्होंने बताया कि एएसआई ज्वाला कुमार नामक व्यक्ति ने मुझसे पूछा कि तुम अमित उपाध्यक्ष के घर में चोरी किया है कि नहीं। मैंने इस बात पर जब इनकार किया तो मौके पर थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ताबड़तोड़ थप्पड़ कान के नीचे जड़ दिया जिससे मुझे कुछ देर कुछ सुनाई तक नहीं दिया। आज भी मुझे कान से कुछ कम सुनाई दे रहा है। वही पुलिस ने उसी रात करीब 8 बजे उसके भाई पवन को लाने मौडिहा गांव पहुंची जहां लोग पुलिस के इस निशानदेह कार्रवाई पर भड़क उठे और हो हल्ला मचा दिया। पुलिस को बैरंग वापस लौटना पड़ा। आक्रोशितों का कहना था कि पुलिस केवल पासवान जाति पर ही क्यों प्रहार कर रहा है। मुखिया व सरपंच के समझाने-बुझाने पर आक्रोश महिला पुरुष थाना से वापस कर पहुंचे।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी**

विगत एक माह पूर्व मौडिहा गांव में चोरी की घटना हुई थी जिसके निशानदेही पर तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। मारने पीटने की बात झूठा है। पुलिस हमेशा निशानदेही पर काम करती है। चोरी की घटना की सीसीटीवी फुटेज भी रखा गया है। थाना लाये गए युवकों पर पूर्व से लांछन लगे हैं। दरिहट के एक व्यक्ति की ट्रैक्टर की चोरी हुई थी जहां बरामद कर उसे सौंपा गया था। उस दौरान भी मौडिहा गांव के लोगों पर आरोप था।

# लोक शिकायत निवारण में प्राप्त आवेदनों पर जिलाधिकारी ने की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण अन्तर्गत प्राप्त तीन अपील आवेदनों पर जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में जिला पंचायत राज पदाधिकारी रोहतास, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल सासाराम उपस्थित रहे। दो अपीलार्थी सुनवाई के क्रम में उपस्थित नहीं हुए। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गयी तथा उपस्थित पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान लक्ष्मी नारायण पाण्डेय एवं सुजीत प्रकाश के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। पंकज कुमार सिन्हा के मामलें में लोक प्राधिकार को निर्देश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को स्वयं जांच कर अनुपालन की कार्रवाई करते हुए प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें। साथ ही लोक प्राधिकार को परिवादों के निस्तारण हेतु कई निर्देश दिये गये।

# कांवरियों का जत्था दरिहट से देवघर के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट से बाबा धाम देवघर के लिए सैकड़ों कांवरियों का जत्था रविवार को रवाना हुआ। सभी कांवरिया शिव के रंग में मग्न होकर गेरूआ वस्त्र धारण कर गांव के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करते हुए दो बस में सवार होकर रवाना हुए। वहीं स्थानीय निवासी अमित कुमार सिंह व चंदन कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष दरिहट से बाबा धाम देवघर के लिए दो बस खोला जाता है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा होती है। श्रद्धालु उचित भाड़ा देते हैं। उस भाड़े में सभी श्रद्धालुओं को समयानुसार नास्ता, खाना व पानी की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने ने बताया कि कांवरियों की जत्था सोमवार को सुल्तानगंज पहुंचेगी जहां श्रद्धालु गंगा के पवित्र जल में स्नान करेंगे। इसके बाद जल लेकर रावणेश्वर बैधनाथ धाम देवघर के लिए श्रद्धालु पैदल यात्रा करेंगे जिन श्रद्धालुओं को पैदल यात्रा करने में कठिनाई होती है उन्हें बस से देवघर यात्रा कराई जाती है। बैद्यनाथ धाम जलाभिषेक करने के बाद सभी श्रद्धालुओं को बासुकीनाथ मंदिर जलाभिषेक कराते हैं। इसके बाद रजरप्पा, राजगीर व बोधगया घुमते हुए पुनः वापस अपने गांव दरिहट पहुंचते हैं।

# थाना प्रभारी ने चौकीदार परेड का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** बेलाव थाना परिसर में रविवार को थाना प्रभारी अनीश कुमार द्वारा चौकीदार परेड का निरीक्षण किया गया। चौकीदार परेड निरीक्षण करने के क्रम में चौकीदारों की वर्दी, उपस्थिति रजिस्टर एवं ड्यूटी आचरण की भी समीक्षा की। साथ ही चौकीदारों को निर्देश दिया कि अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में फरारियों, दागियों तथा स्थायी वारंटियों की जानकारी रखने तथा इसकी जानकारी थाने में देने की बात कही। साथ ही क्षेत्र में अवैध धंधों पर निगरानी रखने एवं थाने में सूचना देने, अवैध शराब निर्माण पर नजर रखने तथा जानकारी मिलने पर अविलंब थाने में सूचना देने का कार्य करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने चौकीदारों को अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में अपने दायित्व एवं कार्य का निर्वहन निष्ठापूर्वक करने का निर्देश दिया। ताकि थाना क्षेत्र में शांति व विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को सहूलियत हो सके। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि चौकीदार ग्रामीण स्तर पर पुलिस की सबसे अहम कड़ी होते हैं। इनकी सूचना से ही अपराध नियंत्रण संभव होता है। इस मौके पर एसएचओ के साथ अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# यौनशोषण मामले में तीन सगे भाइयों पर मुकदमा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय थाने में शनिवार को एक महिला ने यौनशोषण मामले में गांव के तीन सगे भाइयों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही थानाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला बारून थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी मुशर्रफ की 34 वर्षीय पत्नी शबाना खातून ने अपने लिखित आवेदन देकर थानाध्यक्ष को आपबीती सुनाई। बताई कि मेरा पति दुबई में काम करते हैं, पति के दुबई जाने के बाद मैं अपने ससुराल बारून थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में रहती थी। गांव के ही खुर्शीद के 28 वर्षीय पुत्र इमरान जबरदस्ती मेरे घर में घुसकर रिवाल्वर दिखाकर मुझसे शारीरिक संबंध बनाता था। उससे तंग आकर मैं अकोढ़ीगोला में अपना किराया के मकान में रह रही हूं और वही जमीन लेकर घर बनवा रही हूं। यहां भी वह लड़का आकर जबरदस्ती अवैध रिवाल्वर दिखाकर मुझे निर्वस्त्र कर गलत संबंध बनाता है और रूपए भी मांगता रहता है जब मैं विरोध करती तो कहता था कि तुम्हारे बेटा और बेटी को उठा लूंगा और जान मार कर फेंक दूंगा। तुम्हारे पति जब आएंगे तो उसे भी जान से मारकर फेंक दूंगा। इसी डर से मैं कभी किसी बात को किसी से नहीं बताती थी और उसी का फायदा उठाकर वह लड़का मुझे हमेशा शारीरिक संबंध बनाता रहा। मैं आजीज होकर अपने पति को बताते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई हूं। पीड़िता ने बताई कि इमरान का छोटा भाई शेरु व बैजू भी मुझसे शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास हमेशा करते रहता था। इमरान धमकाता रहता है कि तुम मेरे एवं दोनों भाइयों से शारीरिक संबंध नहीं बनाएगी तो तुझे जान से मार देंगे। वही 14 जुलाई 2025 को रात्रि करीब 10 बजे इमरान पिस्तौल दिखाकर मुझसे रात में संबंध बनाया और मेरा दो भर का सोने का चैन करीब दो लाख रुपए एवं कान का बाली झुमका करीब डेढ़ लाख और नगद दो लाख रूपए लेकर भाग गया।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के पावर हाउस के पास से सोमवार को पुलिस ने छापेमारी कर अवैध बालू लदा एक ओवरलोड ट्रैक्टर जब्त किया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक को भी मौके से गिरफ्तार किया गया।

# नहाने के दौरान 14 वर्ष के बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के दुर्गावती जलाशय परियोजना में दोस्तों के साथ स्नान करने के दौरान सुनील शर्मा के 14 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार की मौत हो गई जो शिवसागर थाना क्षेत्र के किरहिंडी गांव का रहने वाला था वह अपने फूफा रामप्यारे शर्मा ग्राम हट्टा थाना चेनारी में रहकर पढ़ाई करता था। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि 14 वर्षीय बालक की मौत हो गई है।

# 24 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 24 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, चोरी, विविध, शराब तस्कर व वारंटी शामिल है।

# प्राइवेट स्कूल एवं राष्ट्ररत्न एसोसिएशन ने की कमेटी गठन को लेकर बैठक

## विद्यालय संचालकों ने संगठन के साथ मिलकर कार्य करने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** प्राइवेट स्कूल्स एंड राष्ट्ररत्न एसोसिएशन द्वारा तिलौथू प्रखंड में निजी विद्यालयों के बीच समन्वय, समस्याओं के समाधान और समान अधिकारों के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया। बैठक इंद्रपुरी चौक स्थित जे.डी.एस. पब्लिक स्कूल के सभागार में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता सरस्वती शिशु केंद्र जयनगरा के संचालक उमेश शुक्ला ने की। बैठक की शुरुआत में जे.डी.एस. पब्लिक स्कूल के संचालक विजय सिंह ने सभी अतिथि विद्यालय संचालकों का पारंपरिक अंग वस्त्र से सम्मान किया। इसके पश्चात डी.पी.एस. स्कूल के संचालक समरेन्द्र कुमार समीर ने एसोसिएशन के उद्देश्य और भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले के



सभी प्राइवेट स्कूलों को एकजुट कर समान अधिकार सुनिश्चित कराना ही इस संगठन का मुख्य लक्ष्य होगा। जिलाध्यक्ष अरविंद भारती ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी विभागीय कार्य में कोई अड़चन आती है तो सभी स्कूल मिलकर उसका सामूहिक समाधान निकालेंगे। सभी संचालकों ने इस बात पर सहमति जताई कि वे संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। अध्यक्ष उमेश शुक्ला ने 'संघे शक्ति कलियुगे' कहावत का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व में कई संगठन बने, लेकिन वे विद्यालयों की समस्याओं को दूर करने में निष्क्रिय रहे। उन्होंने आशा जताई कि राष्ट्ररत्न एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष मधेश्वर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार, आनंद सिंह, समरेन्द्र समीर और प्रशांत कुमार के सशक्त नेतृत्व में संगठन अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा करेगा। आयुष मेमोरियल स्कूल के संचालक दीपक कुमार ने भी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जब नेतृत्व सशक्त होता है तो संगठन स्वतः ही मजबूत हो जाता है। बैठक के अंत में उपस्थित सभी विद्यालय संचालकों की सहमति से प्रखंड स्तरीय कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया। इसकी औपचारिक घोषणा आगामी दिनों में प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से जी.एल. एकेडमी के संचालक संजय कुमार, जी.एन.पी.एस. स्कूल के हरि प्रपन्न शर्मा, गोल किड्स के सुनील पांडेय, ऑक्सफोर्ड स्कूल के करुणा कुमार, सरस्वती ज्ञान मंदिर के मनोज सिंह, आइडियल पब्लिक स्कूल के विकास कुमार, वी.एस. पब्लिक स्कूल के कुमार रोहित, गुरुकुल इंग्लिश स्कूल के धीरज प्रताप, प्रभा एकेडमी के शशि रंजन और जीवन उत्सव स्कूल के मिथिलेश कुमार शामिल हुए। बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी संचालकों ने संगठन को पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया।


## S.D.S. College, Kaler

**Arwal, Bihar. 824127**

**INVITING SHORT TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| SI No | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Class Room 1st Floor Computer Lab Building | 49,42,300=00 | 6 Months | 10,000=00 | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**

a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 28-07-25 to 06-08-2025.
b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 14-08-2025.
c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract:-**

1 D.D Should be made in the favor of Principal, S.D.S. College, Kaler, Arwal.
2 Tender is open only to the eligible and experienced contractors/ firms of Appropriate Class Registered with University.
3 The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.
4 Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal**
**S.D.S. College, Kaler, Arwal, Bihar.**

# गोड्डा-अजमेर ट्रेन को सांसद ने हरी झंडी दिखा किया रवाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा रेलवे स्टेशन पर गोड्डा-अजमेर एक्सप्रेस का सांसद विवेक ठाकुर ने स्वागत कर उसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विवेक ठाकुर ने कहा कि यह ट्रेन नवादा लोकसभा क्षेत्र के शेखपुरा और तिलैया में ठहरेगी, जो कि क्षेत्र के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह ट्रेन गोड्डा, देवघर (बाबा बैजनाथ धाम), प्रयागराज, कानपुर, अजमेर सहित खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए भी यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगी और उन स्टेशनों पर रुकेगी। अब नवादा से तीर्थ, रोजगार, व्यापार और शिक्षा के केंद्रों तक सीधा रेल संपर्क स्थापित होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि सांसद विवेक ठाकुर ने नवादा को विकसित नवादा के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रहे यहां के लोगो मे भी कई राज्य को जोड़ने वाली रेल मिलने से काफी हर्ष का महौल देखा जा रहा। जदयू जिलाध्यक्ष ने कहा ये डबल इंजन की सरकार के कारण संभव हो रहा जिस तरह से कई रेल की शुरुआत हो रही इससे आने वाले समय मे एनडीए के प्रति लोगो का अटूट समर्थन देखा जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद चून्नू, महामंत्री अरविन्द गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद भोली, मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, वरिष्ठ नेता मुकेश दिनकर,अजित यादव, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो एवं अन्य उपस्थित थे ।

# मन की बात में गूंजा नालंदा के नेपुरा का हैंडलूम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में नालंदा जिले के नेपुरा गांव के बुनकर नवीन कुमार का जिक्र किया। पीएम मोदी ने नवीन की मेहनत और परंपरा के साथ तकनीक को अपनाने की उनकी पहल को सराहा। इस घोषणा के बाद गांव में खुशी का माहौल है और बुनकर समाज में एक नई ऊर्ज़ा का संचार हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि नवीन का परिवार पीढ़ियों से बुनाई के कार्य से जुड़ा है और अब उन्होंने आधुनिक तकनीक का उपयोग कर इस कला को और आगे बढ़ाया है। इस प्रशंसा को सुनने के बाद नवीन की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा, पहली बार हमें लगा कि कोई हमारी बात सुन रहा है। उम्मीद है कि अब हमारी समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा। नवीन कुमार, जो कि नेपुरा प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति के सचिव भी हैं, बताते हैं कि पहले काम पारंपरिक पिटलूम पर होता था, जिसमें जमीन में गड्ढा खोदकर करघा लगाया जाता था। लेकिन अब वस्त्र मंत्रालय की पहल से उन्हें आधुनिक फ्रेम लूम मिले हैं, जो ज्यादा सुविधाजनक और कम जगह में लगाए जा सकते हैं। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि नवीन के बच्चे अब हैंडलूम टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर रहे हैं और बड़े ब्रांड्स के साथ काम कर रहे हैं। नवीन के अनुसार, बुनकर कोटे के तहत कई बच्चे एनआईएफटी जैसे संस्थानों में प्रवेश पा रहे हैं, जिससे यह कला नई पीढ़ी में भी जीवित रहेगी।

## एक नजर

### बैठक में अभिभावकों को दिए गए पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी की गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिण्डपडवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना सहित अन्य विद्यालयों में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसी परिप्रेक्ष्य में उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलो में प्रभारी प्रधानाध्यापक कृपा शंकर पांडेय ने अभिभावकों को पौधे दिए। अभिभावकों से ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराया गया। इस दौरान बच्चों के कौशल से अभिभावकों को अवगत कराया गया। अभिभावकों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता आदि का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सतीश रंजन ,कुमारी रंजु अभिभावक चमचम देवी, मुन्नी देवी, जुली देवी, सीमा देवी, श्रवण कुमार, अविनाश कुमार, रूपेश राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रधान शिक्षकों के बीच टेबलेट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखंड संसाधन केंद्र कौआकोल में शिक्षा विभाग के निर्देश पर शनिवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के बीच टेबलेट का वितरण किया गया। प्रभारी बीइओ सह प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी अजित कुमार ने खुद अपने हाथों से इंटर विद्यालय कौआकोल के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा, आदर्श मध्य विद्यालय लालपुर के प्रमोद कुमार सहित अन्य प्रधान शिक्षक को टेबलेट सौंपे। इस अवसर पर बीईओ ने कहा कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह टेबलेट वितरित किए जा रहे हैं। अब प्रधानाध्यापक विद्यालय संचालन,छात्र उपस्थिति,मूल्यांकन एवं विभागीय रिपोर्टिंग को अधिक सुलभ और प्रभावी रूप से समय से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से शिक्षा व्यवस्था को तकनीकी रूप से सशक्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। टेबलेट से स्कूलों के कार्यों में पारदर्शिता आएगी और शिक्षकों का कार्य भी आसान होगा। प्रधानाध्यापकों ने टेबलेट पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे स्कूल संचालन में सहायक बताया।

### शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के इंटर विद्यालय कौआकोल में शनिवार को शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित कर शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा ने बताया कि बैठक में सबसे पहले आए हुए सभी अभिभावकों का स्वागत किया गया। तथा उन्हें बैठक की महत्ता समझाते हुए बताया गया कि छात्रों के समग्र विकास के लिए आपस में बैठक आवश्यक है। जिससे शिक्षक एवं अभिभावक एक साथ मिलकर छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सके। वहीं अभिभावक से आग्रह किया कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें।

### ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड के ओड़ो गांव में कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। यह ट्रांसफार्मर वार्ड संख्या आठ में है। जो बस्ती बिगहा सैदपुर सड़क मार्ग में गांव के पईन किनारे है। ग्रामीणों ने कहा इस ट्रांसफार्मर में दो फ़ेज में करंट प्रवाहित हो रहा है। जिससे बल्ब जल रहा है। लेकिन मोटर नहीं चालू होने से पम्प सेट से पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में खेतों में सिंचाई हो पाना मुश्किल हो रहा है। अभी धान की रोपनी चल रहा है। पानी के अभाव में रोपनी कार्य भी प्रवाहित होने का आशंका है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की मरम्मती की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

### कौआकोल में भाजपा की कार्यशाला आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा अवस्थित राजेन्द्र भवन में रविवार को भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर, रोह एवं कौआकोल प्रखण्ड के सभी मण्डल के अध्यक्षों सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यशाला में आगामी, विधानसभा चुनाव की तैयारी, बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त करने पर जोर दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए हर बूथ को सशक्त करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि हर बूथ तभी मजबूत हो सकेगा,जब इसके लिए हर कार्यकर्ता को समर्पण और संगठनात्मक अनुशासन के साथ एकजुट होंगे। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार ने विकास की नई इबारत लिखी है। जिसके बदौलत बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बननी तय है। मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शहर और आसपास के क्षेत्रों में शनिवार की देर शाम दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जिससे संबंधित गांवों में मातम का माहौल है।


पहली घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के पावा गांव के समीप घटी, जहां तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार 27 वर्षीय विमल कुमार की मौत हो गई। मृतक की पहचान स्व. सुरेंद्र प्रसाद के पुत्र के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, विमल किसी पारिवारिक कार्य से बाजार जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। हादसे में गंभीर रूप से घायल विमल को आनन-फानन में पावापुरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दीपनगर थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। दूसरी घटना चंडी थाना क्षेत्र के गिलानीचक गांव की है, जहां 30 वर्षीय अजय मांझी, पिता स्व. केदार मांझी, की नदी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, शनिवार की शाम अजय स्नान के लिए गांव के समीप बह रही नदी में गया था, लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। नदी किनारे उसका गमछा मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तलाश की गई, जिसमें कुछ देर बाद नदी से अजय का शव बरामद हुआ।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतियाना के भवन की छत टूटी, छात्र-छात्राओं में दहशत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड के छतियाना गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के जर्जर भवन की हालत शनिवार को और भयावह हो गई, जब सुबह ग्यारह बजे अचानक बरामदे की छत टूटकर गिरने लगी। यह घटना उस समय हुई जब स्कूल में पढ़ाई चल रही थी। छत टूटने की आवाज और मलबे के गिरने से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों में अफरा-तफरी और भय का माहौल उत्पन्न हो गया। प्रधानाध्यापिका उषा कुमारी ने बताया कि स्कूल भवन दशकों पुराना है और अत्यधिक जर्जर हो चुका है। तीन कमरों वाले इस भवन में एक को कार्यालय के रूप में उपयोग किया जाता है, जबकि दूसरे में कक्षा चार के बच्चों की पढ़ाई होती है। तीसरा कमरा पहले से ही क्षतिग्रस्त है और उपयोग में नहीं लाया जाता।

# साथी को खोने का दर्द हमेशा रहेगा : सीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** एकंगरसराय में रविवार का दिन भावुक कर देने वाला रहा। यहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पुराने मित्र और पूर्व विधायक स्व. राजीव रंजन की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर के कोल्ड स्टोरेज परिसर में आयोजित इस प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में नेता, जनप्रतिनिधि और समर्थक उमड़ पड़े। मुख्यमंत्री जब राजीव रंजन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर रहे थे, उस दौरान माहौल बेहद गमगीन हो गया। श्रद्धांजलि देने के बाद वे दिवंगत नेता की पत्नी मंजू सिन्हा, पुत्र रुहैल रंजन और पुत्रवधू अर्पणा राठी से मिले और उन्हें सांत्वना दी। सीएम नीतीश ने भावुक स्वर में कहा राजीव जी सिर्फ मेरे राजनीतिक साथी नहीं, बल्कि एक अभिन्न मित्र थे। हमने वर्षों तक कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। वे जितने अच्छे नेता थे, उतने ही संवेदनशील इंसान भी। उनका जाना मेरे लिए सिर्फ राजनीतिक क्षति नहीं, बल्कि निजी जीवन का सबसे बड़ा नुकसान है। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवानंद तिवारी, सासद कौशलेंन्द्र कुमार, विधायक जितेंन्द्र कुमार, कृष्ण मुरारी उर्फ प्रेम मुखिया, पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद, उषा सिन्हा, एमएलसी रीना यादव, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव ई सुनील कुमार, जदयू युवा नेता कौशल यादव, जदयू उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव राजीव रंजन पटेल, झारखंड के विधायक सरयू राय सहित कई दिग्गज नेताओं ने दी श्रद्धांजलि दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, अनुमंलाधिकारी अमीत कुमार पटेल, डीएसपी गोपाल कृष्ण, डीसीएलआर रश्मि कुमारी, बीडीओ प्रशांत कुमार, सीओ विवेक कुमार समेत अनेक प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# नदी में डूबने से अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के करना पंचायत अंतर्गत करना गांव के समीप रविवार सुबह तिलैया नदी के पुल के पास एक अधेड़ मजदूर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सैदपुर मिल्की गांव निवासी स्व. वालेश्वर मांझी के 51 वर्षीय पुत्र रामवृक्ष मांझी के रूप में की गई है।

घटना की सूचना मिलते ही नारदीगंज एवं हिसुआ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। चूंकि यह क्षेत्र दोनों थानों की सीमा पर स्थित है, इसलिए संयुक्त रूप से छानबीन की गई। नारदीगंज थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा।

मृतक की पत्नी सुनैना देवी ने नारदीगंज थाना में दिए गए आवेदन में बताया है कि उनके पति की मौत नदी में डूबने से हुई है और इसमें किसी की संलिप्तता नहीं है। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को उनके पति किसी ग्रामीण की मोरी (नाली) उखाड़ने गए थे, जहां उन्हें दो बार चक्कर आया और वे बेहोश होकर गिर पड़े थे। इसके बाद 26 जुलाई को वे दोपहर करीब 3 बजे शौच के लिए नदी की ओर गए और देर शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद 27 जुलाई की सुबह सूचना मिली कि नदी के पास एक अज्ञात शव देखा गया है। सूचना पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और शव की पहचान रामवृक्ष मांझी के रूप में की गई। शव मिलने की खबर से गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक की पत्नी, पुत्र शंकर मांझी और पुत्री बिंदु कुमारी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है।

# डिग्री कॉलेज खोलने की उठी मांग, कुलपति ने दिया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रविवार को नालंदा जिले के तेल्हाड़ा दुर्गा स्थान प्रांगण में पाटलिपुत्रा विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति डॉ. उपेन्द्र प्रसाद सिंह का भव्य नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। तेल्हाड़ा निवासी होने के कारण स्थानीय लोगों और बाजारवासियों ने इस उपलब्धि पर गौरव व्यक्त करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षाविद और समाजसेवियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कुलपति डॉ. सिंह की संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं पैक्स अध्यक्ष रामकुमार बोकाड़िया ने तेल्हाड़ा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की मांग रखी, जिसे ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिला। इस पर कुलपति डॉ. सिंह ने आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करेंगे।

समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने की और संचालन अशोक कुमार मेहता ने किया। डॉ. प्रसाद ने कहा कि डॉ. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कठिन संघर्षों के बाद यह ऊंचा मुकाम हासिल किया है, जिससे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश दामोदर प्रसाद, डॉ. अजय कुमार मानव, वरिष्ठ उद्घोषक रामकुमार प्रसाद, पूर्व मुखिया अवधेश गुप्ता, वर्तमान मुखिया प्रतिमा देवी, बिजली विभाग के अधिकारी बिधुत कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मी प्रसाद, डॉ. कृष्णानंदन प्रसाद मेहता, ई. रबि रौशन, सुधीर सिंह एवं शिक्षक अजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पटना में होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददात**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित डाकबंगला परिसर में नंदवंशी संघ की बैठक हुई। बैठक में भारत रत्न कर्पूरी कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाने की मांग की गई। पकरीबरावां को पूर्ण अनुमंडल बनाये जाने की मांग की गई। कहा गया कि वर्षों पूर्व पकरीबरावां को पुलिस अनुमंडल का दर्जा मिला है, पर इसे पूर्ण अनुमंडल नहीं बनाया गया है। पकरीबरावां में बिजली की समस्या को दूर करने की मांग की गई। 2 अगस्त को पटना में होने वाले सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार शर्मा ने की। इस अवसर अर्जुन ठाकुर, कारू ठाकुर, गणेश शर्मा, सुधीर शर्मा, देवनंदन शर्मा, शिव शंकर कुमार, नरेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# बस, कार और बाइक से देशी-विदेशी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**झारखंड सीमा पर चितरकोली जांच चौकी पर चला सघन जांच अभियान, उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रजौली (नवादा)।** राज्य में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद शराब की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग ने चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर सघन जांच अभियान चलाकर देशी-विदेशी शराब से लदी एक कार, एक बस और एक बाइक से शराब बरामद की है। इस दौरान दो आरोपितों को गिरफ्तार भी किया गया है, जबकि एक तस्कर भागने में सफल रहा।

उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड की ओर से आने वाले वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। जांच का नेतृत्व उत्पाद एसआई न्यूटन कर रहे हैं। अभियान के दौरान जीवन ज्योति बस में सफर कर रहे नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र अंतर्गत राजोपुर गांव निवासी एक युवक के पास से रॉयल चैलेंज ब्रांड की दो बोतल शराब बरामद की गई, जिनमें एक बोतल में 650 एमएल शराब मौजूद था। वहीं, बोकारो से पटना जा रही एक कार की जांच के दौरान 6 बोतल बीयर और 2 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में कार चालक पटना के कंकड़बाग निवासी याशोवर्धन ओझा के पुत्र अक्षर ओझा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह यह शराब खुद के सेवन के लिए ले जा रहा था। इसके अलावा, धर्मपुर मोड़ के पास एक होंडा शाइन बाइक पर लदे 120 लीटर चुलाई शराब को जब्त किया गया, हालांकि बाइक सवार तस्कर मौके से फरार हो गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब, बियर, बाइक और कार को कब्जे में लेते हुए दोनों गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। रविवार को दोनों आरोपियों को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उत्पाद एसआई न्यूटन, एएसआई पंकज कुमार साव, मो. साबिर सहित गृह रक्षक बल के जवान भी उपस्थित रहे। उत्पाद विभाग ने चेतावनी दी है कि शराब की तस्करी और सेवन करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### खण्डित प्रतिमा के बदले लगाई नई प्रतिमा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र के गोनावां मोती बीघा मे आसामाजिक तत्वों के द्वारा शनिवार की रात्रि दो मंदिरों की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया, और उसे तोड़कर कचरे में फेंक दिया गया। घटना की सूचना रविवार की सुबह में जैसे ही प्रशासन को मिली, इस पर सख्त एक्शन लिया गया। प्रशासन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता व कई समाज सेवी को जानकारी दी गई। जिससे मौके पर सारे समाज सेवी लोग पहुंचे द्य जिसमें प्रशासन की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, मंदिर के पुरोहित नारायण पांडे, मंदिर ट्रस्ट के सचिव रामविलास कुमार आदि को नई प्रतिमा लाने को कहा गया। प्रशासन के निर्देशानुसार गया विष्णुपद मंदिर पहुंचकर उन सारे प्रतिमा को प्रशासन के द्वारा दिए पैसे से खरीद कर मोती बीघा मंदिर में स्थापित करने के लिए लाया गया है । प्रतिमा में दो शिवलिंग एक बड़ा और एक छोटा, दो नंदी भगवान एक बड़ा एक छोटा, एक गणेश भगवान, एक कार्तिक भगवान, एक विश्वकर्मा जी की प्रतिमा आदि मंदिर में पुनः स्थापित के लिए लाई गयी है, जल्द ही प्राण प्रतिष्ठा कर बिठाया जाएगा।

# सावन हरियाली महोत्सव में झूमीं महिलाएं, हरे परिधानों में सजकर लगाए लोकगीतों पर ठुमके

**कुशवाहा सेवा समिति महिला मंडली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिखी सांस्कृतिक रंगत**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले में सावन की हरियाली और उमंग का उत्सव रविवार को पूरे उत्साह और पारंपरिक रंग में मनाया गया। कुशवाहा सेवा समिति, नवादा की महिला मंडली द्वारा ननौरा रोड स्थित मौर्या नगर के कुशवाहा छात्रावास परिसर में सावन हरियाली महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति की जिलाध्यक्ष ललिता कुमारी ने की। महोत्सव का उद्घाटन समाजसेवी सुमित्रा सिन्हा, नीति कुमारी, डॉ. रितु वर्मा, डॉ. दिव्या वर्मा और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। डॉ. विनीता प्रिया ने मंच संचालन की भूमिका बड़ी ही रोचक शैली में निभाई, जिससे उपस्थित महिलाएं मंत्रमुग्ध हो गईं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को पारंपरिक झूले पर झुला झुलाने से हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सावन महोत्सव महिलाओं को एकजुट करने और आपसी भाईचारे को सशक्त करने का एक सुंदर माध्यम है। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने पारंपरिक हरियाली गीतों पर थिरकते हुए झूले का आनंद लिया और सावन के रंग में सराबोर हो गईं। कार्यक्रम के अंत में सभी सहभागी महिलाओं को सम्मान स्वरूप चादर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शेखपुरा जिले के इंटर विद्यालय रेउता की प्रधानाध्यापक डॉ. विनीता प्रिया, शिक्षिकाएं अंजू लता, रेखा कुमारी, रेणु सिन्हा, निकिता भारती, अनुराधा प्रिया मेहता, सुरुचि कुमारी, पूनम कुमारी, विभा कुमारी, पूर्व मुखिया निर्मला देवी सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम ने सावन की पारंपरिक भावना के साथ सामाजिक एकजुटता और महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश भी दिया।

# अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी में अभिभावकों को दिए गए पौधे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी की गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिण्डपडवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना सहित अन्य विद्यालयों में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी आयोजित की गई। इसी परिप्रेक्ष्य में उत्क्रमित मध्य विद्यालय लीलो में प्रभारी प्रधानाध्यापक कृपा शंकर पांडेय ने अभिभावकों को पौधे दिए। अभिभावकों से ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराया गया। इस दौरान बच्चों के कौशल से अभिभावकों को अवगत कराया गया। अभिभावकों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता आदि का महत्व बताया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सतीश रंजन ,कुमारी रंजु अभिभावक चमचम देवी, मुन्नी देवी, जुली देवी, सीमा देवी, श्रवण कुमार, अविनाश कुमार, रूपेश राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा नगर कार्यालय में 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन

## प्रेम सागर ने कार्यकर्ताओं के साथ साझा किए अनुभव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भाजपा नगर कार्यालय में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक प्रेम सागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रेम सागर ने कहा कि 'मन की बात' केवल प्रधानमंत्री और जनता के बीच संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण का एक प्रभावशाली मंच है। उन्होंने कहा कि इसमें उठाए गए मुद्दे समाज के हर वर्ग को प्रेरणा देने वाले होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं और उनके दिशा-निर्देशों को अपनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर 'मन की बात' को सुना और उस पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा के प्रमुख विषयों में पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और लोकल फॉर वोकल जैसी पहलें शामिल रहीं। इस अवसर पर प्रदेश क्षत्रिय प्रभारी अमित लोहानी, दीपक कुमार दीपू, वार्ड पार्षद उपेंद्र चंद्रवंशी, साकेत कुमार, शिव मांझी, गौतम कुमार, दीनानाथ, मुकेश चंद्रवंशी समेत कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचारों को जनहित में आगे ले जाने का संकल्प लिया।

# विजय दिवस पर सशस्त्र सीमा बल द्वारा साइकिल रैली का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** विजय दिवस के अवसर पर 27 जुलाई को सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी और क्षेत्रक मुख्यालय (वि.प्र.) गया के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली हमारे वीर शहीदों के अदम्य साहस, वीरता और बलिदान को स्मरण करने के साथ-साथ फिट इंडिया मिशन के तहत आम जनता में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत 29वीं वाहिनी मुख्यालय, डुमरिया से हुई और रैली लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए दोमुहान, बोधगया तक पहुंची। रैली में बलकर्मियों के साथ-साथ अधिकारियों और अधीनस्थ अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन की अगुवाई 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, गया के कमांडेंट मधुकर अमिताभ ने की। उनके नेतृत्व में यह रैली न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का माध्यम बनी, बल्कि इसमें भाग लेने वालों ने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश भी दिया। रैली में द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, द्वितीय कमान अधिकारी रविशंकर कुमार समेत क्षेत्रक मुख्यालय और 29वीं वाहिनी के कई अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी और बलकर्मी शामिल रहे। सभी ने शहीदों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को और अधिक निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल विजय दिवस की गौरवगाथा को जीवंत करने वाला रहा, बल्कि समाज में देशभक्ति और फिटनेस के प्रति सजगता लाने का एक प्रभावशाली प्रयास भी साबित हुआ।

# नवबिहार टाइम्स ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अजय कुमार वर्मा को किया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया जिले के इमामगंज प्रखंड के रानीगंज स्थित सुदूरवर्ती क्षेत्र में डॉ अजय कुमार वर्मा चिकित्सा और समाजसेवा में मिसाल कायम किए हुए हैं। वे जिले के 125 वर्ष पुराने श्री सेंट्रल गौरक्षणी के अध्यक्ष हैं जो असहाय पशुओं की सेवा के लिए चर्चित है। डॉ वर्मा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय समिति के अध्यक्ष भी हैं और गरीब बच्चों की शिक्षा में आर्थिक रूप से मदद भी करते हैं। वे प्रति वर्ष गरीबों के बीच कंबल भी वितरण करते हैं ताकि किसी को ठंड से कोई परेशानी नहीं हो। इनकी शानदार उपलब्धियों और कार्य को लेकर नवबिहार टाइम्स (दैनिक) की ओर से डॉ अजय कुमार वर्मा को मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ वर्मा को यह सम्मान उप संपादक अजय कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को प्रदान किया।

## भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# विधानसभा में आपकी उपस्थिति से संगठन काफी मजबूत : भीखूभाई दलसानिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** भारतीय जनता पार्टी अतरी विधान सभा का एक दिवसीय कार्यशाला गयाजी पूर्वी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार मांझी की अध्यक्षता में खिजरसराय के जज्बा पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यशाला का आयोजन बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर बूथ सशक्तिकरण एवं बूथ पुनरीक्षण को लेकर किया गया। बूथ जीतो चुनाव जीतो के मूल मंत्र के साथ कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। विधानसभा कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया ने मोदीजी के द्वारा किये गये महत्वपूर्ण एवं लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए सभी को संगठन हित में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। संगठन महामंत्री ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में कहा कि इस विधानसभा में आपकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि यहां संगठन काफी मजबूत है। मैं यह समझ गया कि आप सब यहां काफी परिश्रम कर रहे हैं। आपका यह मेहनत विधानसभा चुनाव 2025 में बेकार नहीं जाएगा। प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा ने अपने उद्बोधन के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर पार्टी द्वारा कार्यों को पूरा करने के बारे में जानकारी दिया। क्षेत्रीय सह प्रभारी आशुतोष कुमार ने भी संगठन के कार्यों के बारे में आवश्यक जानकारी दिया। गया जी पूर्वी जिला प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि आप सभी अच्छा मेहनत कर रहे हैं। आपको इसका फल अवश्य मिलेगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अशोक शर्मा, विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार तन्नी, सुधांशु मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं अतरी विधानसभा के नेता अशोक कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता मुकेश कुमार, गोपाल प्रसाद यादव, मन्नंजय सिंह, अतरी विधानसभा प्रभारी कमल सिन्हा, विस्तारक अजीत वर्मा के साथ सभी मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, बूथ सशक्तिकरण टोली, पंचायत अध्यक्ष, महिला मोर्चा एवं विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अतरी विधानसभा संयोजक विजय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री धर्मेन्द्र प्रसाद यादव के द्वारा किया गया।

# राष्ट्रीय आयकर दिवस के उपलक्ष्य में जीएसटी में हुए बदलावों पर वेबिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गयाजी)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के अंतर्गत संचालित प्रो बोनो क्लब द्वारा राष्ट्रीय आयकर दिवस के उपलक्ष्य में जीएसटी में हुए बदलावों पर एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के मार्गदर्शन में समुदाय के लिए विश्वविद्यालय को दृष्टिगत रखते हुए विधि एवं शासन पीठ के प्रमुख और डीन, प्रो. अशोक कुमार तथा प्रो बोनो क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. देव नारायण सिंह के नेतृत्व में यह ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि राष्ट्रीय आयकर दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम भारत में आयकर लागू होने के 166 वर्षों की याद में मनाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय कर प्रणाली के ऐतिहासिक महत्व, आयकर की भूमिका और जीएसटी से संबंधित नवीनतम परिवर्तनों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में सीए अंकित कुमार, पार्टनर, एकेएचबी एंड एसोसिएट्स और टैक्सेशन विशेषज्ञ ने आयकर से जुड़े विभिन्न पहलुओं से शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए जीएसटी प्रणाली में हाल ही में किए गए बदलावों और उनके व्यावहारिक प्रभावों पर प्रकाश डाला।

# हम पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**गुरुआ।** प्रखंड के भुरहा धाम के प्रांगण में रविवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) द्वारा प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गुरुआ अध्यक्षता रामजी मांझी ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष चौधरी के नेतृत्व में किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष रणनीति पर चर्चा की गई। खासतौर पर बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह गुरुआ विधानसभा से संभावित प्रत्याशी राजेश कुमार पांडेय मौजूद रहे। उनके साथ प्रदेश सचिव सतेंद्र राय, प्रदेश महासचिव सतेंद्र राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता शंकर मांझी एवं गुरुआ विधानसभा के प्रभारी टूटू खान भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला स्तर से आए पदाधिकारियों को हम के प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष चौधरी एवं रामजी मांझी ने पारंपरिक रूप से अंगवस्त्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को प्रधान महासचिव राजेश पांडेय समेत जिला से वरीय पदाधिकारी ने अपने हाथों से उपस्थित कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया।

# बरोरह में जनसुराज ने की आम सभा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** रविवार को प्रखण्ड के बरोरह पंचायत के बरोरह बाजार में जनसुराज पार्टी द्वारा संचालित बिहार बदलाव सभा के तहत आम सभा आयोजित किया गया। इस सभा के तहत जनसुराज पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को आम जन को बताया गया। सभा की अध्यक्षता कामता पासवान ने किया। सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम लखन सिंह दांगी उपस्थित रहे। गुरूआ विधान सभा क्षेत्र से उम्मीदवार के प्रबल दावेदार रविरंजन दांगी के अलावे कौलेश्वर पासवान, मधेश्वर चंद्रवंशी, संजय कुमार यादव, छात्र संघ के जिलाध्यक्ष, सोनी प्रसाद स्वर्णकार, दिलीप कुमार सिंह, रविशंकर अवस्थी, जगदीश यादव, प्रवक्ता बालकृष्ण पाठक सहित कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया।

# मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** रविवार को राज इंटर कॉलेज के प्रांगण में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार ने किया। शिविर में लगभग एक हजार से अधिक मरीजों का इलाज किया गया और दवाइयां भी मुफ्त में उपलब्ध कराया गया। टिकारी विकास मंच की ओर से लगाये गए स्वास्थ्य शिविर में बिहार के कई बड़े चिकित्सकों ने अपनी सेवा दी। न्यूरो सर्जन डॉ. राजीव रंजन, हृदय रोग के डॉ. अभिषेक, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत भारद्वाज के अलावा डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. राहुल कुमार सिंह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. समीक्षा, डॉ. रजनी, डॉ. चंदना कुमारी, डॉ. अभिलाषा शांडिल्य और डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने मरीजों का इलाज किया। विभिन्न प्रकार की जांच भी फ्री में की गई। दवाई वाले काउंटर पर भारी भीड़ उमड़ी। संडा, चितोखर, जलालपुर, तिताईगंज, कोंच, कैथी, कुरमावां, केसपा, तिताईगंज, रानीगंज, शिवनगर, पंचानपुर, धर्मशाला समेत कई इलाकों से मरीज पहुंचे थे।

# दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के बरई गांव में विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यह विवाद एक लड़का और लड़की के गांव से भाग कर शादी कर लेने को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ। रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में कुल 16 लोगों को आरोपी बनाया गया है। आंती एसएचओ रंजीत कुमार ने इस घटना की पुष्टि की है। प्रथम पक्ष के वादी कृष्णदेव चौधरी ने अपनी शिकायत में गांव के ही अभय रजक, रजन रजक, देववरण रजक, संटू कुमार, श्यामदेव गौतम, विक्की कुमार, अमरूध रजक और मुकेश कुमार को आरोपी बताया है। दूसरी ओर दूसरे पक्ष के वादी देववरण रजक ने कृष्णदेव चौधरी, संजीत कुमार, विजय चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, विक्की चौधरी, सूरज कुमार, मिथिलेश चौधरी और आशुतोष कुमार पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 86/25 एवं 87/25 दर्ज किया है। अधिकारियों के अनुसार सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# प्रजापति समाज के लोगों से संगठित होकर एकजुटता लाने का किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** रविवार को टिकारी के एक निजी मैरेज हॉल में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का आयोजन किया गया। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव महाराजा दक्ष प्रजापति के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आयोजक मंडली द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखंड माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव ने संबोधित करते हुए प्रजापति समाज के लोगों को संगठित होकर एकजुटता लाने का आह्वान किया व आगामी चुनाव में अपनी ताकत दिखाने को एकता का होना जरूरी बताया। साथ ही साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर बल देते हुए बेटियों को शिक्षित करने का आह्वान किया। वहीं बिहार प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा व राजनीति से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक रामगोविंद प्रजापति ने महाराजा दक्ष के व्यक्तित्व एवं कृत्य पर विस्तार से प्रकाश डाला व आराध्य की आराधना करने की अपील की। समारोह में प्रदेश महामंत्री पिंटू गुरुजी, प्राचार्य डॉ सत्येन्द्र प्रजापति, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार अजय, नंदलाल पंडित सहित अन्य लोग मंचासीन थे।

**रामाशीष प्रजापति पुनः चुने गये प्रखण्ड अध्यक्ष**

समारोह के अंत में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की टिकारी शाखा का चुनाव कराया गया। चुनाव में निवर्तमान अध्यक्ष रामाशीष प्रजापति को पुनः सर्वसम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष का दायित्व दिया गया। वहीं जितेंद्र पंडित को सचिव, राजाराम पंडित को उपाध्यक्ष, संजय कुमार को कोषाध्यक्ष व रामकृष्ण पंडित को उप सचिव का दायित्व दिया गया। चुनाव में पर्यवेक्षक के तौर पर ज्ञानदत्त प्रसाद, सुरेश पंडित व रामकुमार पंडित मौजूद थे। समारोह को सफल बनाने में कृष्णा पंडित, मंटू कुमार, उमेश पंडित, पप्पू कुमार, मंटू प्रजापति, सुमन कुमार, गजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में की गयी बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** विगत 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले मध्यस्थता अभियान में वादों का निष्पादन की गतिशीलता को जारी रखने के उद्देश्य से शनिवार को व्यवहार न्यायालय गया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार मदन किशोर कौशिक की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में बताया गया कि वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, वाणिज्यिक विवाद, चेक बाउंस, सेवा संबंधी मामले, आपराधिक संज्ञेय वाद, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति विभाजन, निष्कासन, भूमिअधिग्रहण आदि जैसे वादों को मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से निस्तारण एवं पूर्ण सहयोग करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मदन किशोर कौशिक ने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत आए अभिलेख में यथाशीघ्र आपसी सहमति से निष्पादन प्रशिक्षित न्यायिक पदाधिकारी एवं प्रशिक्षित मध्यस्थ द्वारा किया जा रहा है। साथ ही प्रधान जिला जज ने मध्यस्थता कैम्पेन के लिये चिन्हित किये गए वादों को सभी पक्षकारों को नोटिस तामिला करवाने पर बल दिया जिससे अधिक से अधिक वादों का निष्पादन की जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह में कई वादों का निष्पादन करवाया गया है।

# रामेश्वर प्रसाद प्लस टू उच्च विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बेलागंज (गया)।** रामेश्वर प्रसाद प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में विदाई सह सम्मान योजना कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के दो शिक्षकों को प्रधानाध्यापक की पद पर पदोन्नति हुई उनके सम्मान में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसने प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने अंग वस्त्र और एक पेड़ का पौधा देकर अभिमन्यु कुमार एवं कुमारी अनामिका रानी को सम्मानित किया और कहा कि दोनों योग एवं मेहनती शिक्षक हैं उनकी कमी इस विद्यालय को महसूस होगी, परंतु यह जहां भी रहेगी पुराने विद्यालय से प्रेरणा लेकर नए विद्यालय में नए माहौल में नई व्यवस्था स्थापित करें जिससे इनका ही नहीं पूरे शिक्षक समाज का नाम रोशन हो। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सूचकांक में एवं छात्राओं ने संगीत की प्रस्तुति की सर्वप्रथम स्वागत गान गाये और अंतिम में विदाई बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अपने अनुभव को शेयर करते हुए कहा कि वर्तमान प्रधानाध्यापक के साथ कार्य करने में अच्छा महसूस किया और उनके अनुभव का प्रेरणा हम लोग को मिली है। निश्चित तौर पर इस विद्यालय से हम लोग भी जुड़े रहेंगे जब भी इस विद्यालय को मेरी आवश्यकता होगी मैं उपस्थित हो जाऊंगा। मालूम हो कि बीपीएससी के आयोजित प्रधानाध्यापक परीक्षा में अभिमन्यु कुमार एवं कुमारी अनामिका रानी का चयन हुआ था। कार्यक्रम को विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार राजू, चंद्रमणि प्रसाद, राजेश कुमार, मोहम्मद शाह असर, रिजवान अहमद, राशिद वाणी, वंदना, रिंकू कुमारी, सोनी कुमारी, पंपी कुमारी, अंतरिना कुमारी, प्रीति, मधुबाला, राजेश कुमार, प्रदीप कुमार मौर्य, अनिल कुमार सिंह इत्यादि लोगों ने अपने विचार व्याख्या और इन दोनों नवनियुक्त प्रधानाध्यापकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# महिलाओं ने मनाया सावन मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** वर्णवाल महिला समूह ने रविवार को वर्णवाल धर्मशाला में सावन मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, पीलो गेम्स सहित अन्य प्रकार के मनोरंजक गतिविधि से खुशियां मनाई। सबसे पहले केक काटा गया तथा सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सावन माह की बधाई दी। आयोजक सदस्य सरीता वर्णवाल, खुशबु वर्णवाल ने बताया कि सावन माह में हरे रंग का एक अलग ही महत्व होता है। वजीरगंज में तीसरी बार हमलोगों ने पूरे श्रृंगार के साथ हरे रंग की साड़ियां, चूड़ियां एवं अन्य पहनावे के साथ इसमें भाग लिया है। समाज की महिलाओं एक साथ एकत्रित करने का उद्देश्य वर्णवाल संगठन को मजबूत करना भी है। ताकि हम अपने समाज का सर्वांगीण विकास के बारे में सोच सकें। समारोह में अंजू वर्णवाल, पूजा वर्णवाल, रानी वर्णवाल, सोनी वर्णवाल, ज्योति वर्णवाल, राखी वर्णवाल सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

# साफ-सफाई का जिम्मा जीविका दीदी को सौंपा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड परिसर के साफ-सफाई का जिम्मा अब जीविका दीदी को सौंप दिया गया है। इस अवसर पर बीडीओ बिपुल भारद्वाज और जीविका प्रखण्ड समन्वयक जितेंद्र कुमार भी शामिल हुए। जीविका दीदी ने साफ-सफाई का काम शनिवार को शुरू कर दिया है और प्रखंड परिसर को साफ-सुथरा बनाने के लिए काम कर रही हैं। बीडीओ ने जीविका दीदी के प्रयासों की सराहना की।

# राजेंद्र टावर घंटे की आवाज के साथ रंग-बिरंगी लाइटों से दिखेगा आकर्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विश्वप्रसिद्ध पितृपक्ष मेला की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने मेला क्षेत्र का जायजा लिया। उस दौरान उन्होंने सबसे पहले नगर निगम के द्वारा हो रहे सौंदर्यीकरण के कार्य राजेन्द्र टॉवर का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने बताया कि टावर चौक, जो ऐतिहासिक धरोहर है एवं शहर की पहचान है, उसके सौंदर्यीकरण का कार्य कई सालों बाद अब कराया जा रहा है। इसके सौंदर्यीकरण का कार्य हमारे लक्ष्य में था एवं निरीक्षण के क्रम में उन्होंने देखा कि कई सालों के बाद क्लॉक टावर यानी राजेन्द्र टॉवर सौंदर्यीकरण का कार्य अब प्रगति पर है और पितृपक्ष मेले से पहले शहरवासी राजेन्द्र टावर के घंटे की आवाज सुन सकेंगे। साथ ही ऐतिहासिक धरोहर की ध्यान में रखते हुए इसके मूल रूप में किसी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं किया जा रहा है। क्लॉक टावर जो जर्जर हो गया, उसे ठीक कराया जा रहा है। रंग रोगन एवं मरम्मत का कार्य स्ट्रक्चर के मूल प्रकार को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा हो रहे राजेन्द्र टावर की सौंदर्यीकरण के बाद रंग बिरंगे लाइटों से संध्या बेला में टावर एक आकर्षण का केंद्र बन सकेगा। गौरतलब हो कि ब्रिटिश शासन काल में इसका निर्माण किया गया था। वहीं इस धरोहर का पुराने लुक में नगर आयुक्त कुमार अनुराग के सतत निगरानी में कार्य पूरे किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त ने मेला क्षेत्र के सभी कुण्डों का निरीक्षण किया, जरूरी कामों को ससमय पूरा करने का दिया निर्देश। वहीं इसके साथ ही नगर आयुक्त कुमार अनुराग मेला क्षेत्र के सभी कुंडों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने रामकुंड तालाब का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त ने कुंडों के रंगरोगन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित कई जरूरी कामों को ससमय पूरा करने का निर्देश संबंधित अभियंता को दिया। संबंधित अभियंता ने कहा कि अगले सप्ताह से रंगरोगन का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इसके अलावा नगर आयुक्त के द्वारा गोदावरी तालाब का निरीक्षण किया गया।

संपादकीय

# अब आसियान में चीन का खेला?

पूर्व एशिया के दो बौद्ध बहुल देश थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हजार साल पुराने एक शिवमंदिर की जमीन को लेकर जिस तरह सशस्त्र संघर्ष छिड़ गया है, उसके पीछे असल में चीन का हाथ होने की आशंका है। यूं चीन के दोनों देशों के साथ रिश्ते हैं, लेकिन वह कंबोडिया को खुला समर्थन दे रहा है। इस संघर्ष से क्षेत्र में चीन का महत्व बढ़ेगा, क्योंकि वह न केवल कंबोडिया को हथियार सप्लाई कर रहा है बल्कि वहां की सरकार को भी समर्थन कर रहा है। दूसरी तरफ थाईलैंड का झुकाव अमेरिका की तरफ ज्यादा है। उसकी आबादी, क्षेत्रफल और सैन्य शक्ति कंबोडिया की तुलना में काफी अधिक है। ऐसे में युद्ध अगर लंबा खिंचा तो कंबोडिया का टिकना मुश्किल होगा। ऐसे में चीन की दखलंदाजी और बढ़ सकती है। हालांकि फिलहाल उसने दोनों देशों से संयम से काम लेने और शांति बनाए रखने के लिए कहा है। वैसे शिव मंदिर का यह विवाद सवा सौ साल पुराना है और इस बात का प्रमाण है कि औपनिवेशिक काल में जो गलतियां हुई हैं, उसे दुनिया के कई देश आज भी भुगत रहे हैं। भारत पाकिस्तान इसका बड़ा उदाहरण हैं। वही हाल थाईलैंड और कंबोडिया का भी है। कंबोडिया पर लंबे समय तक फ्रांसीसियों का राज रहा। हालांकि थाईलैंड कभी किसी का गुलाम नहीं रहा। आज से हजार साल पहले कंबोडिया में हिंदू खमेर वंश का शासन था, जिसे वहां के लोग आज भी याद करते हैं और उस पर गर्व भी करते हैं। विवादित शिव मंदिर जिसे स्थानीय भाषा में प्रीहा विहार मंदिर कहा जाता है, विवाद की जड़ है। इस विवाद की जड़ें सौ साल से भी ज़्यादा पुरानी हैं, जब फ्रांसीसी कब्ज़े के बाद कंबोडिया की सीमाएं तय की गई थीं। हालात 2008 में तब औपचारिक रूप से तनावपूर्ण हो गए, जब कंबोडिया ने एक विवादित क्षेत्र में स्थित 11वीं सदी के मंदिर को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट के तौर पर पंजीकृत कराने की कोशिश की।

थाईलैंड ने इसका तीखा विरोध किया। इसके बाद दोनों देशों के बीच कई बार झड़पें हुईं, जिनमें सैनिकों और आम नागरिकों की मौतें हुईं। तनाव मई में तब और बढ़ गया, जब एक झड़प में कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते पिछले एक दशक में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए। पिछले दो महीनों में दोनों पड़ोसी देशों ने एक-दूसरे पर सीमा संबंधी पाबंदियां लगाई हैं। कंबोडिया ने थाईलैंड से फल-सब्ज़ी जैसी चीज़ों के आयात पर रोक लगा दी, साथ ही बिजली और इंटरनेट सेवाएं लेना भी बंद कर दिया। ताजा संघर्ष में 11 लोगों की मौत हो गई है और 14 घायल हो गए हैं। हालांकि अभी यह कहना मुश्किल है कि यह सैन्य तनाव पूर्ण युद्ध में बदलेगा या नहीं। लेकिन तनाव घटे ऐसा नेतृत्व भी दोनों देशों के पास नहीं है। दोनों देशों में राजनीतिक अस्थिरता है। कंबोडिया की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है। वहां के प्रधानमंत्री, पूर्व सत्ताधारी नेता के बेटे हैं और अभी तक उनकी खुद की कोई ठोस राजनीतिक पकड़ नहीं बनी है। जबकि थाईलैंड में एक अस्थिर गठबंधन सरकार है, जिसके पीछे ताक़तवर नेता ताकसिन शिनावात्रा हैं। वो भी विवादों में हैं। इस मामले को सुलझाने की आस आसियान संगठन से है। देखना होगा कि क्या आसियान के अन्य सदस्य इस टकराव में दखल देते हैं और दोनों देशों को तनाव कम करने के लिए मनाते हैं या नहीं। जबकि उसकी प्राथमिकता तो यही होनी चाहिए कि पूर्व एशिया के इन दो देशों के बीच तनाव और ज्यादा न फैले। दूसरे, आसियान असफल रहा तो चीन का इस क्षेत्र में अपना खेल करना तय है।

# मस्जिद में मुलाकात बनाम कांवड़ पर पुष्पवर्षा

**समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके सांसदों की संसद भवन के पास मस्जिद में हुई एक मुलाकात की तस्वीरों ने सियासी गलियारों में तूफान ला दिया है। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर रहे हैं और हिंदुत्व की राजनीति को और प्रखर बना रहे हैं। ये घटनाएं इशारा कर रही हैं कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अब पूरी ताकत के साथ शुरू हो चुकी है, और इसका थीम पहले से तय हो गया है 'हरा बनाम भगवा'। 23 जुलाई को संसद भवन के बगल की मस्जिद में अखिलेश यादव, मोहिबुल्ला नदवी, धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव और जिया उर रहमान बर्क के साथ बैठते हुए तस्वीरें सामने आईं। तस्वीरों में दो महिलाएं भी नजर आईं, जिनमें से एक को मैनपुरी सांसद डिंपल यादव और दूसरी को कैराना सांसद इकरा हसन बताया गया। भाजपा ने तुरंत इस मुद्दे को तूल दिया।**

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश की राजनीति फिर से धार्मिक और सामाजिक रंगों में रंगती दिख रही है। यह कोई अचानक उभरा मुद्दा नहीं है, बल्कि सावन की सोंधी हवा में 'हरा' और 'भगवा' का टकराव पहले से कहीं अधिक तीखा हो चुका है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके सांसदों की संसद भवन के पास मस्जिद में हुई एक मुलाकात की तस्वीरों ने सियासी गलियारों में तूफान ला दिया है। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर रहे हैं और हिंदुत्व की राजनीति को और प्रखर बना रहे हैं। ये घटनाएं इशारा कर रही हैं कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी अब पूरी ताकत के साथ शुरू हो चुकी है, और इसका थीम पहले से तय हो गया है 'हरा बनाम भगवा'। 23 जुलाई को संसद भवन के बगल की मस्जिद में अखिलेश यादव, मोहिबुल्ला नदवी, धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव और जिया उर रहमान बर्क के साथ बैठते हुए तस्वीरें सामने आईं। तस्वीरों में दो महिलाएं भी नजर आईं, जिनमें से एक को मैनपुरी सांसद डिंपल यादव और दूसरी को कैराना सांसद इकरा हसन बताया गया। भाजपा ने तुरंत इस मुद्दे को तूल दिया। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि अखिलेश ने संसद के बगल स्थित एक धार्मिक स्थल को राजनीतिक बैठक के लिए प्रयोग किया, जो संविधान का उल्लंघन है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें 'नमाजवादी' कह दिया और तीखा तंज कसा। उनका कहना था कि किसी भी धार्मिक स्थल का राजनीतिक इस्तेमाल संविधान के खिलाफ है और समाजवादी पार्टी बार-बार इसकी अनदेखी करती रही है।

इतना ही नहीं, भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने डिंपल यादव के परिधान पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि जब मस्जिद में गई थीं तो उन्हें सिर ढंकना चाहिए था। इस बयान को सपा ने तूल देने की कोशिश बताया और इसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की साजिश करार दिया। अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि आस्था



का मतलब जोड़ना होता है, जबकि भाजपा समाज में दूरियां पैदा करना चाहती है। उन्होंने साफ किया कि यह कोई राजनीतिक बैठक नहीं थी, बल्कि एक सामाजिक मुलाकात थी जिसमें मोहिबुल्ला नदवी की पत्नी भी मौजूद थीं।उधर, भाजपा ने मोर्चा खोलते हुए कहा कि मस्जिद को सपा कार्यालय बना दिया गया है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने कहा कि मस्जिदें सिर्फ इबादत का स्थल हैं, उन्हें राजनीति का मंच नहीं बनाया जा सकता। वहीं कई मुस्लिम धार्मिक संगठनों ने भी इस मुद्दे पर असहमति जताई और मोहिबुल्ला नदवी से इस्तीफे की मांग कर डाली। मस्जिद की राजनीति ने दोनों पक्षों को न सिर्फ आक्रामक बना दिया है, बल्कि अब धार्मिक संगठनों की नाराजगी भी सपा के लिए एक नई चुनौती बन गई है।

इस विवाद के बीच योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सावन के महीने में कांवड़ यात्रा को भव्य रूप देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। हेलिकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की गई, जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए और विशेष पुलिस बंदोबस्त किए गए। मुख्यमंत्री ने मेरठ और मुजफ्फरनगर में हवाई निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कांवड़ियों पर फूल बरसाए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि कांवड़ यात्रा के नाम पर उपद्रव फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और उनकी पहचान सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। भाजपा नेताओं का कहना है कि यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उनके हिंदुत्व एजेंडे का विस्तार है। वहीं समाजवादी पार्टी ने इसे 'दिखावा' करार दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पिछले 11 सालों से केंद्र में और 9 साल से यूपी में सरकार चला रही है, लेकिन कांवड़ियों के लिए कोई स्थायी ढांचा नहीं बना सकी। उन्होंने ऐलान किया कि सत्ता में आने पर सपा सरकार कांवड़ियों के लिए विशेष कॉरिडोर बनाएगी। इतना ही नहीं, समाजवादी पार्टी अब भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे को चुनौती देने के लिए खुद मैदान में उतर आई है। कैराना की सांसद इकरा हसन कांवड़ सेवा शिविर में पहुंचीं और शिवभक्तों को प्रसाद वितरित किया। उनका भगवा पटका पहनकर प्रसाद बांटते हुए वीडियो वायरल हुआ। उन्होंने कहा कि देश की साझा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वे हर धर्म का सम्मान करती हैं।

इस धार्मिक और राजनीतिक खींचतान के बीच यूपी की राजनीति का 2027 मॉडल धीरे-धीरे आकार ले रहा है। सपा का 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) फॉर्मूला और भाजपा का 'हिंदुत्व + विकास' का एजेंडा आमने-सामने खड़े हैं। समाजवादी पार्टी के नेता मंदिरों में दर्शन कर रहे हैं तो भाजपा कांवड़ यात्रा को प्रशासनिक और धार्मिक दोनों स्तर पर भव्य बना रही है। इटावा में अखिलेश यादव ने केदारेश्वर महादेव मंदिर का उद्घाटन कर यह संकेत दिया है कि वे भी हिंदू आस्था के मैदान में कदम रख चुके हैं। वहीं भाजपा सरकार काशी, अयोध्या और मथुरा में कॉरिडोर निर्माण के जरिए धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन ने भाजपा को झटका दिया। सपा ने 37 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा 33 पर सिमट गई। अब अखिलेश यादव इस लय को विधानसभा चुनाव तक बनाए रखना चाहते हैं। पीडीए समीकरण के तहत वह गैर-यादव पिछड़ी जातियों, दलितों और मुसलमानों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर दांव लगाते हुए हिंदुत्व और विकास का दोहरा कार्ड खेल रही है।

प्रदेश में भाजपा की राजनीति हमेशा हिंदुत्व केंद्रित रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फैसले, चाहे वह ढाबों के नाम बदलना हो या कांवड़ यात्रा को सरकारी संरक्षण देना इन सबका मकसद हिंदू वोट बैंक को अपने पक्ष में बनाए रखना है। वहीं समाजवादी पार्टी खुद को 'गंगा-जमुनी तहजीब' की पार्टी बताकर भाजपा की धर्म आधारित राजनीति का विकल्प बनाना चाहती है। यही वजह है कि एक तरफ डिंपल यादव मस्जिद में नजर आती हैं तो दूसरी ओर इकरा हसन भगवा पटका पहनकर कांवड़ियों की सेवा करती दिखती हैं।डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, प्रसाद मौर्य और अमित मालवीय जैसे नेताओं ने अखिलेश यादव को सोशल मीडिया पर घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ा। मौर्य ने तो यहां तक कह दिया कि अखिलेश मस्जिद गए, लेकिन सफेद जालीदार टोपी लगाना भूल गए। भाजपा के इन बयानों से साफ होता है कि वह अखिलेश को मुस्लिम तुष्टिकरण के चक्रव्यूह में फंसाने की तैयारी में है।जाहिर है, उत्तर प्रदेश की राजनीति में धर्म और आस्था अब केवल निजी भावना नहीं रह गई है, बल्कि यह रणनीति और एजेंडे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। मस्जिद से लेकर मंदिर, कांवड़ यात्रा से लेकर टोपी और पटके तक हर चीज का राजनीतिक मतलब निकाला जा रहा है। 'हरा' और 'भगवा' के बीच की यह लड़ाई अब केवल तस्वीरों और बयानों तक सीमित नहीं, बल्कि गांव-देहात के मतदाता तक पहुंचने लगी है। 2027 का विधानसभा चुनाव जब भी होगा, उसकी सियासी जमीन आज तैयार हो चुकी है। और यह भी तय है कि इस बार की लड़ाई महज दलों की नहीं होगी, बल्कि विचारधाराओं की, प्रतीकों की और पहचान की होगी।

अध्यात्म

# अपने वास्तविक कार्यों पर गंभीर बने



बंगाल में नदिया के राजा कृष्णचंद्र के दरबार के नवरत्नों में से थे गोपाल भांड। वह अपनी सूझ-बूझ और चतुराई से राजा सहित आम जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। एक बार राजा कृष्णचंद्र की सभा में बाहर से आए एक पंडित आए।

वह उस समय के भारत में प्रचलित अधिकाशं भाषाएं, यहां तक कि संस्कृत, अरबी, फारसी आदि प्राचीन भाषाओं में बेहतर तरीके से बोलते हुए अपना परिचय देने लगे। पंडित जी द्वारा कई भाषाओं में बोलने पर राजा कृष्णचंद्र ने अपने दरबारियों की ओर शक भरी दृष्टि से देखा। लेकिन दरबारी यह अनुमान न लगा सके कि दरबार में पधारे पंडित जी की मातृभाषा क्या है? राजा कृष्णचंद्र ने गोपाल भांड से पूछा, क्या तुम कई भाषाओं के ज्ञाता अतिथि पंडित की मातृभाषा बता सकते हो? गोपाल भांड ने बड़ी विनम्रता के साथ कहा, मैं तो भाषाओं का जानकार हूं नहीं, यदि मुझे अपने हिसाब से पता करने की आजादी दी जाए तो मैं यह काम कर सकता हूं।

राजा कृष्णचंद्र ने स्वीकृति दे दी। दरबार की सभा समाप्त होने के बाद सभी दरबारी सीढ़ियों से उतर रहे थे। गोपाल भांड ने तभी अतिथि पंडित को जोर का धक्का दिया। वे अपनी मातृभाषा में गाली देते हुए नीचे आ पहुंचे। सभी जान गए कि उनकी मातृभाषा क्या है। गोपाल भांड ने विनम्रता से कहा, %देखिए, तोते को आप राम-राम और राधे-श्याम सिखाया करते हैं। वह भी हमेशा राम-नाम या राधे-श्याम सुनाया करता है।

लेकिन, जब बिल्ली आकर उसे दबोचना चाहती है, तो उसके मुख से टें-टें के सिवाय और कुछ नहीं निकलता। आराम के समय सब भाषाएं चल जाती हैं, किंतु आफत में मातृभाषा ही काम देती है।' अतिथि पंडित जी बड़े लज्जित हुए।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण हंगामे का सच

**हार में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण या इंटेंसिव रिवीजन का इलेक्टरल रोल जिस तरह विरोध और हंगामा का विषय बना है वह अनपेक्षित कतई नहीं है। कांग्रेस पार्टी और अनेक भाजपा विरोधी दल, एक्टिविस्ट, पत्रकार एनजीओ आदि काफी समय से चुनाव आयोग विरोधी तीखा अभियान चला रहे हैं। राहुल गांधी तो पुनरीक्षण आरंभ होने के पहले से ही आरोप लगा रहे हैं कि हेर-फेर कर भाजपा को जीताने का काम चुनाव आयोग करेगा। विरोधी बार-बार आयोग के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय जाते और निराश वापस आते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस बार भी पुनरीक्षण प्रक्रिया रोकने की उनकी अपील खारिज कर दिया। हालांकि आगे वह सुनवाई के लिए सहमत हुआ है। सुनवाई के एक दिन पहले आईएनडीआईए की ओर से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बिहार की राजधानी पटना में चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च किया गया।**

अवधेश कुमार

वैसे इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चुनाव आयोग के आंकड़े के अनुसार लगभग 85 प्रतिशत पुनरीक्षण फॉर्म मतदाताओं ने जमा कर दिए । चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि गणना प्रपत्र भरने की अवधि 25 जून से 26 जुलाई है और मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त, 2025 को होगा। दावे और आपत्तियों की अवधि 1 अगस्त से 1 सितंबर, 2025 है और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर, 2025 को किया जाएगा। इसका अर्थ हुआ कि किसी का नाम छूट गया तो दावा करने के लिए एक महीने का समय है। तो बिना देखे कि किसका नाम जुड़ा, नहीं जुड़ा इस तरह के विरोध का औचित्य क्या है? आयोग पर पहला आरोप है कि वह इतनी जल्दी बड़े प्रदेश के मतदाताओं की सूची कैसे बना लेगा? जब 2002 में मतदाता सूची का बिहार में पुनरीक्षण हुआ था तब 15 जुलाई से 14 अगस्त यानी वर्तमान के अनुसार ही 31 दिन का समय था। क्या 22- 23 वर्ष के बाद मतदाता सूची की गहनता से जांच परख नहीं होनी चाहिए? अगर चुनाव आयोग ने इसके लिए आवश्यक जनसंपर्क और आधार कार्य नहीं किया तो आलोचना होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि पिछले 4 महीने में प्रत्येक विधानसभा, जिला में सर्व दलीय बैठक की गई और लगभग 5 हजार ऐसी बैठकों में 28 हजार लोगों ने भाग लिया। आयोग ने लगभग 80 हजार बीएलओ या बूथ लेवल ऑफिसर नियुक्त किए हैं जो मतदाताओं के घर पहुंच रहे है। राजनीतिक दलों ने भी 1.54 लाख बूथ लेवल एजेंट बीएलए बनाए हैं। भारी संख्या में स्वयंसेवक भी सक्रिय हैं। कुल 16 करोड़ इन्यूमरेशन फॉर्म प्रकाशित किए गए। एक फॉर्म रिसिप्ट के रुप में मतदाता के पास रहेगा और दूसरा बीएलओ रखेंगे। ऑनलाइन पोर्टल पर भी फॉर्म जमा करने की व्यवस्था है। इसलिए यह नहीं कह सकते कि ड्राइव बिल्कुल अव्यावहारिक है।

पहचान सुनिश्चित करने पर चुनाव आयोग के जोर का सबसे तीखा विरोध हो रहा है। जिन 11 दस्तावेजों की सूची आयोग ने रखी है उसे पढ़ने पर कठिनाई का आभास होता है। पहले कुछ तथ्य पर बात करें। 1 जनवरी, 2003 की सूची में मतदाताओं की संख्या 4 करोड़ 96 लाख थी। वर्तमान में यह संख्या 7 करोड़ 89 लाख है। तो लगभग 2 करोड़ 93 लाख मतदाताओं को ही पहचान सुनिश्चित करनी होगी। जिन मतदाताओं के नाम 2003 में है उसके अलावा जिनका नाम आया उनको ही जन्मतिथि, जन्म स्थान आदि साबित करने वाले दस्तावेज देने होंगे। उनमें भी माता-पिता का नाम 2003 मतदाता सूची में है तो माता-पिता की पहचान साबित करने के लिए दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं। केवल 2003 वाली मतदाता सूची के उस हिस्से की कॉपी बीएलओ को देनी होगी जिसमें उनके माता-पिता का नाम लिखा है। जिनके नाम 2003 में है उन्हें केवल उसकी फोटो कॉपी बीएलओ को फॉर्म जमा करते समय देनी है जिसमें उनका नाम है।

क्या 2003 की मतदाता सूची में नाम न होने वाले के पास अगर जन्मतिथि तथा जन्म स्थान साबित करने के प्रमाण नहीं हो तो नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा? इसकी आशंका है। पर आयोग का कहना है कि दस्तावेजविहीन व्यक्ति की भारतीय पहचान को सुनिश्चित करने का काम क्षेत्र के एसडीम करेंगे और उनके कागजात का पता लगाने के लिए वालंटियर नियुक्त किए गए हैं। किसी की पहचान साबित करने का बिल्कुल दस्तावेज नहीं मिलता या उसे गली - मोहल्ले में भी कोई पहचानता नहीं है तो ऐसे लोगों का नाम काट दिया जाएगा। आयोग ने कहा है कि यदि आवश्यक दस्तावेज तथा फोटो उपलब्ध नहीं है तो प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा कर दें। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा स्थानीय जांच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा।

सामान्य तौर पर विचार करें तो मतदान की दृष्टि से बहुत ज्यादा कागजातों की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। एक समय कोई पहचान पत्र लेकर जाने की आवश्यकता नहीं थी और मतदान केंद्र पर केवल राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंट बताते थे कि ये अमुक व्यक्ति हैं या नहीं। यह अत्यंत सरल व्यवस्था थी। लोकतंत्र मतदाताओं, राजनीतिक दलों और अधिकारियों सबकी नैतिकता, ईमानदारी और व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। बूथ लूट से लेकर फर्जी मतदाताओं की घटनाओं ने धीरे-धीरे पहचान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया को जटिल बना दिया है। यह किसी के हित में नहीं किंतु वर्तमान ढांचे में इसके विकल्प की कल्पना ज्यादा चिंताजनक दिखने लगती है। बिहार में चुनाव आयोग ने यह डरावनी जानकारी दी है की पुनरीक्षण में ऐसे विदेशी नागरिक मिले जो मतदाता बन चुके हैं। उनकी जानकारी गृह मंत्रालय को दी जा रही है और नागरिकता सुनिश्चित होने के बाद ही तय होगा कि वे मतदाता रहेंगे या नहीं। राजनीतिक दलों ने इस पर भी तूफान खड़ा कर दिया। क्या यह उचित है? निस्संदेह, आधार कार्ड या राशन कार्ड बनवाना आसान नहीं होता। इसलिए चिंता का विषय है कि यह हमारी नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है।आधार को सबसे सुरक्षित माना गया। देश भर में फर्जी आधार कार्ड पकड़ में आ रहे हैं। अवैध अप्रवासियों घुसपैठियों तक के आधार कार्ड बने हुए हैं। बिहार के भारी मुसलमान जनसंख्या वाले चार सीमांचल जिलों में आधार कार्ड के आंकड़े हैरत में डालते हैं । बिहार में औसत आधार कार्ड आबादी के 94% है । किशनगंज में 68% मुस्लिम आबादी है और आधार सैचुरेशन 126 प्रतिशत है, कटिहार (44%) में 123%, अररिया (43%) में 123%, और पूर्णिया (38%) में 121% आधार सैचुरेशन है। आबादी से अधिक आधार कार्ड कैसे बने हुए हैं? पिछले वर्ष अररिया में एक बंगलादेशी घुसपैठियों पकड़ा गया जिसके पास पश्चिम बंगाल के 24 परगना से बना आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र था। बांग्लादेशी घुसपैठियों की लड़ाई केवल असम और बंगाल में नहीं बिहार के इन सीमांचल जिलों में भी रही है

स्थानीय पुराने लोग उनके बारे में कुछ जानते हैं लेकिन ज्यादातर की कई पीढ़ी हो चुकी है और उनके अलग बस्तियों में होने के कारण पहचान मुश्किल रहती है। क्या विरोधियों के दबाव में उन सबकी जांच नहीं होनी चाहिए? संविधान की धारा 326 चुनाव आयोग को भारतीय नागरिकों को मतदाता के रूप में अंकित करने का अधिकार देता है। हालांकि नागरिकता की पहचान चुनाव आयोग की जिम्मेवारी नहीं है। इसीलिए उसने गृह मंत्रालय को मामला स्थानांतरित किया है। विरोधी चाहे इसे एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर को परोक्ष रूप से लागू करना माने या कुछ और किंतु भारतीय नागरिकों तक ही मतदान की व्यवस्था और पूरी मतदान प्रणाली की शुचिता तथा भारतीय सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सतर्कता आवश्यक है। बावजूद मेरा मानना है कि पहचान सुनिश्चित करने के कागजात के संदर्भ में स्पष्ट राष्ट्रीय नीति हो जो विदेशियों घुसपैठियों को तो सामने ले परंतु किसी पात्र भारतीय के लिए तनाव और परेशानी का कारण न बने।

आधार और राशन कार्ड पर उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग को विचार करने का सुझाव दिया है। इन्हें सुरक्षित बनाया जाना अति आवश्यक है। आधार के पीछे कल्पना यही थी कि इससे अनेक कार्डों की आवश्यकता खत्म हो जाएगी। दूसरे, स्थानीय लोग किसी के भारतीय होने की पुष्टि करते हैं तो पंचायत, प्रखंड ,अनुमंडल सबको पहचान सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने का दायित्व लेना चाहिए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
विद्यार्थियों को नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। जॉब में बदलाव करने की योजना भी बना सकते हैं। सरकारी काम थोड़े प्रयासों से पूर्ण हो जायेंगे।

**वृषभ**
आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आयात-निर्यात सम्बन्धी कारोबार में लाभ हो सकता है। आपके जनसम्पर्क का दायरा विस्तृत होगा।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में आपके प्रमोशन की चर्चा चल सकती है। घर में प्रियजनों का आगमन हो सकता है। टीमवर्क के कारण सभी काम पूर्ण हो जायेंगे।

**कर्क**
आज दोपहर में सिर में दर्द और भारीपन की समस्या हो सकती है। आज कुछ समय मित्रों के सानिध्य में बितायें। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने में समस्या आयेगी।

**सिंह**
नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो उसकी योजना आज बना सकते हैं। आपकी सफलता के पीछे एकाग्रता और समर्पण का बड़ा हाथ रहेगा।

**कन्या**
गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। उत्तम कार्यशैली के कारण सफलता मिलेगी।

**तुला**
बच्चों को लेकर आपकी चिन्ता दूर होगी। अधिकारी आपके विरुद्ध व्यवहार कर सकते हैं। सोच-समझकर ही आपको निर्णय लेना चाहिये।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में रुकावटें आ सकती है। नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। बड़े भाई-बहनों के स्वास्थ्य की चिन्ता होगी। मन लगाकर सभी काम करें।

**धनु**
घर का वातावरण अत्यन्त सकारात्मक रहेगा। राजनैतिक सम्बन्धों का उत्तम लाभ उठा पायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका नियन्त्रण रहेगा। विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। मन लगाकर अपना काम करें।

**मकर**
अपनी बातों को दूसरों के ऊपर न थोपें। निर्माण कार्यों से जुड़े कारोबार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अपरिचित लोगों से अधिक मेल-मिलाप न करें।

**कुंभ**
आज कोई पुराना विवाद दूर होगा। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर तरोताजा महसूस करेंगे। बनते कार्यों में आ रही रुकावटें दूर होंगी।

**मीन**
करियर में अस्थिरता रहेगी। कटु भाषा बोलने के कारण लोग आपसे नाराज रहेंगे। विधिक मामलों में छोटी-छोटी गलतियों के कारण समस्या होगी।

# बाबा हरिगिरि धाम में जलाभिषेक के लिए कांवरियों ने भरा जल

## लोगों ने यातायात व्यवस्था पर प्रशासन का ध्यान कराया आकृष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बीहट।** सावन के तीसरी सोमवारी पर गढ़पुरा के बाबा हरिगिरी धाम में जलाभिषेक को लेकर रविवार को उत्तर वाहिनी सिमरिया गंगा नदी तट से जल भरने के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार को दिन भर श्रद्धालुओं की भीड़ सिमरिया गंगानदी तट पर लगी रही। कांवरिया हर-हर महादेव, हर-हर गंगे व बोलबम का जयकारे लगा रहे थे। कांवरिया गंगा स्नान के बाद जल भर कर कांवर पूजन भी वहां मौजूद पंडित से करवाते हैं। इस दौरान श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ व मां गंगा से उनसे हुई गलती को लेकर क्षमा भी मांगते हैं। इधर रविवार को कांवरियों की भीड़ को देखते हुए विधि-व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस बलों की तैनाती रही। वही गंगा स्नान के दौरान कोई भी श्रद्धालुओं नहीं डूबे इसको लेकर एसडीआरएफ व गोताखोर टीम के सदस्य गंगा नदी में रबर वोट, लाइफ जैकेट समेत अन्य सुरक्षा उपकरणों के साथ मुस्तैद थे। इधर सिमरिया गंगानदी से जल भरने के लिए रविवार की दोपहर से ही कोच बस, ट्रक, ट्रक्टर, बोलेरो, स्कार्पियो, बाइक समेत अन्य वाहनों से सिमरिया पहुंच जल भरने के बाद यहां से बोलबम की जयकारे के साथ पैदल रवाना हो रहे थे। इधर कांवरियों की सेवा के लिए थर्मल बस स्टैंड, चकिया, मल्हीपुर व बीहट समेत जगह-जगह पर विभिन्न संस्थाओं के द्वारा शर्बत व फल का वितरण कांवरियों के बीच किया गया। दूसरी ओर सिमरिया धाम स्थित राजेन्द्र पुल से लेकर बरौनी जीरोमाइल तक कांवरियों की भीड़ रहने की वजह से खबर लिखे जाने तक एनएच 31 सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से चकिया व बीहट आरओबी का निर्माण पूरे होने तक भीड़ वाले दिनों में केवल रात में ही बड़े वाहनों को प्रवेश करने देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने कहा कि एनएच 31 पर भीड़ वाले दिनों में सिक्सलेन सड़क पुल के उस पार तथा बरौनी जीरोमाइल के पास ही बड़े वाहनों को रोक देने से अवागमन के दौरान कांवरियों को सुविधा होगी।

## जलाभिषेक के लिए बोलबम रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** श्रावणी मेले की तीसरी सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवरिया बरौनी स्टेशन पहुंचे. स्टेशन परिसर में श्रद्धालुओं और यात्रियों की भारी भीड़ देखी गयी। सावन के मद्देनजर रेलवे विभाग ने यात्रियों की सुख सुविधा पर विशेष ध्यान में रखते दिख रहे हैं। बरौनी स्टेशन पर आरपीएफ इंस्पेक्टर लोकेश साव के नेतृत्व में सुरक्षा और व्यवस्था की पूरी तैयारी की गयी है। टिकट काउंटर से लेकर प्लेटफॉर्म तक यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ट्रेन के आगमन और प्रस्थान की नियमित उद्घोषणा की जा रही है। रेल विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर की घोषणा के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जायेगा। साथ ही यात्रियों को केवल फुट ओवर ब्रिज का उपयोग कर प्लेटफार्म बदलने की सलाह दी गयी है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक और स्पेशल ट्रेनों में सुरक्षा, कानून व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण को प्राथमिकता दी जा रही है। यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा श्रावण माह में हमारी पहली जिम्मेदारी है। वहीं बरौनी जंक्शन से देवघर के लिए जा रहे बरौनी 1 निवासी अमित कुमार, राजीव कुमार, राज कुमार पंडित छोटी बच्ची सालेनी कुमारी ने बताया कि हम बरौनी 01 से लगभग 200 से अधित भक्त बाबा के जलाभिषेक करने जा रहे हैं। हम सुल्तानगंज से जल लेकर लगभग 115 किलोमीटर पैदल चल कर बाबा के दरबार में पहुंच कर जलाभिषेक करेंगे और हमने लिए बाबा से बहुत सारा मन्नत मांगेंगे।बरौनी जंक्शन से जसीडीह की ओर जाने वाले यात्री बाबा बैद्यनाथ, बाबा बासुकीनाथ और बोल बम बोलो बम का जयकारा लगा रहे थे। पूरा स्टेशन परिसर बोल बम बोलो बम के जयकारा से गुंजायमान था। पूरा स्टेशन परिसर महादेव की भक्ति में सराबोर है। कांवरियों की भीड़ देख रेल प्रशासन अलर्ट मोड पर है।असामाजिक तत्वों यानि चोर, उच्चक्के, झपटमार, पकेटमार, चेन स्नेचर पर रेल पुलिस की पैनी निगाह है।। सीसीटीवी कैमरा से बरौनी जंक्शन की निगहबानी की जा रही है।

## 3.71 करोड़ की लागत से बनेगा 54.44 मीटर पुल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** सरौंजा के वीरपुर एवं लक्ष्मीपुर के बीच कुरुमा नदी पर (212.50) लंबे उच्चस्तरीय आर.सी.सी. पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को बेगूसराय सदर के विधायक कुंदन कुमार के द्वारा राज्य योजना (नाबार्ड) के अंतर्गत शिलान्यास किया गया जो लगभग 3.71 करोड़ की लागत से बनेगी। इस पुल के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक कुंदन कुमार ने करते हुए कहा कि यह पुल दशकों से जर्जरता का दंश झेल रहा है। स्थानीय लोगों ने वर्षो से मांग कर रहे थे कि इस जर्जर पुल का कायाकल्प हो जाए। मेरे लिए बहुत ही सौभाग्य का क्षण रहा कि यह कार्य मेरे द्वारा हुआ, इस पुल के निर्माण हेतु मैने कई बार विधानसभा में भी प्रयास किया। निश्चित रूप से इसके पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों को आवागमन में जो कठिनाई होती थी, उससे स्थायी रूप से मुक्ति मिलेगी। विशेषकर वीरपुर, सरौंजा, लक्ष्मीपुर सहित आसपास के गाँवों के किसानों, छात्रों और आम नागरिकों के लिए यह पुल सुविधा और विकास का नया मार्ग प्रशस्त करेगा। इस योजना की प्रशासनिक स्वीति की राशि 371.61 लाख है एवं पुल की कुल लंबाई 54.44 मीटर होगी। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री कुंदन भारती, भाजपा नेता रूपेश गौतम, महेश रजक, मंडल अध्यक्ष वीरशेन विक्रम, भाजपा के जिला सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष छोटेलाल सिंह, पूर्व मुखिया पंकज सिंह, राकेश कुमार, कुंदन जोशवा, अशोक पोद्दार, बबलू चंद्रवंशी, सनोज पोद्दार समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कारगिल विजय दिवस पर कारगिल नायकों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** बरौनी एनसीसी कैम्प में कारगिल युद्ध मे शाहिद जवान की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत, डिप्टी कैम्प कमांडेंट कर्नल मनीष वर्मा और 35 बिहार बटालियन एनसीसी के सूबेदार मेजर सुरेश तथा अन्य सैन्य अधिकारी और सबंधित सभी स्टाफ के साथ कैम्प में आये बिहार के लगभग 11 जिलों के 500 से अधिक कैडेटों ने कारगिल युद्ध 1999 के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों की बहादुरी की भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों की याद में दो मिनट के मौन से हुई।इसके बाद कैडेटों द्वारा देशभक्ति गीत, नाटक और कविताएं प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कैडेटों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक था जिसमें कारगिल युद्ध की वीर गाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कैम्प कमांडेंट कर्नल अमित अहलावत ने अपने संबोधन में कहा की 2025 में, कारगिल युद्ध को 26 साल हो गए हैं। अपरेशन विजय भारतीय सेना द्वारा जम्मू कश्मीर के कारगिल सेक्टर में पाकिस्तान के खिलाफ लड़ा गया था जो अब लद्दाख में है। कारगिल युद्ध हमारे सैनिकों की अद्भुत वीरता और बलिदान का प्रतीक है। एनसीसी कैडेटों को इस महान इतिहास से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश सेवा की भावना को हमेशा जीवित रखना चाहिए। इस मोके पर कर्नल मनीष वर्मा ने भी कारगिल युद्ध दिवस के बारे में बताया और कहा 1999 में भारतीय सैनिकों ने कारगिल की बर्फीली चोटियों पर लगभग तीन महीने की लंबी सशस्त्र लड़ाई के बाद पाकिस्तान पर अपनी जीत की घोषणा की थी। कारगिल युद्ध जिसे कारगिल संघर्ष के नाम से भी जाना जाता है। 1999 के मई से जुलाई के बीच जम्मू-कश्मीर के कारगिल जिले में नियंत्रण रेखा के पास लड़ा गया था जिसमें भारत को जीत मिली थी। इसलिए यह दिन भारतीय सैनिकों की जीत को समर्पित है। कार्यक्रम में सीनियर अफिसर, पीआई स्टाफ और सभी एनसीसी कैडेटों की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में सभी ने 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा गान के साथ देशभक्ति की भावना को और प्रबल किया।इस महत्वपूर्ण दिवस पर हमारे देश के स्वर्णिम भविष्य इस कैम्प में आये स्कूलों एव कॉलेजों के कडेट्स ने जो काफी जोश व उत्साह के साथ जो प्रशंसनीय प्रस्तुति दी है उनकी में काफी सराहना करता हूं।

## स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में विशेष कक्षाएं आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया के छात्रों की शैक्षणिक प्रगति और कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया ने एक महत्वपूर्ण पहल की थी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक रविवार को विशेष और अतिरिक्त कक्षाएं निःशुल्क आयोजित की जानी थीं। इसी क्रम में रविवार को इस विशेष कक्षा का सफल आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कक्षा में छात्रों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। इन कक्षाओं में स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, कटिहार से आए विषय विशेषज्ञ और विभागाध्यक्ष शिक्षकों ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने की रणनीतियाँ सिखाईं। कक्षा के पश्चात एक संक्षिप्त परीक्षण भी लिया गया ताकि यह परखा जा सके कि छात्रों की शंकाओं का समाधान हुआ है या नहीं। इस अवसर पर स्कॉटिश ग्रुप के निदेशक अनुप कुमार ने कहा हमारे इस प्रयास का उद्देश्य था कि औसत छात्र अच्छा प्रदर्शन करें, अच्छे छात्र टॉपर बनें और टॉपर छात्र उच्च उपलब्धियों को प्राप्त करें। ये रविवार की विशेष कक्षाएं बोर्ड परीक्षा तक नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। यह प्रयास विद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा और छात्रों के समग्र विकास के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

## मृदंगवादक बाबू ललन जी को 'भारत रत्न' देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** आरा पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच शत्रुंजय प्रसाद सिंह उर्फ बाबू ललन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात आयोजित परिचर्चा में बोलते हुए वक्ताओं ने बाबू ललन जी को 'भारत रत्न' देने की मांग किया। कहा की आरा जैसे कस्बाई क्षेत्र से वे निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। शास्त्रीय संगीत का कोई भी घराना हो वे आरा (जमीरा कोठी) में आना अपना मान सम्मान मानते और लालायित रहते थे। यही कारण रहा की उस दौर से ही आरा को मिनी बनारस कहा जाने लगा। बाबू ललन जी की जन्मतिथि पर आयोजित कार्यक्रम 'शास्त्रीय संगीत और बाबू ललन जी' परिचर्चा में आगत अतिथियों ने ये बातें कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सवर्ण क्रांति सेना की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह और संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार भिखारी ठाकुर और उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्पेंद्र नारायण सिंह ने किया। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान द्वारा आयोजित परिचर्चा के दौरान उनके शिष्य के रूप में आई महिला कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ सरोज सिंह व शालिनी जी को उनके कार्यकाल में हुए कई शास्त्रीय सम्मेलन की यादें साझा की। वहीं पुत्रवधू लीला सिंह ने कोलकाता में राष्ट्रीय सम्मेलन का जिक्र करते हुए बताया की एक साजिश के तहत बाबू ललन जी के समकक्ष एक बहुत बड़ा मृदंग रख दिया गया लेकिन वे झिझके नहीं बल्कि पैरों और हाथ से उसे बजाकर सम्मेलन में वाहवाही लूटी। राजघराने से आने के बाद भी वे आजीवन समाज के प्रति समर्पित रहते हुए शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा दिया। बाबू ललन जी पर रंगकर्मी सह पत्रकार रविन्द्र भारती के लिखे आलेख को अधिवक्ता अतुल प्रकाश ने अपने शब्दों में प्रस्तुत किया। जिससे कई लोगों को उनके बारे में नई नई जानकारियां मिली।

## बिस्कोमान अध्यक्ष का गड़हनी व उदवंतनगर में किया गया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी/उदवंतनगर/भोजपुर।** बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह को गड़हनी प्रखंड में चार जगहों पर जदयू व भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बगवां राइस मिल पर परमानंद सिंह उर्फ पप्पू सिंह व वरिष्ट नेता कुमार आनंद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार अरविंद सिंह व पैक्स अध्यक्ष शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में साथ फूल माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं गड़हनी अगिआंव मोड़ के पास युवा नेता रंजन सिंह व प्रखंड प्रमुख विनोद यादव के नेतृत्व में, गड़हनी बनास नदी पुल गोला के पास रामवचन सिंह, अवधेश पांडेय, जदयू अध्यक्ष अमरीश सिंह तोमर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। वहीं बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि बिस्कोमान पिछले 20 वर्षो से दूसरे के हाथों में चला गया था जिसके चलते बिस्कोमान की दशा बहुत खराब है अब बागडोर हमारे हाथों में आया है अब मैं कोशिश करूंगा कि इसकी स्थिति में सुधार किया जाए जिससे बिस्कोमान पहले जैसा दौर में आ सके। इस मौके पर इमरान अहमद उर्फ सोनू, जदयू जिला प्रवक्ता शंभू सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, अधिवक्ता भाई अरुणेश, प्रवीण सिंह, अजय सिंह, अरुण सिंह, महेंद्र सिंह, ऋषि सिंह, हर्षित परमार, कुंवर सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इधर बिस्कोमान अध्यक्ष विशाल सिंह का लोगो ने सासाराम जाने के क्रम में उदवंतनगर बाजार पर फूल माला व अंग वस्त्र से स्वागत किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सह उदवंतनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, संजीव सिंह ऊर्फ मिया, सरपंच मुकुल सिंह, चंदन चौधरी, चन्द्रमा सिंह, समिति विनय कुमार ऊर्फ भोला कमलेश सिंह, प्रमोद सिंह, जय कुमार सिंह, सिंकू सिंह थे।

## 9 अगस्त को मनाया जाएगा व्यवसायी दिवस : अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मोतिहारी।** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के 26वीं कार्यकारिणी की सातवीं बैठक बंजरिया पंडाल स्थित होटल के सभागार में चेंबर अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महासचिव आलोक कुमार ने गत बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी। बैठक नवीनीकरण शुल्क वसूली की समीक्षा के साथ शुरू हुई। सदस्यता वृद्धि की रिपोर्ट प्रभारी सदस्य के द्वारा दिया गया। अध्यक्ष अंगद सिंह ने बताया आगामी 9 अगस्त व्यवसाई दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उस दिन नगर के व्यवसाई अपने अपने प्रतिष्ठान को सुव्यवस्थित ढंग से सजाएंगे, पांच सबसे अच्छे सजे हुए प्रतिष्ठान को चैंबर पुरस्कृत करेगा। ट्रेड लाइसेंस शिविर लगाने पर चर्चा हुई। ये निश्चय लिया गया कि अगस्त में चरणबद्ध तरीके से कैंप लगाया जाए, इसका प्रचार शहर में माइकिंग कर के तथा सोशल मीडिया के द्वारा किया जाएगा। अध्यक्ष अंगद जी ने जानकारी दी कि मोतिहारी चैंबर आगामी अगस्त महीना के अंत में बीरगंज उद्योग एवं वाणिज्य परिषद के आग्रह पर मोतिहारी चैंबर की टीम व्यवसाय के बारीकियों को समझने के लिए वहां का दौरा करेगी। अध्यक्ष अंगद सिंह ने सभा को बताया चैंबर अपना निजी भवन बनाने के लिए दृढ़ निश्चय है इसके लिए जगह की पहचान हो गई है इसके लिए एक पांच सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया। सभा में पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र जालान, सुधीर अग्रवाल, संजय जायसवाल उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुनील कुमार श्रीवास्तव , संयोजक मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष अभिषेक लोहिया, उपसचिव अनिल बोहरा, कार्यकारिणी सदस्य राजीव जायसवाल, सत्यव्रत जायसवाल, रविशेखर भी उपस्थित रहे। विशिष्ट आमंत्रित सदस्य के रूप में अजय कुमार सुमन, परवेज़ आलम और मनीष कुशवाहा की उपस्थिती रही, इनका परिचय कराया गया। सभा का धन्यवाद ज्ञापन चंदू मिश्रा के द्वारा किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक स्थगन की घोषणा की गई। उक्त जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दिया।

## बोल बम, हर हर महादेव की जयघोष से गूंजती रही वाणावर की वादियां

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सावन के तीसरे रविवार के दिन 50 हज़ार से अधिक की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। रविवार की अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी एवं बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर, पातालगंगा एवं बावन सीढ़ियां इलाके में बने जलस्तोत्र से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और कतार में खड़े होकर मंदिर के मुख्य द्वार पर लगे अर्धा के माध्यम से बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। मौके पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। वहीं मंदिर के चारो तरफ ब्रेकेटिंग की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पीने का पानी, मेडिकल सुविधा, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, लाइटिंग इत्यादि की सुविधा की गई है। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा बोल बम, हर हर महादेव की जय घोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। मंदिर के प्रबंधक भानु प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह ने बताया कि सावन के तीसरे रविवार पर 50 हज़ार से अधिक की संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया हैं।

**जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भी किया निरीक्षण**

रविवार के दिन लगने वाली भीड़ को लेकर शनिवार आधी रात को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा वाणावर पहाड़ स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर विधि व्यवस्था एवं ड्यूटी पर लगे कर्मियों का समीक्षा किया। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर लगे पुलिस पदाधिकारीओ को कई दिशा निर्देश भी दिया। मौके पर दोनों पदाधिकारी ने हर एक चीज की बारीकी से समीक्षा की और मंदिर के समीप किसी भी स्थिति में भीड़ नहीं लगने देने का सख्त निर्देश दिया है। मौके पर जिले तथा प्रखंड के कई कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### अपहृत लड़की बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के एक गांव से पांच महीने पूर्व अपहृत लड़की को नावकोठी पुलिस ने बरामद किया है। अपहृता की मां ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात द्वारा बहला फुसला कर अपहरण कर लेने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने इसके लिए तकनीकी अनुसंधान प्रारंभ कर दी। तकनीकी अनुसंधान में उसके मधुबनी जिले के बिसफी थाने के सिमरी गांव में होने का पता चला। इसी अनुसंधान के आधार पर उसे वहाँ से बरामद कर थाने लाई तथा अपहरणकर्ता नीतीश कुमार राम को हिरासत में ले लिया। अपहृता को बीएनएस 183 के तहत न्यायालय में बयान के लिए उपस्थापित किया। मजिस्ट्रेट के समक्ष उसने बताया कि नीतीश कुमार राम से दोनों की मुलाकात बेगूसराय के एक होटल में भोजन करने के क्रम में हुई। वह उसका मोबाइल नंबर ले लिया। मोबाइल पर बातचीत के क्रम में वह अपने झांसे में लेकर बहला फुसला कर अपहरण कर लिया। वह अपने माँ पिता के साथ रहना चाहती है। न्यायालय के आदेश पर अपहृता को उसके माँ बाप को सुपूर्द किया गया तथा अपहरणकर्ता नीतीश कुमार राम को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस बरामद्गी में एस आई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी थाना रविवार की दोपहर बरौनी अध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पेप्सी प्लांट के नजदीक पुलिस वाहन जांच करने लगी थी। इसी क्रम में बोलोरो बीआर.0.9.एम.5557 गाड़ी गश्ती की गाड़ी को देखकर भागने लगे। भागते हुए फुलवरिया थाना क्षेत्र दीनदयाल रोड के नजदीक पकड़ा गया। इसकी सूचना फुलवरिया थाना अध्यक्ष को भी दी गई। गिरफ्तार युवक की पहचान बिहट गुरदासपुर टोला निवासी प्रभात कुमार सिंह का पुत्र नंदन कुमार वार्ड 28 थाना एफसीआई के रूप में कई गई है। फुलवरिया थाना में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### महावीरी झंडा को ले शान्ति समिति का बैठक

**मोतिहारी/ढाका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) की अध्यक्षता में अनुमंडल सभा कक्ष में नाग पंचमी के अवसर पर मनाए जाने वाले महावीरी झंडा पर्व-2025 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अनुमंडल शांति समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में अनुमंडल अंतर्गत संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, निर्धारित रूट में शांतिपूर्ण जुलूस निकालने, बिना लाइसेंस के जुलूस नहीं निकलने, वॉलेंटियर की प्रतिनियुक्ति करने, अफवाहों से बचने, किसी प्रकार की विधि व्यवस्था संबंधी सूचना मिलने पर प्रशासन को ससमय सूचित करने आदि विषयों पर चर्चा की गई। नगर परिषद ढाका अंतर्गत सभी रूटों की अच्छी तरह साफ सफाई करने, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने, पानी टैंकर की व्यवस्था करने हेतु कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद ढाका को निर्देशित किया गया। साथ ही लोगों से अमन व शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

### गुरु पूजन उत्सव का आयोजन

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरएसएस के तत्वावधान में चकिया अनुमंडल अंतर्गत कल्याणपुर खण्ड के कुल चार मण्डलों में क्रमशः माधोपुर गोविन्द, नरदरवा, बांसघाट एवं कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय पर गुरु पूजन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वयंसेवक बंधु शामिल हुए वहीं बौद्धिककर्ता के रूप में संघ के चम्पारण विभाग व्यवस्था प्रमुख श्री जितेंद्र त्रिपाठी, विश्व हिन्दू परिषद् जिलाध्यक्ष श्री उमेश सिंह, जिला कार्यवाह अजीत प्रकाश ने अपने अपने विचारों को मंडल स्तर पर आयोजित गुरु पूजन उत्सव के अवशर पर रखा। संघ की स्थापना व उद्देस्य, डॉक्टर जी का जीवन, संघ का मूल कार्य, शताब्दी वर्ष, पंच परिवर्तन एवं गुरु के रूप में भगवा ध्वज के महत्व पर विशेष प्रकाश डाले। उत्सव के दौरान गुरु शिष्य परम्परा को आजीवन निभाने, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, कुटुंब प्रबोधन, समरसता एवं स्वदेशी प्रयोग के विषय को बौद्धिकर्ताओं ने स्वयंसेवकों के बीच रखा। जिला के मुख्य मार्ग प्रमुख सत्यम कार्तिकेय वत्स ने स्वयंसेवकों से मंडल स्तर पर शाखा प्रारम्भ करने एवं मिलन मण्डली बनाने का आग्रह किये। कल्याणपुर खण्ड अंतर्गत सभी मण्डलों के गुरु पूजन उत्सव में मुख्य शिक्षक के रूप में जिला सह कार्यवाह कुंवर संदीप उपस्थित रहे वहीं मदन बैठा ने सामूहिक गीत व एकल गीत प्रस्तुत किये।

### सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दो चौकीदारों के रिटायर होने पर उदवंतगर थाना परिसर में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन हुआ। अध्यक्षता बिहार राज्य चौकीदार दफादार पंचायत संघ के जिलाध्यक्ष रामानंद सिंह व संचालन बिहार राज्य अराजपत्रित कर्यचारी महासंघ गोपगुट भोजपुर के जिला सचिव उमेश कुमार सुमन ने किया। 30 जून को दो चौकीदार बल राम व जितेन्द्र सिंह अपने सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर जयंत प्रकाश ने अंग वस्त्र व प्रतिक चिन्ह से दोनों चौकीदारों को देकर सम्मानित किया। कहा कि कार्य को निष्ठापूर्वक निर्वहण कर सेवानिवृत्त होना ही आज की मांग है। रामानंद सिंह ने कहा कि सेवा में आना और सच्ची निष्ठा से सेवा करते हुए बेदाग सेवानिवृत्त होना ही आज समय की पुकार है। दोनों साथी जो आज अपने सेवा से सेवानिवृत्त हुए, निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों को पूरा किया। कार्यालय परिवार में आपकी व्यवहार को ही याद किया जाता है। मौके पर रामकुमार सिंह, गोविंद यादव, माधो सिंह, जय राम सिंह, कामता सिंह, सरवन कुमार, शोभा देवी, तेतरी, देवी, आशुतोष, इन्द्रजीत, अलगू, राम अवधेश सिंह, राज देव पासवान, सुनील कुमार सिंह, राम कुमार, सोना धारी, कन्हैया सहित अन्य थे।

### मेधा सम्मान समारोह का आयोजन

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रकवि दिनकर प्लस टू स्कूल सिमरिया के प्रांगण में रविवार को मुचकुंद जयंती सह मेधा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनकर स्मृति विकास समिति के अध्यक्ष ष्ण कुमार शर्मा एवं संचालन संजीव फिरोज ने किया। अतिथियों ने दीप जलाकर एवं मुचकुंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मेधा सम्मान के लिए चयनित छात्रा श्रेया कुमारी को तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह ने अंग वस्त्र प्रशस्ति पत्र एवं नगद 5000 पुरस्कार से सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मनरेगा कार्य मे मिट्टी भराई एंव ईंट सोलींग में अनियमितता की शिकायत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा में मनरेगा के तहत योजनाओं मे बिना काम का पैसा का निकासी करने के साथ योजना में काफी अनियमितता करने का मामला सामने आया है। भंगहा पंचायत के वार्ड सदस्य धनंजय कुमार ने मनरेगा योजना मे पीआरएस के द्वारा बिना काम का पैसा का निकासी करने योजना में मनमानी करने का शिकायत बीस सूत्री अध्यक्ष संजय पटेल,बीडीओ दीपक राम एंव पीओ से की है। वार्ड सदस्य ने शिकायत में कहा है कि भंगहा पंचायत में ६.स्र.४ से सोना सती माई स्थान तक पईन की बिना सफाई किए पैसा की निकासी कर लिया गया है। जब इसकी लिखित शिकायत पदाधिकारी से करने के बाद पीआरएस द्वारा शनिवार को आनन फानन में पईन की सफाई कराया जा रहा था। इधर वार्ड सदस्य धनंजय कुमार ने शिकायत करते हुए यह भी बताया है कि गदीयानी भंगहा में ईदगाह के समिप सार्वजनिक स्थल पर मिट्टी भराई एंव ईंट सोलींग का कार्य सिर्फ कागजों में हुआ है और इस योजना का पैसा निकासी हो चुका है। जो की धरातल पर नहीं है।

### दीवार गिरने से युवक की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र के झरकहिया गांव में रविवार की दोपहर दिवाल गिरने से एक किशोर की मौत हो गई है। मृतक की पहचान शिकारपुर झरकहिया गांव निवासी मकसुद अंसारी के पुत्र मोसाहेब अंसारी (10) के रूप में हुई है। जीएमसीएच में उपस्थित मृतक की मां रूबिना खातून ने बताया कि मोसाहेब अंसारी रविवार को खेलने के लिए बगल के रूपेश यादव के घर गया था। उसके बच्चों के साथ खेल रहा था। इस बीच रूपेश यादव की दिवाल गिरने के कारण उसमें दब गया। जिसमें मोसाहेब गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय बाजार लगाया गया। जहां प्राथमिकी उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देख चिकित्सकों ने बेतिया रेफर कर दिया। जीएमसीएच में करीब 1:45 बजे पहुंचे। जहां इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत के बाद अस्पताल परिसर में मां की चीत्कार से कोहराम मच गया। सभी इस दर्दनाक घटना को लेकर निराश थे। वहीं अस्पताल नाका प्रभारी मदन कुमार मांझी ने बताया कि घटना की सूचना नहीं मिली है।

### मीना बाजार चौराहे से हटाया गया अतिक्रमण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के मीनाबाजार चौराहे से शनिवार की देर शाम अतिक्रमण हटाया गया। नगर निगम के कर्मचारियों ने जेसीबी से चौराहे को अतिक्रमणित कर बनाए गए चार झोपड़ियों को तहस नहस कर दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान कर्मचारियों को अतिक्रमणकारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। हालांकि विरोध का कर्मचारियों पर असर नहीं पड़ा। निगम के कर्मचारी जबरन अतिक्रमण हटा दिए। शनिवार की शाम निगम के कर्मचारी जेसीबी के साथ अतिक्रमण हटाने मीना बाजार चौक पर पहुंचे। जेसीबी से झोपड़ियां को तहस-नहस किया जाने लगा। झोपड़िया को टुटटा देख अतिक्रमणकारी एक महिला विरोध करने लगी। वह जेसीबी पर चढ़ गई। तब कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख अतिक्रमणकारी शांत हो गए। अतिक्रमण हटाने के बाद वहां बिखरे मलवे ट्रेलर पर लोड कर हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम के स्वच्छता पदाधिकारी मो. अशफाक अहमद, संजीव कुमार, जुलम साह, तबरेज आलम आदी मौजूद रहे।

### 2.99 करोड़ से बनेगी सोवा बाबू चौक से खुदाबख्श चौक रोड

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि 2,99,96,667 की लागत से सोवा बाबू चौक से अवंतिका चौक रोड, ट्रैफिक चौक होते शीतला माई स्थान को टच करते हुए जंगी मस्जिद होकर खुदाबख्श चौक रोड तक डबल लेन रोड और नाला निर्माण की निविदा जारी कर दी गई है। कुल 9 माह में बनकर तैयार होना निविदा की शर्तो में शामिल है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि कोई भी सक्षम संवेदक नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी निविदा पर 18 अगस्त तक अपनी दावेदारी अपलोड कर सकते हैं। इसके आधार 20 अगस्त को खुलने के लिए निर्धारित तकनीकी बीड खुलने के आधार पर कायार्देश जारी होगा। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि अब कायार्देश जारी होने के नौ माह के भीतर मीना बाजार परिसर को जोड़ने वाले इस डबल लेन रोड से शीतला माई चौक रोड की भी कनेक्टविटी जुड़ जाएगी। नाला सहित इस रोड का निर्माण पूरा होने पर इस क्षेत्र का आवागमन सुगम होने के साथ ही इस क्षेत्र को जल जमाव से भी मुक्त बनाया जा सकेगा।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महावीरी झंडा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर रविवार को लौरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने किया। थाना अध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह पर्व 29 जुलाई से लेकर 9 अगस्त तक मनाया जाएगा। यह पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। साथ ही उन्होंने बताया कि महावीरी झंडा के समय डीजे बजाना सख्त मना है। डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। जो भी सरकारी आदेश का अवहेलना करेगा पुलिस डीजे जप्त कर उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई करेगी। जिन्हें भी लाउडस्पीकर बजाना है उन्हें अनुमंडल से आदेश लेना होगा। वही प्रखंड प्रमुख शम्भू तिवारी ने बताया कि यहाँ सभी धर्मों के लोग सभी के त्योहारों के साथ आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मानते हैं। कही किसी तरह का कोई दिक्कत नही होता है। सभी लोग प्रशासन का भरपूर सहयोग करते हैं। मौके पर मुखिया इंजीनियर शैलेश राम वार्ड पार्षद लालबाबू राम, अनिल कुमार, लाल मिश्रा,खोबारी कुशवाहा, प्रभु यादव, मोहन ब्यास, सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महावीरी झंडा को लेकर नगर क्षेत्र में नवागत एसडीपीओ रागनी कुमारी के नेतृत्व में पलैग मार्च रविवार को निकला गया । इस दौरान एसडीपीओ ने कहा कि शांति पूर्ण माहौल में सभी अखाड़ा कमिटी को अखाड़े निकालने का निर्देश दिया गया है, किसी भी प्रकार के हथियार को जुलूस के दौरान पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पलैग मार्च में सीओ वेद प्रकाश, थानाध्यक्ष दीपक कुमार, बीडीओ अजीत कुमार, आर ओ कुन्दन कुमार, ईओ मुकेश कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

### एसएसबी ने खेलों इंडिया के तहत साइकिल रैली निकाली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी 44वी वाहिनी द्वारा खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत रविवार को साईकिल रैली निकाली गई। रैली एसएसबी के कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी के नेतृत्व में निकाली गई जो वाहिनी मुख्यालय से निकलकर नगर के मुख्य मार्ग होते हुए पकड़ी ढाला पहुचीं। वही पकड़ी ढाला से फिर वापस वाहिनी मुख्यालय पहुचकर समाप्त हुआ। इस दौरान कमांडेंट श्री नेगी ने कहा कि खेल से हमारे शरीर मे ऊर्जा का उत्सर्जन होता है। और हमे फुर्ती मिलती है इसके साथ ही खेल व व्यायाम से हमे स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के वीरता पूर्ण प्रयासों को सम्मान देना भी है। उन्होंने कहा कि समाज मे जागरूकता को लेकर एसएसबी द्वारा कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। साइकिल रैली में उप कमांडेंट ज्ञानेंद्र कुमार, सचिन शर्मा, क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया के उप कमांडेंट अजय कुमार सिन्हा, 44वी वाहिनी के सहायक कमांडेंट (संचार) रियास .पी समेत सैकड़ो जवानों ने भाग लिया।

### बिजली आपूर्ति बाधित रहने से परेशानी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार की सुबह घंटो बिजली की आपूर्ति बाधित रही।जिस कारण शहर के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 3 घंटे आपूर्ति के ठप रहने के कारण उमस भरी इस गर्मी में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर रविवार का दिन होने के कारण लोगों को परेशानी और अधिक बढ़ गई थी। करण की रविवार आमतौर पर छुट्टी का दिन होता है। ऐसे में लोग साफ सफाई से जुड़े कार्यो को करते हैं। लेकिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक आपूर्ति के ठप होने से लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ा । हालांकि इस बाबत पूछे जाने पर बगहा विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि पावर ग्रिड में मेंटेनेंस कार्य को लेकर शहर की आपूर्ति ठप की गई थी। इसी कारण शहर में आपूर्ति शुरू नहीं हो पाया। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस कार्य पूरा होते हैं आपूर्ति को बहाल कर दिया गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि लोगों को परेशानी नहीं हो उसको लेकर विभाग की ओर से शनिवार की देर शाम विभाग की ओर से सूचना जारी कर दिया गया था। दूसरी और शहर की सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति की आंख मिचौली से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लो वोल्टेज व विद्युत की अनियमित आपूर्ति को लेकर स्थानीय उपभोक्ताओं में रोष पनप रहा है।

# बिहार में फिर बनेगी एनडीए की सरकार, मुख्यमंत्री होंगे नीतीश कुमार: नजमुल होदा

## अल्पसंख्यकों को वोट बैंक नहीं, परिवार मानते हैं नीतीश कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सीवान।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) गोपालगंज के विधानसभा प्रभारी सैयद नजमुल होदा ने सीवान में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व क्षमता और अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति उनके योगदान की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि 2025 का चुनाव, 225 सीटों का लक्ष्य और एक बार फिर से नीतीश सरकार—यही है जदयू का मिशन।

**नीतीश कुमार की विकास नीतियों पर भरोसा**

सैयद नजमुल होदा ने कहा कि बीते दो दशकों में बिहार ने जो तरक्की की है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ नीतीश कुमार की सोच, ईमानदारी और प्रतिबद्धता को जाता है। उन्होंने कहा कि जब बाकी सरकारें सिर्फ दिखावे की राजनीति करती रहीं, नीतीश कुमार ने धरातल पर काम कर बिहार को नई पहचान दी।

**अल्पसंख्यकों के हित में किए ऐतिहासिक कार्य**

होदा ने विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदाय के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने कभी भी अल्पसंख्यकों को सिर्फ वोट बैंक नहीं माना। नीतीश जी ने अल्पसंख्यकों को परिवार का सदस्य समझा। उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान दिया।

**अन्य पार्टियों पर निशाना**

होदा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि बाकी पार्टियां अल्पसंख्यकों को सिर्फ चुनाव में याद करती हैं। तरह-तरह के वादे और प्रलोभन देकर उनका वोट हासिल करती हैं और फिर भूल जाती हैं। नीतीश कुमार ने न प्रलोभन दिया, न वादे किए। उन्होंने सीधा काम किया।

**जमीनी स्तर पर दिखता है असर**

जदयू नेता ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में न सिर्फ कानून का राज कायम हुआ, बल्कि हर वर्ग—खासकर अल्पसंख्यकों को सामाजिक सुरक्षा और सम्मान मिला। उन्होंने कहा बिहार में अगर कोई नेता है जो सबको साथ लेकर चलता है, तो वो नीतीश कुमार ही हैं।

**225 सीटें, एक लक्ष्य: फिर से नीतीश सरकार**

अंत में सैयद नजमुल होदा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 2025 के चुनाव में जदयू को 225 सीटों तक पहुँचाकर फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाएं। यह सिर्फ चुनाव नहीं, बिहार के भविष्य का मिशन है। बैठक में जदयू सीवान के जिलाध्यक्ष चंद्रकेतु सिंह, संतोष सिंह, चुन्नू सिंह, नेमतुल्लाह, प्रेस प्रवक्ता सुनील कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# गुठनी: घायल युवक की मौत से नाराज लोगों ने किया सड़क जाम

## थाना परिसर में विधायक और थानाध्यक्ष से हुई तीखी नोंकझोक ● गुठनी मैरवा, गुठनी मेहरौना और गुठनी दरौली मुख्य मार्ग जाम होने से राहगीर परेशान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गुठनी (सीवान)।** थाना क्षेत्र के गयासपुर गांव के युवक चंडी राजभर (35) वर्ष की मौत रविवार की सुबह ईलाज के दौरान गोरखपुर में हो गई। परिजन शव को लेकर थाना परिसर में पहुंचे। जिसकी सूचना मिलने के सैकड़ो ग्रामीण थाना परिसर में पहुंच गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना विधायक सत्यदेव राम को दिया। मौके पर पहुंचे विधायक सत्यदेव राम ने थानाअध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार से कई तीखे सवाल किया। उनका कहना था कि दो लोगों की मौत नहीं बल्कि हत्या हुई है। और पुलिस द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया नाराज ग्रामीणों ने गुठनी मैरवा, गुठनी मेहरौना और गुठनी दरौली मुख्य मार्ग को जामकर 3 घंटे तक प्रदर्शन किया। उन्होंने परिवार को मुआवजा देने, आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार करने, मामले की स्पीडी ट्रायल करने, वरीय अधिकारियों से मामले की जांच करने और घटनास्थल पर वरीय अधिकारियों के बुलाने की मांग कर रहे थे। थानाअध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने पहले ही मामला दर्ज कर लिया। वहीं घटना की गंभीरता से जांच पड़ताल की जा रही है।

**परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था मृतक**

थाना क्षेत्र के ग्यासपुर गांव के युवक की मौत ईलाज के दौरान रविवार की सुबह गोरखपुर के निजी अस्पताल में हो गई। मृतक चंडी राजभर परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसके परिवार में उसका इकलौता पुत्र छोटे राजभर, बेटी रानी कुमारी, रेखा कुमारी, सोना कुमारी, सलोनी कुमारी और पत्नी सावित्री देवीशामिल है। उसकी मौत के बाद जहां परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वहीं उसकी पत्नी के करुण विलाप से माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीण उसके कुशल व्यवहार की चर्चा कर रहे थे। उनका कहना था कि वह हर किसी के सुख-दुख में हाथ बंटाता था। सूचना मिलने के बाद माले कार्यकताओं ने भी जमकर हंगामा और नारेबाजी किया। जिनमें विधायक सत्यदेव राम, रामजी यादव, अंगद पटेल, विंदा देवी, नागेन्द्र यादव, लक्ष्मण चौहान, लालमोहर राजभर शामिल थे।

**क्या कहते हैं बीडीओ**

बीडीओ डॉ संजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राथमिकी की कॉपी मिलने के बाद पारिवारिक लाभ मिलेगा। परिजनों को सरकारी सहायता दी जाएगी।

# गड़बड़ी : 7,459.71 की जगह भेजा था 13790 का बिजली बिल, सुनवाई के बाद 6185 की कटौती

## जगदीशपुर के ब्रह्मा प्रसाद को मिली राहत, बिजली बिल विवाद का 45 दिन में हुआ समाधान ● बहुत अधिक बिजली बिल आने से परेशान थे उपभोक्ता, लोक शिकायत निवारण कार्यालय ने दिलाया न्याय




**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ग्राम जगदीशपुर मोड़, प्रखंड गोरेयाकोठी के निवासी ब्रह्मा प्रसाद को आखिरकार लंबे समय से चले आ रहे अत्यधिक बिजली बिल की समस्या से राहत मिली है। उपभोक्ता संख्या 127405998988 के अंतर्गत जुलाई 2025 माह में भेजे गए ₹13,790 के बिल को गलत पाए जाने के बाद जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, सिवान के हस्तक्षेप से उसमें ₹6,185 की कटौती की गई है।

**शिकायत पर नहीं हुई थी कार्रवाई, चक्कर काटते रहे उपभोक्ता**

ब्रह्मा प्रसाद ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले अपनी शिकायत सहायक विद्युत अभियंता आपूर्ति, अवर प्रमंडल, बसंतपुर के कार्यालय में दर्ज कराई थी। लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय, सिवान में परिवाद संख्या 9999901170325540988/1 अ के तहत शिकायत दर्ज कराई।

**लोक शिकायत कार्यालय की सक्रियता से मिला समाधान**

परिवाद की सुनवाई की प्रक्रिया 21 मई 2025 से शुरू हुई। लोक प्राधिकार ने सहायक विद्युत अभियंता को निर्देशित किया कि वह मामले की जांच करें। इसके बाद कनीय विद्युत अभियंता, गोरेयाकोठी की रिपोर्ट के आधार पर बिल में सुधार किया गया। अब संशोधित बिल ₹7,459.71 है, जिसे परिवादी ने स्वीकार कर लिया है।

**प्रचार-प्रसार से मिली जानकारी, ऑनलाइन माध्यम से किया आवेदन**

परिवादी ने बताया कि उन्हें लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम की जानकारी प्रचार-प्रसार और ऑनलाइन माध्यम से मिली। आवेदन भरने में सूचना-सुविधा केंद्र के कर्मियों ने उन्हें मदद की।

**परिवादी पूरी तरह संतुष्ट, कहा- अब जनता को मिल रहा है न्याय**

ब्रह्मा प्रसाद ने कहा कि वे कई महीनों से बिजली विभाग के चक्कर काट रहे थे लेकिन सुनवाई नहीं हो रही थी। लोक शिकायत निवारण कार्यालय में आवेदन देने के महज 45 दिनों में उन्हें राहत मिल गई। उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया और कहा कि इस व्यवस्था से अब आमजन की आवाज भी सुनी जा रही है।

**जिला प्रशासन की तत्परता से बढ़ा आमजन का भरोसा**

अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सिवान ने बताया कि कार्यालय जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेकर निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित कर रहा है। ब्रह्मा प्रसाद का मामला इसका बेहतरीन उदाहरण है।

# नशा खिलाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

## पीड़िता की सहेली ने ही रचा था षडयंत्र, पुलिस ले गई थाने

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक मुहल्ले में नशा खिलाकर सातवी की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में शिकारपुर पुलिस ने एक युवक समेत सडयंत्र रचने वाली पीड़ित छात्रा की सहेली को भी गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में बताया जाता है की नगर से सटे एक गांव की नाबालिग छात्रा को 24 जुलाई की शाम उसकी सहेली की मदद से नशा खिलाकर पहले अगवा किया गया और फिर नगर के हरदिया चौक समीप दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। होश आने पर पीड़ित नाबालिग हरदिया चौक मोहल्ले के जिस घर में मिली वह घर चांदसी पासवान का है। पीड़िता के पिता ने बताया सहेली की मदद से बेटी को नशा खिलाकर चांदसी पासवान ने बाइक से अगवा कर लिया। हम सभी लोग बेटी की तलाश करते रहे। दूसरे दिन वह हरदिया मुहल्ले में चांदसी के घर में मिली। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और पीड़ित नाबालिक छात्रा को लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया गया है। पीड़िता ने बताया कि उसके साथ गलत किया गया है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोविंद चन्द्र शुक्ल ने बताया कि लड़की को प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया है। शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित नाबालिक छात्रा की बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना में आरोपित चांदसी समेत षड्यंत्र करने वाली लड़की को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना की हर पहलू की जांच की जा रही है।जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राम जानकी विवाह भवन में भाजपा कार्यशाला संपन्न

## एनडीए सरकार ने बिहार को जंगलराज से निकाला: भाजपा नेताओं का दावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जिरादेई (सीवान)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को जीरादेई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मैरवा स्थित राम जानकी विवाह भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से की गई। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

**बिहार में अब कानून का राज: भाजपा**

कार्यशाला की अध्यक्षता मैरवा सदर मंडल अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह उर्फ बम सिंह ने की, जबकि संचालन सुधांशु शेखर ने किया। भाजपा नेताओं ने बिहार के पिछले दो दशकों की स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा कि 20 वर्ष पूर्व राज्य में जंगलराज था, हर गांव और जिले में गुंडागर्दी और अपहरण का बोलबाला था। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के आने के बाद बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है और न्याय के साथ सबका विकास हो रहा है। जिला प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा ने बूथ स्तरीय संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को विस्तार से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने और अधिक से अधिक मतदाताओं को जोड़ने पर बल दिया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज सिंह राणा एवं वरिष्ठ नेता बैजनाथ मिश्र ने बूथों को सशक्त बनाने की रणनीति साझा की।

**सोशल मीडिया बना भाजपा की ताकत**

कार्यशाला में सोशल मीडिया की बढ़ती भूमिका पर चर्चा करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज के युग में सोशल मीडिया एक प्रभावी माध्यम है, जिसके जरिये हम कम समय में अपनी बात अधिक लोगों तक पहुंचा सकते हैं।

### मैनाटांड़ के माधुरी में विवाहिता की हत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड़ के मधुरी गांव निवासी दारोगा महतो की पत्नी आशा देवी (20) की हत्या दहेज के लिए ससुराल वालों ने कर दी है। घटना शनिवार की सुबह की है। नरकटियागंज एसडीपी ओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि आशा देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है। मृतका के परिजनों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। ससुराल वाले घर छोड़कर फरार है। जीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराने पहुंची आशा देवी की चाची बलथर निवासी मैना देवी ने बताया कि आशा की शादी वर्ष 2023 में दारोगा महतो से हुई थी। उसे एक नौ माह का बेटा है। शादी के बाद से ससुराल वाले एक लाख रुपया दहेज को लेकर आशा को प्रताड़ित करते थे। आशा के पिता महेन्द्र महतो की मृत्यु हो चुकी है। शनिवार की सुबह जानकारी मिली कि आशा की हत्या उसके भसुर भगवान महतो, दयादिन सीमा देवी, ननद मालती देवी तथा नंदोई दशरथ महतो कर दी है। सूचना मिलने पर परिजन गांव में पहुंचे तो देखा कि आशा का शव पुआल पर रखा हुआ था। ससुराल वाले घर छोड़कर फरार थे।

### नवविवाहिता की दहेज के लिए हत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कुमारबाग थाना के मठिया गांव में दहेज के लिए नवविवाहिता निक्की देवी (22) की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। घटना शनिवार की देर शाम की है। निक्की बगहा के रामधाम मंदिर निवासी गुड्डु चौधरी की पुत्री थी। निक्की की शादी 18 अप्रैल 2025 को कुमारबाग के मठिया गांव निवासी भिखारी महतो से हुई थी। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि निक्की देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है।

# गायत्री शक्तिपीठ बना श्रद्धा व सेवा का केंद्र: शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने किया रुद्राभिषेक

## बेटियों को दिए जा रहे नेत्र चिकित्सा प्रशिक्षण की सराहना की

के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो





**छपरा (सारण)।** जिले के मस्तीचक स्थित गायत्री शक्तिपीठ रविवार को आध्यात्मिक ऊर्जा व समाज सेवा के अद्भुत संगम का केंद्र बन गया। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ अपने परिवार संग यहां पहुंचे और बाबा पं. रमेश चंद्र शुक्ल की पुण्यतिथि पर आयोजित नौ दिवसीय शिष्य शिरोमणि संत महोत्सव के दूसरे दिन विधिवत रुद्राभिषेक में भाग लिया। डॉ. सिद्धार्थ के साथ उनकी पत्नी डॉ. एन. विजयालक्ष्मी, पुत्री तथा अन्य परिजन भी उपस्थित थे। शक्तिपीठ परिसर में वे लगभग चार घंटे रहे और इस दौरान अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। रुद्राभिषेक कार्यक्रम के दौरान श्रीराम शर्मा आचार्य, मां गायत्री और नवप्राण प्रतिष्ठित शिवलिंग की पूजा वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न हुई। यह अनुष्ठान काशी से आए आचार्य मनीष तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार एवं पुजारी विकास शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। डॉ. सिद्धार्थ ने गायत्री शक्तिपीठ की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह केवल आध्यात्मिक केंद्र नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाला प्रेरणास्रोत बन गया है। उन्होंने विशेष रूप से बेटियों को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना की और कहा कि अन्य संस्थानों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर सारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, डीईओ कार्यालय के अमित कुमार, अस्पताल के वरीय प्रबंधक अमित कुमार, विकास सिंह, जितेन्द्र कुमार सिंह उर्फ चिटू सिंह, ओमप्रकाश सिंह तथा मुख्य ट्रस्टी मृत्युंजय कुमार उर्फ मुन्ना तिवारी समेत कई गणमान्य जन उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन श्रद्धा, सेवा व शिक्षा के त्रिवेणी संगम का प्रतीक बनकर क्षेत्रवासियों ही नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

**शपथ पत्र**

मैं इंदु कुमारी उर्फ इंदु देवी पति स्व चंदेशवर प्रसाद सिंह साकिन/ निवासी निरपुर , पो- रामनगर करारी कच्छार, थाना अथमलगोला, जिला पटना, शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरी जन्म तिथि 02.02.1962 है। मेरे आधार कार्ड सं 332634208039 में मेरा नाम इंदु देवी जबकि मेरे पति के सर्विस बुक में मेरा नाम इंदु कुमारी है। यह कि मेरा ही नाम इंदु देवी उर्फ इंदु कुमारी है और मैं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूं और इस नाम की मेरे गांव में कोई दूसरी महिला नहीं है।

**Affidavit**

I, hitherto known as Pintu Kumar s/o Yogendra Yadav vill- Basobagi, Hasanchak, Patna Bihar PIN-803214 have changed my name and shall hereafter to known As AMARJEET YADAV

**Affidavit**

SANJAY CHOUBEY, S/o.- Shri Krishna Choubey, Vill- Near Ram Janki Temple, Shahar Medani, Bisodehri District-Rohtas Bihar 821108 hereby affirm and declare as follows Vide Affidavt No. 457 dated 26.07.2025 That ANAND MOHAN CHOUBEY is my Son. That in ANAND MOHAN CHOUBEY 10th all educational certificate my name mistakenly mentioned as SANJAY KUMAR CHOUBEY. That in my aadhar card my name mentioned as SANJAY CHOUBEY. That I shall be known as SANJAY CHOUBEY for all purposes.

**Affidavit**

Mrityunjay kumar Singh S/O Rajdhari Singh, R/o- Near DAV public school Narha panapur, Meghua, Nankardewa, East Champaran, Bihar- 845406 hereby affirm and declare as follows Vide Affidavt No. 1148 dated 17.07.2025 That my correct name mentioned in Aadhar card as Mrityunjay Kumar Singh. That in my pention record my name incorrectly mentioned as Mritunjay Kumar Singh. That instead of Mritunjay Kumar Singh I shall be known as Mrityunjay Kumar Singh for all purposes

# डीएम व एसपी ने बाबा सिद्धनाथ मंदिर में की तैयारियों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** श्रावण मास की तृतीय सोमवारी को लेकर मखदुमपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक बाबा सिद्धनाथ मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में रविवार देर रात जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार ने बराबर पहाड़ी स्थित मंदिर परिसर एवं आस-पास के रास्तों का गहन निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित ढंग से मंदिर परिसर तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों, पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में तत्पर रहने का निर्देश दिया। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था, ट्रैफिक नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को चौकस रहने और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। श्रावण की तृतीय सोमवारी पर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में इस बार की तैयारियों को लेकर प्रशासन की सक्रियता विशेष रूप से सराहनीय है।

# पत्नी की हत्या के आरोपित के घर कुर्की-जब्ती कार्रवाई

## हसपुरा थाना क्षेत्र के वंशी विगहा गांव में हुई कार्रवाई, आरोपित पांच वर्षों से है फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के वंशी विगहा गांव में रविवार को पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित मो. खुर्शीद के घर अदालत के आदेश पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई हसपुरा पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मो. खुर्शीद के खिलाफ वर्ष 2018 में हसपुरा थाना कांड संख्या 83/18, धारा 304 (बी) / 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस पर अपनी पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का आरोप है। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई थी। कोर्ट के आदेश पर रविवार को आरोपी के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई, जिसमें एसआई कमल किशोर,




संजय कुमार, सुगंध कुमार समेत दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस टीम ने घर में मौजूद सामानों की सूची बनाकर उन्हें जब्त किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि यदि आरोपित जल्द ही सरेंडर नहीं करता है, तो उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई और तेज की जाएगी। वहीं, गांव में पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर हलचल देखी गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। पुलिस का कहना है कि कानून से बचने की कोई गुंजाइश नहीं है, और फरार आरोपितों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संस्कारयुक्त शिक्षा को बताया भविष्य की नींव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** एकल अभियान, हसपुरा संच के तत्वावधान में शनिवार को श्री राम जानकी धर्मशाला, चौराही रोड, हसपुरा में विद्यालय सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संच अध्यक्ष सुरेश आर्य ने की, जबकि संचालन अरवल अंचल के अभियान प्रमुख आनंद कुमार सिंह ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि लवली गुप्ता (प्रदेश कोषाध्यक्ष, झारखंड), सरोज सिंह (जिला उपाध्यक्ष, गढ़वा, झारखंड) एवं सावित्री देवी (मंडल मंत्री, गोह) रहे। सभी ने एकल विद्यालयों में दिए जा



रहे संस्कारयुक्त पंचमुखी शिक्षा पद्धति की सराहना करते हुए कहा कि आज जिन बच्चों को संस्कृतनिष्ठ शिक्षा दी जा रही है, वे ही कल भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेंगे। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बिना संस्कृत भाषा के संपूर्ण शिक्षा और संस्कार की कल्पना अधूरी है। एकल अभियान के आचार्य एवं आचार्याएं गांवों में जो कार्य कर रहे हैं, वह सराहनीय है और ग्रामीण भारत को शिक्षित, संस्कारी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर संच युवा प्रभारी पिंटू चौधरी ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। समारोह में संच सचिव अनिल आर्य, संच प्रमुख नागेश्वर पासवान, राजू भारती, पप्पू कुमार, मनीष कुमार, आचार्या रंभा कुमारी, सरिता देवी, माधुरी देवी समेत कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पेंशनर समाज की बैठक में पेंशन और स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा शहर के हाईस्कूल मोड़ स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय के अध्ययन कक्ष में शनिवार को बिहार पेंशनर समाज की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इकरामूल हक ने की, जबकि संचालन सुरेश प्रसाद सिंह (सचिव) ने किया। बैठक में पेंशनरों ने अपनी लंबित समस्याएं और स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियों को विस्तार से साझा किया। सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने बताया कि कम्यूटेशन की अवधि को 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष किए जाने को लेकर बिहार पेंशनर समाज की ओर से पटना उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इस पर सुनवाई के लिए सहयोग राशि शीघ्र जमा करने की अपील सभी सदस्यों से की गई। बैठक में पेंशनरों के स्वास्थ्य, नियमित पेंशन भुगतान और अन्य प्रशासनिक जटिलताओं पर भी गंभीरता से चर्चा की गई। इस दौरान



समाज की मासिक पत्रिका का वितरण भी किया गया। बैठक में रामजीत प्रसाद, मुमताज अंसारी, कपिल देव प्रसाद सिंह, गणेश प्रसाद सिंह, सिद्धेश्वर प्रसाद, अंबिका प्रसाद सिंह, जयराम प्रसाद, किशोरी चौधरी, कामेश्वर प्रसाद सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, शिवलखन चौधरी समेत कई पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे। सचिव ने सभी वरिष्ठ नागरिकों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और एकजुट होकर अपनी मांगों को आगे बढ़ाने की अपील की।

# रोगी कल्याण समिति सदस्य विमला सहित छह को किया नामित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** राज्य स्वास्थ्य समिति पटना द्वारा मदनपुर स्वास्थ्य केन्द्र के रोगी कल्याण समिति शासी निकाय समिति सदस्य के रुप में छह सामाजिक कार्यकर्ताओं को नामित किया गया है। यह जानकारी राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार पटना कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत द्वारा जारी पत्र के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर के निर्गत पत्र के माध्यम से दी गई है। नामित सदस्यों में प्रियंका स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के विमला देवी, रागनी कुमारी उमगा, नीरज भुईयां कंचनपुर, सतीश पाठक बनियां, रंजन चौधरी वार, राजेश कुमार सिंह कुंडला पर शामिल हैं। पूर्व विधायक सह जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने नामित सदस्यों को बधाई संदेश दिया और कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सामाज के सभी वर्गों के लोगों को सम्मान देने का काम करते हैं और करेंगे। नामित रोगी कल्याण समिति सदस्य रोगियों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वयन कर लाभान्वित करें। अस्पताल की विधि व्यवस्था और सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम करेंगे।

# जमीनी विवाद में पति-पत्नी समेत तीन लोग घायल

## गंभीर हालत में घायल को भेजा गया सदर अस्पताल, पुलिस ने शुरू की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कासमा थाना क्षेत्र के खैरा गांव में रविवार को जमीन विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच हुई मारपीट में पति-पत्नी समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में घायल हुए कौलेश्वर प्रजापत, उनकी पत्नी सोनिया देवी और बेटा चंदन कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को परिजनों की सहायता से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, कौलेश्वर प्रजापत अपने खेत में धान की रोपनी के लिए खेत तैयार कर रहे थे। इसी दौरान



उनका छोटा भाई बैजनाथ प्रजापत लाठी, डंडे और धारदार हथियार लेकर वहां पहुंचा और उन पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना से पहले दोनों भाइयों के बीच जमीन को लेकर तीखी बहस हुई थी, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। जब कौलेश्वर को पीटा जा रहा था, तो उन्हें बचाने पहुंची उनकी पत्नी और बेटा को भी बेरहमी से पीटा गया। हमले के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित किया। कासमा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। पीड़ित पक्ष से प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

स्थानीय लोगों ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, लेकिन पुलिस की सतर्कता से स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

# बराबर- मखदुमपुर मार्ग पर बाइक और ऑटो की सीधी टक्कर, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** बराबर-मखदुमपुर मुख्य पथ पर रविवार को बराबर हॉल्ट के समीप बाइक और ऑटो के बीच सीधी टक्कर हो गई, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत मखदुमपुर रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, बराबर मंदिर से सवारी लेकर लौट रहा एक ऑटो जैसे ही वाणावर हॉल्ट के पास पहुंचा, उसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों की पहचान चंदई गांव निवासी गुलशन कुमार, अनुकूरी कुमार एवं जहानाबाद निवासी लवकुश कुमार के रूप में हुई है। सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि घायलों की स्थिति अब खतरे से बाहर है और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय देखरेख दी जा रही है। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बराबर-मखदुमपुर मार्ग पर वाहन चालकों से सतर्कता बरतने की अपील की है। गौरतलब है कि यह मार्ग तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों की आवाजाही के कारण अत्यंत व्यस्त रहता है, ऐसे में ट्रैफिक नियमों का पालन करना जरूरी है।

# अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी में बच्चों की उपस्थिति और समग्र विकास पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, मांदिल में सोमवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. अरविंद चौधरी ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्य, मीना मंच, बाल संसद के प्रतिनिधि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. अरविंद चौधरी ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ल्लशिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है। यह विकास के बंद द्वारों को खोलने की कुंजी है।ङ्क उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें और उनकी शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। संगोष्ठी में बच्चों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने अभिभावकों से इन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की अपील की। बैठक के दौरान अभिभावकों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया और तत्काल समाधान की दिशा में पहल की गई। इसके साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित थीम पर चर्चा करते हुए सभी ने उस थीम को आत्मसात करने की शपथ भी ली। इस अवसर पर शिक्षकों में अरुण कुमार सिंह, शीला कुमारी, रानी अर्पणा, सुनीता कुमारी, सरिता कुमारी, ऋषिकांत कुमार, विभा वर्मा, रौली कुमारी व श्याम कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे। वहीं, समुदाय की ओर से कंजीत मांझी, गंगा पासवान, सीता देवी, फ़ेकनी देवी, सविता देवी, सुनैना देवी, पार्वती देवी, साहू जी और सोनी देवी समेत सैकड़ों अभिभावकों की भागीदारी रही। यह संगोष्ठी विद्यालय और समुदाय के बीच आपसी संवाद, सहयोग और सहभागिता को मजबूत करने की दिशा में एक सफल और प्रेरक कदम के रूप में सामने आई।

# जब तक जिला हरा-भरा न हो जाए, पौधारोपण जारी रहेगा : गायत्री परिवार

## बराबर थाना परिसर में गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा 217वां साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, जहानाबाद द्वारा रविवार को 217वां साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन बराबर थाना परिसर में किया गया। इस अवसर पर फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि पेड़ प्रकृति की सबसे कीमती देन हैं, जो न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक शुद्ध वायु, वर्षा और तापमान को नियंत्रित करने में भी सहायक हैं। उन्होंने कहा कि आज वनों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य रंगेश कुमार ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक पूरा जिला हरियाली से आच्छादित नहीं हो जाता। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि



पृथ्वी की देखभाल हमारी जिम्मेदारी है, और इसके लिए हर व्यक्ति को वृक्षारोपण जैसे सकारात्मक कदमों में भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण, विलुप्त हो रही वनस्पतियों और प्रजातियों पर चिंता जताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने ग्रह को पुनः हरा-भरा और जीवंत बनाएं। इस अवसर पर रंगेश कुमार, कौशल कुमार, श्यामनारायण कुमार, शिशुपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार, भारती जी, मनोज मिश्रा सहित बराबर थाना के एएसआई सोनू कुमार एवं कई पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सुदृढ़ किया।

# मारपीट की धमकी पर एफआईआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के पाठक बिगहा गांव में वाहन क्षति और मारपीट की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रमोद कुमार ने गांव के ही मनोज यादव पर मैजिक वाहन का शीशा तोड़ने और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में रफीगंज थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने मामले की पुष्टि की और बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

# रफीगंज में एबीवीपी का सदस्यता अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की रफीगंज इकाई द्वारा शनिवार को विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने परिषद की सदस्यता ग्रहण कर संगठन के साथ अपनी वैचारिक निष्ठा जताई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि एबीवीपी का यह सदस्यता अभियान 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिर्फ एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए समर्पित वैचारिक आंदोलन है। परिषद विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु सिंह राजपूत, नगर सह मंत्री उज्जवल मिश्रा, रोहन गुप्ता, सनी कुमार, सत्यम कुमार, रिया कुमारी और प्रियंका कुमारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारिश के बाद जहरीले जीव-जंतुओं का बढ़ा खतरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। जिले में हाल ही में हुई बारिश के बाद उत्पन्न उमस भरे मौसम और जलजमाव के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सांप और बिच्छुओं के निकलने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बीते 24 घंटे में सर्पदंश के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें दर्जनों लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, कई मरीजों की हालत गंभीर थी, लेकिन समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बच गई। डॉक्टरों ने बताया कि यह स्थिति मुख्यतः बारिश के बाद खेतों, गलियों और घरों के आसपास हुए जलजमाव के कारण उत्पन्न हो रही है। ग्रामीण इलाकों में जहरीले जीवों का सक्रिय होना अब आम बात हो गई है, जिससे महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद खेतों और घरों के पास



जलजमाव के चलते सांप-बिच्छुओं का डेरा लग गया है। कई गांवों से लगातार सर्पदंश की शिकायतें मिल रही हैं। इसके बावजूद अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि वे रात को मच्छरदानी का उपयोग करें, घरों के आसपास साफ-सफाई रखें और जलजमाव को यथाशीघ्र हटाने की कोशिश करें। डॉक्टरों ने यह भी सलाह दी है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय तुरंत अस्पताल पहुंचे, ताकि समय रहते उपचार मिल सके।

वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वे गांवों में जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करें और सांप-बिच्छू भगाने वाली दवाओं का छिड़काव कराएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु में इस तरह की घटनाएं जहानाबाद जिले में सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार लगातार हो रही बारिश, जलजमाव और उमस भरे मौसम ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है।

# शिक्षा ही सर्वांगीण विकास की कुंजी : प्रधानाध्यापक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय नावाडीह में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमारी सुनीता ने की। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ाई के माहौल को बेहतर बनाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर शिक्षक एवं अभिभावकों के बीच विचार-विमर्श हुआ।

संगोष्ठी में प्रधानाध्यापक ने सभी अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना विकास अधूरा है और



इसके लिए छात्रों को प्रतिदिन समय पर स्कूल यूनिफॉर्म में स्कूल भेजना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि विद्यालय और घर स्वच्छ रहेगा तो पूरा गांव सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक दिखेगा। बैठक में विद्यार्थियों के लर्निंग गैप को दूर करने, उन्हें व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने, तथा अनुशासन और नियमितता जैसे मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा की गई। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रशासन को सहयोग देने और बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं रेशमा यादव, उर्मिला कुमारी, मीणा कुमारी, आरती कुमारी, शिक्षक राजकुमार प्रसाद, ग्रामीण बिरेन्द्र कुमार, संतोष प्रसाद सहित कई अभिभावक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी को विद्यालय और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। संगोष्ठी सकारात्मक संवाद और सहभागिता का एक सशक्त माध्यम साबित हुई।

# एआईएमआईएम की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** एआईएमआईएम की एक बैठक शनिवार को शहर के ब्लॉक रोड स्थित एक निजी भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के भावी प्रत्याशी शाने अली खां ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम का मकसद समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है। पार्टी में भेदभाव नहीं, बल्कि इंसानियत और समानता की बात होती है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम में सभी धर्म, जाति और समुदायों के लोगों का स्वागत है और पार्टी का विस्तार लगातार हो रहा है। बैठक में उपस्थित लोगों से पार्टी को नीतियों और विचारधारा के आधार पर मजबूत करने का आह्वान किया गया।

# सिन्हा कॉलेज में एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज परिसर में कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक के द्वारा 26 जुलाई से 4 अगस्त 2025 तक चलने वाले 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के तत्वाधान में यह शिविर लगाया गया है। बटालियन के कैंप कमांडेंट ने बताया कि सभी कैडेट्स को जोश और समर्पण के साथ इस प्रशिक्षण में भाग लेने की प्रेरणा दी जाएगी। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र सेवा, एकता और अनुशासन की भावना को और मजबूत करना है। शिविर में



औरंगाबाद, रोहतास एवं अरवल जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं जिसमें छात्र एवं छात्राएं दोनों शामिल हैं।

कैंप कमांडेंट ने बताया कि एनसीसी का आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' केवल शब्द नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र है। इस कैंप में सभी एनसीसी कैडेटो को लाइव सीक्लस, डिजास्टर मैनेजमेंट, मैप रीडिंग, सामाजिक सहभागिता और गण हैंडलिंग जैसे जरूरी क्षमताओं का अभ्यास कराया जा रहा है। इस प्रकार के सभी प्रशिक्षणों से बच्चों में शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होगा और वह समाज के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक नागरिक बन सकेंगे। सभी कैडेट्स के लिए जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम भी बनेगा। इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी एनसीसी कैडेटो में नई ऊर्जा और उत्साह का भी विकास होगा। इसके उपरांत एनसीसी कैडेट भारतीय सेना में शामिल होने के लायक होंगे एवं अन्य प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगा।

बटालियन के सुबेदार मेजर रमेश पात्रा ने बताया कि सभी कैडेट्स की अच्छी स्वास्थ्य के लिए मेडिकल टीम की भी तैनाती की गई है। मौके पर शिविर के डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह, कॉलेज एवं बटालियन के सभी सैन्य एवं असैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# डकैती की योजना बनाते पांच गिरफ्तार

## पिस्टल व कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** नगर क्षेत्र में घर व बैंक में डकैती की बड़ी वारदात देने के पहले पुलिस व एसटीएफ के हत्थे पांच शातिर अपराधी चढ़ गये। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक पिस्टल का मैंगजीन, 11 गोली व 3 मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार साहिल कुमार, रोहित कुमार उर्फ कल्लू, राज कुमार, गोलू कुमार व रोशन कुमार चौक थाना पटना का निवासी हैं। गिरोह के मास्टरमाइंड कल्लू एसपी उर्फ रोहित कुमार ईस्टग्राम पर बाप से मस्ती नामक पेज चलाता है। सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि पटना पुलिस व एसटीएफ के गुप्त सूचना मिली कि कुछ अपराधी दानापुर थाना क्षेत्र में एक घर व बैंक में डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर एसएसपी ने सिटीएसपी के नेतृत्व में पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त विशेष टीम गठित किया गया। गठित टीम ने सूचना के आधार पर थाने के चिन्हित स्थानों पर छापेमारी कर डकैती की योजना बनाते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार के पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक पिस्टल का मैंगजीन , 11 गोली व तीन मोबाइल बरारमद किया गया है। सिटीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि बेऊर जेल में बंद अपने साथी के कहने पर थाना क्षेत्र के डकैती की योजना बना रहे थे।

गिरफ्तार अपराधियों ने एक ऐसे घर को टारगेट बनाया था, जो बुजुर्ग दंपत्ति रहते है और उसके परिजनों विदेश में है। विरोध करने पर बुजुर्ग की हत्या करने की मंशा थी। गिरफ्तार रोहित उर्फ कल्लू एसपी का चौक थाना और जक्कनपुर थाना में मामला दर्ज दर्ज है। गिरफ्तार साहिल, रोहित, राज, गोलू व रोशन से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# तत्कालीन धनरूआ थानाध्यक्ष व दो अवर निरीक्षक के अलावे दस पुलिस बलों पर प्राथमिकी

## पुलिसिया दबंगई का मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना के बिरंचीपर निवासी नंद किशोर चौधरी के पुत्र मयंक चौधरी के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार तीन साल बाद पुलिस की दबंगई के विरुद्ध स्थानीय व्यवहार न्यायालय के आदेश के बाद धनरूआ के तत्कालिन थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह व अवर निरीक्षक विकास कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार के अलावे दर्जन भर सिपाही के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने में सफलता मिल पायी। गौरतलब है कि बीते वर्ष 2022 के 24 अगस्त की रात्रि दस बजे तत्कालिन थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह एवं अवर निरीक्षक विकास कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक विजय कुमार व एक अन्य के अलावे दस से पन्द्रह की संख्या में रहे पुलिस बल मयंक चौधरी के बिरंचीपर घर पर पहुंच गेट खटखटा कर दरवाजा खुलवाने के बाद मयंक चौधरी के पिता समेत अन्य परिजन को जाति सूचक शब्दो के प्रयोग करते हुये मारपीट करने का आरोप मयंक चौधरी के द्वारा लगाया गया था जिसमें मयंक चौधरी के पिता जख्मी हो गये थे। वही आरोप है कि बक्से में रखा साठ हजार रूपया निकाल लिया गया। आरोप है कि मयंक चौधरी के पिता पुलिस की पिटाई से गंभीर रूप से जख्मी हो गये जिनक उपचार अनुमंडल हास्पिटल में कराया गया। जब इसकी शिकायत डीएसपी से की गयी तो डीएसपी के आदेश पर पिता को छोड़ तो दिया गया लेकिन थाना पर जबरन लिखवाया गया कि सिर खुद की गलती से फुट गया है। हालांकि मयंक चौधरी का आरोप है कि पिता की गंभीर स्थिति को देखते हुये पीएमसीएच में उपचार कराया गया और पुलिस के भय हमेशा सताये रहा। आरोप है कि पटना पीएमसीएच से छुट्टी मिलने के बाद 29 अगस्त 2022 को अनुसूचित जाति थाना में इन पुलिस कर्मी के विरूद्ध लिखित शिकायत दी गयी। 21 सितंबर 22 को पटना आईजी के यहां शिकायत देने के अलावे एसएसपी, पुलिस महानिदेशक, महानिदेशक कमजोर वर्ग समेत अन्य जगहों पर गुहार लगायी गयी लेकिन कही इंसाफ नही मिला। थक हार कर स्थानीय व्यवहार न्यायालय में परिवाद पत्र दायर किया गया, जहां न्यायालय संज्ञान लेते हुये धनरूआ पुलिस को आवेदन में वर्णित पुलिस कर्मियो के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया। इसके बाद धनरूआ थाना में प्राथमिकी दर्ज हो पायी। धनरूआ थानाध्यक्ष शुभेन्द्र कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### तीन टीओपी का शुभारंभ

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर व शाहपुर में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए तीन टीओपी का शुभारंभ किया गया है. सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि सगुना मोड स्थित पुलिस चौकी को टीओपी के रूप में शुभारंभ किया गया है और दो पुलिस पदाधिकारी और दस पुलिस बल तैनात रहेंगे। सिटीएसपी ने बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के उसरी चौक और शिवाला चौक पर एक-एक टीओपी का शुभारंभ किया गया है। सिटीएसपी ने बताया कि टीओपी मे प्रतिनियुक्त प्रभारी पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी आम लोगों से समन्वय स्थापित करेंगे और पुलिस संबंधित समस्याओं को सुनकर निदान करेंगे. साथ ही वाहन चेकिंग व अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाना है।

### पटना में 24 को होगी महासभा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के बैनर तले मसौढी के चपौर में एक बैठक आहूत की गई इसका मुख्य उद्देश्य 24 अगस्त 2025 को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होने वाले सभा में शामिल होने हेतु लोगो को आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में 65% ओबीसी, एससी-एसटी एवं अल्पसंख्यक को लागू करना, मंडल कमीशन के सभी सिफारिशों को लागू करना, आशा एवं आशा फ़ेसिलेटर तथा सरकारी संस्थानों में ठेका संविदा पर कार्य करने कर्मचारियों को नियमित वेतन पर नियुक्त करने, महिला आरक्षण विधेयक में सभी वर्गों के महिलाओं को आबादी के अनुसार आरक्षण सुनिश्चित करने की है मांग। बैठक की अध्यक्षता पालटन सिंह ने की, कार्यक्रम में संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय कुमार, दिवाकर, राष्ट्रीय महासचिव डी पी साहू, बैशाली जिलाध्यक्ष शंभूनाथ सिंह चंद्रवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष लालमोहन सिंह, संगठन सचिव रणजीत पटेल, सिंकी सिन्हा, चंद्रकला सिन्हा, सुजीत ठाकुर, राजेश चौधरी, डॉ बैजनाथ पासवान, सुरेन्द्र पासवान, किशोरी पासवान, गिरीश पासवान, मंटू यादव, धनंजय कुमार, अमित कुमार, पिंटू चंद्रवंशी, महेश चंद्रवंशी इत्यादि शामिल रहे।

### थानों में कराई गई गुंडा परेड

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी अनुमंडल के विभिन्न थानों में रविवार को गुंडा परेड कराया गया। मसौढ़ी थाना, धनरूआ, पुनपुन, लहसूना समेत सभी थानो मे गुंडा परेड किया गया। इसमें ऐसे आरोपितों ने थाना पर आकर हाजिरी लगाई जिनका नाम गुंडा पंजी में दर्ज है। इसमें उन लोगों का नाम दर्ज है जो पहले आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे थे और जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। पुलिस को संदेह है कि फिर से वे ऐसी गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। ऐसे लोगों से उनकी दैनिक गतिविधियों के बारे में पूछताछ की गई। उनके चरित्र का सत्यापन कराया गया। लगभग हर सप्ताह विभिन्न थाना में यह परेड कराई जाती है। इसका उद्देश्य जिले में अपराध की घटनाओं को रोकना है और आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। वही धनरूआ थाना में अपराधी परेड कराया गया जहां पर हत्या लूट मामले में तीन अपराधियों की परेड थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार के नेतृत्व में कराया गया।

### आपसी विवाद में महिला के साथ मारपीट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के डीह मसौढ़ी में आपसी विवाद में एक महिला के साथ मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। इसके साथ उसके तीन छोटे-छोटे बच्चों को भी चोटिल कर दिया गया है। दरअसल बताया जाता है कि चंद्रकांति देवी उम्र 35 वर्ष पति धर्मेंद्र पासवान डीह मसौढ़ी का निवासी हैं उन्होंने बताया कि सुबह में अपने घर के गली से जब बाहर निकल रहे थे तो रास्ते में मवेशी बंधे हुए था इसे हटाने के लिए बोले तो गाली गलौज शुर कर दिया, मना करने पर मारपीट कर गंभीर में जख्मी कर दिए और कपड़े फाड़ दिए और न केवल हमें मारा बल्कि हमारे तीन छोटे-छोटे बच्चों को भी मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिए हैं। मार पिट करने में लक्ष्मण पासवान, केलापति देवी, चानो देवी, रमेश आदि लोग हैं पुलिस मामले की छानबीन मे जुटी है।

### महाराज दक्ष प्रजापति जयंती मनी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की ओर से रविवार को गोला रोड रंजन पथ में महाराज दक्ष प्रजापति का जयंती मनाया गया। महाराज दक्ष प्रजापति के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर नमन किया इस मौके पर बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वयन समिति के जिला अध्यक्ष दयानंद प्रसाद व जिला उपाध्यक्ष माया देवी ने कहा कि महाराज दक्ष केवल एक विशेष समाज के लोगों के पूजनीय थे, अपितु सभी जाति धर्मों के लोगों में उनके प्रति आस्था थी. महाराज दक्ष ने प्रजापति समाज की एकता सामाजिक कुरीतियों के प्रति विशेष अभियान चलाया और समाज को नई दिशा दी. उनके योगदान को याद किया और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने प्रजापति समाज के लोगों को एकजुट होकर अपने अधिकार व हक के लिए आगे आना होगा. तभी प्रजापति समाज का राजनीति में भागीदारी मिल सकती है. मौके पर समिति के जिला सचिव अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार लाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य गंगासागर प्रजापति, कुमारी नीतू, अमिता कुमारी, कुमारी स्वीटी, मालती देवी, डा रामनरेश प्रसाद समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

### मंदिर का गेट बंद होने से श्रद्धालुओं को परेशानी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम व एसडीओ ने सार्वजनिक मंदिर के गेट खुले रखने का सख्त आदेश दिया था. इसके बावजूद नगर के सुलतानपुर शनिचरा स्थान प्राचीन शनिदेव मंदिर के गेट दबंगों ने बंद कर रखे हुए है. जिससे सावन माह में अहले सुबह पूजा-अर्चना करने आये श्रद्धालुओं को गेट पर ही पूजा अर्चना करना पडा. महिला श्रद्धालुओं ने बताया कि सार्वजनिक मंदिर होने के बाद भी दबंगों ने मंदिर के गेट बंद कर रखे हुए थे. जिससे मंदिर के अंदर जाकर पूजा-अर्चना नही कर सकी और गेट पर ही उनके नाम पर पूजा -अर्चना की। जिससे श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है. जदयू नेता संजय कुमार सिंह ने डीएम व एसडीओ से सार्वजनिक मंदिर के गेट बंद करने वाले पर सख्त कानूनी कारवाई करने की मांग की है.श्री सिंह ने शनि मंदिर ट्रस्ट के नई कमिटी गठित करने और मंदिर के दान व चढाव की जांच करने की मांग किया गया है।

# 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत बाढ़ पहुंचे प्रशांत किशोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** बिहार बदलाव यात्रा के दौरान बाढ़ के मकसूद बीघा दुर्गा मंदिर के सामने प्रशांत किशोर बाढ़ में जनसभा को संबोधित की प्रशांत किशोर बोले- इस बार लालू, नीतीश, मोदी का चेहरा देखकर नहीं, अपने बच्चों की शिक्षा-रोजगार के लिए वोट देना है। बाढ़ में प्रशांत किशोर ने किया बड़ा ऐलान, कहा- छठ के बाद 50 लाख युवाओं को बिहार में ही मिलेगा 12 हजार रुपये तक का रोजगार। प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपने मोदी का चेहरा देख कर वोट दिया तो चायवाला प्रधानमंत्री बन गया। लालू का चेहरा देखकर वोट दिया तो भैंस चराने वाला 30 साल से राजा बना हुआ है। नीतीश का चेहरा देखकर वोट दिया तो वैद्य का लड़का 20 साल से शासन कर रहा है। इस बार अपने बच्चों का चेहरा देखकर वोट कीजिए। आपने अभी तक अपने बच्चों के लिए वोट नहीं दिया। इसलिए आपके बच्चे मोदी के गुजरात में जाकर उन्हीं फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा- छठ के बाद 50 लाख युवाओं को बिहार में ही मिलेगा 12 हजार रुपये तक का रोजगार, सभी बुजुर्गों को 2000 रुपये मासिक पेंशन, बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में मुफ्त शिक्षा मिलेगी।

# गोपालपुर मठ में नाले का पानी बना नासूर, महामारी फैलने की आशंका

## जल निकासी की जल्द व्यवस्था नहीं हुई तो करेंगे चक्का जाम, फूट रहा ग्रामीणों का गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के तिनेरी पंचायत का गोपालपुर मठ गांव में सड़क पर बह रहा नाले का पानी ग्रामीणों के लिए इन दिनों नासूर बन गया है और अब जल जमाव से पानी सड़ कर दुर्गंध देने लगा है। जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। अब जल जमाव से अज्ञात बीमारी के भय से लोग सहमे हुए हैं। बताया जाता है कि पिछले 3 महीने से सड़कों पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है, लेकिन अभी तक कोई भी प्रशासनिक अमला, स्थानीय जनप्रतिनिधि इस जल निकासी के मुद्दे पर कोई भी



विकल्प नहीं निकाल पाए हैं। नतीजन सड़कों पर जल जमाव की स्थिति यथावत बनी हुई है, जिससे न केवल ग्रामीणों को परेशानी हो रही है, बल्कि आमजन को भी उसे रास्ते से गुजरना मुश्किल हो रहा है। इसी रास्ते से तकरीबन कई गांव के लोगों का आवागमन भी होता है, जिसमें गोपालपुर मठ,तिनेरी धनौती बसौर आदी गांव है। बहरहाल सड़कों पर नाले का पानी का जल जमाव का परेशानी का आलम यह है कि अब घरों में लोगों का नाले का पानी प्रवेश करने लगा है। इसके साथ ही जल जमाव का पानी सडकर दुर्गंध देने लगा है। लोगों को जीना मुहाल हो गया है। इसके निदान के लिए कार्यालयो के चक्कर काट काट कर परेशान हो रहे हैं। ऐसे में अब ग्रामीणों का गुस्सा फूट रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही जल निकासी की व्यवस्था नहीं हुई तो चक्का जाम होगा विरोध प्रदर्शन की जाएगी। ग्रामीणों में विनोद पासवान, सतीश कुमार, दीपक कुमार, गौतम कुमार, संजू देवी, ज्योति देवी, प्रमिला देवी, मनीष कुमार आदि कई लोगों ने कहा कि कई उच्च अधिकारियों को इस बारे में कई बार हमने सूचना दिया है लेकिन अभी तक कोई भी इस मुद्दे पर पहल नहीं कर रहे हैं यहां तक की विनोद प्रसाद के द्वारा लोक शिकायत निवारण मे भी शिकायत दर्ज करवाई है बावजूज नतीजा सिफर रहा है।

# शिव के भजनों पर झूमते बाबा बैधनाथ धाम की ओर जत्था रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सावन के पावन महीने में तिसरी सोमवारी पर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक को लेकर मसौढी से सैकड़ों की संख्या में शिवभक्तों का रवाना हुए। जहां रविवार को मसौढ़ी के सोनकुकरा से तकरीबन 110 कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। सड़कों पर नाचते गाते झूमते शिव भक्तों की टोली निकली है। कांवड़ यात्रा के दौरान भक्ति से सराबोर हैं। डाक कांवड़ से लेकर पैदल जत्थों तक शिवभक्त भजनों पर झूमते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे सावन का यह नजारा हर किसी को आकर्षित कर रहा है। शिवभक्तों



की टोलियां शिव भजनों पर थिरकती हुईं, कंधे पर गंगाजल लिए हुए, बाबा बैधनाथ धाम शिवालयों की ओर बढ़ रही हैं। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने डीजे सिस्टम, ढोल और भजन मंडलियों के साथ उत्सव का माहौल बना दिया है। दिन हो या रात, मसौढी में आस्था का यह सैलाब लगातार बह रहा है। डाक कांवड़िए पूरे वेग से दौड़ते हुए गंतव्यों की ओर बढ़ रहे हैं, तो सामान्य कांवड़िए शिव के भजनों पर झूमते हुए थकान भूल चुके हैं। शिविरों में लगे भंडारों से लेकर सेवा में लगे युवाओं तक, हर कोई भोलेनाथ की भक्ति में रंगा नजर आ रहा है। कांवड़ देखने के लिए शहरवासी भी कांवड़ मार्ग पर निकल रहे हैं। मार्ग पर कई जगहों पर कांवड़ियों की फूल बरसाकर भी स्वागत किया जा रहा है। बहरहाल मसौढ़ी के मठिया पर, सोनकुकरा, भगवानगंज, देवरिया समेत दर्जनों गांवों से निकले भक्तों ने मसौढी में एकत्र होकर बोलबम के जयघोष के साथ यात्रा शुरू की। कांवड़ यात्रा को लेकर स्थानीय समाजसेवियों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# पारस एचएमआरआई में लगा मेगा हेल्थ कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** रविवार को पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ यह शिविर शाम 3 बजे तक चला, जिसमें सैकड़ों मरीजों ने भाग लिया। शिविर में बीपी, आरबीएस, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग और डेंटल स्क्रीनिंग जैसी आधुनिक जांचें की गईं. 518 मरीजों ने पारस की आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम से मुफ्त परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में लैब और रेडियोलॉजी सेवाओं पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी गई. वहीं, इंटरनल मेडिसिन,ऑर्थोपेडिक्स, ओंकोलॉजी, कार्डियोलॉजी, डेंटल, फिजियोथेरेपी, यूरोलॉजी, पेडियेट्रिक्स, जेनरल सर्जरी, गायनेकोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ईएनटी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रो, डायटेटिक्स और पल्मोनोलॉजी विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों को सलाह दी। शिविर की अगुवाई पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पारस एचएमआरआई आम जनता के स्वास्थ्य की चिंता करता है इसलिए समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं।

**अनुसूचित जांति व अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई :** दानापुर। पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को राजद के अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये जाने पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को बधाई दी है। रविदास चेतना मंच के अनुमंडल अध्यक्ष करमू राम ने पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर बधाई दी है।

## पेज 1 का शेष

### लॉजिस्टिक्स जितना मजबूत...

विश्वविद्यालय है जो परिवहन-उन्मुख शिक्षा, बहु-विषयी अनुसंधान और प्रशिक्षण पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री की गति शक्ति विश्वविद्यालय के प्रति दृष्टि, पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के व्यापक लक्ष्यों से गहराई से जुड़ी हुई है-एक ऐसा योजना जो भारत के बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। प्रधानमंत्री की पीएम गति शक्ति योजना की परिकल्पना है एक समग्र, एकीकृत और कुशल बुनियादी ढांचा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना, जिससे पूर्व की असंगतियों को दूर कर भारत को आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की दिशा में अग्रसर किया जा सके। पीएम गति शक्ति का मूल सिद्धांत है एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन, जिसके तहत 16 मंत्रालयों को एक ही डिजिटल मंच पर लाया गया है ताकि रेलवे, सड़क, बंदरगाह और जलमार्ग जैसे क्षेत्रों में अधोसंरचना परियोजनाओं की संयुक्त योजना और समन्वित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

### सीएम नीतीश ने किया...

से निर्माण कराएं ताकि इलेक्ट्रिक वाहन के साथ-साथ पैदल पर्यटक आसानी से पटना और बिहार संग्रहालय आवागमन कर सकें। बिहार संग्रहालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। पटना और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। पटना और बिहार संग्रहालय के बीच टनल निर्माण कार्य पूर्ण होने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। यहां पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि इस निर्माणाधीन टनल के पास से नेहरूपथ के उस तरफ जाने के लिये जो ऊपरी पुल बनाया जाना है उसका निर्माण कार्य जल्द शुरू करें। साथ ही नेहरूपथ के उस तरफ एक पार्क का भी निर्माण करायें ताकि यहां आनेवाले पर्यटक उसका आनंद उठा सकें। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त डा. चंद्रशेखर सिंह, संग्रहालय निदेशालय एवं पुरातत्व निदेशालय की निदेशक रचना पाटिल, पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराज एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव अरविंद कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध में लोक समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के तत्वावधान में चुनाव आयोग के निर्देश पर बिहार में हो रही मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के विरोध में पटना स्थित गॉधी स्मारक निधि की सभागार में राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद तथा संचालन बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने की। लोक नायक जयप्रकाश नारायण के तैलचित्र पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक की कर्यवाही प्रारम्भ की गयी। प्रांतीय महासचिव शिवजी सिंह ने 24 जून को भारत के चुनाव आयोग के तुगलकी फरमान पर पूरा बिहार के मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य बीएलओ द्वारा शुरू करा दिया गया



है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सत्यापन की प्रक्रिया में जिन- जिन कागज़ातों की मांग की गई है। वें सभी कागजात सबके लिए सुलभ नहीं है। श्री सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग ने दाखिल करने वाले कागज़ात की सूची में सुलभ होने वाले कागज़ात जैसे - आधार कार्ड, राशन कार्ड जॉब कार्ड तथा वोटर आई.कार्ड को शामिल नहीं किया है। जिस कारण लाखों-लाख वोटर अपना वोट देने से बंचित हो जायेंगे। श्री सिंह ने कहा कि हमारा बिहार प्राचीन जमाने से ही लोकतंत्र की जननी रहा है। वहां भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने की साजिश की गयी है। जो कतई न्यायसंगत नहीं है। बैठक की अध्यक्षता कर रहें लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के सवाल पूरा विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इस समय हमारा देश गम्भीर संकट के दौर से गुजर रहा है। सरकार लगातार लोकतंत्र एवं संविधान को कमजोर करने साजिश रच रही है। जिसका बुरा एवं गम्भीर परिणाम हम सब देशवासियों को भुगतना पडेगा। चुनाव आयोग बदले की भावना से ग्रसित होकर हिटलर जैसा काम कर रहीं है। हमारे जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए एक बहुत बड़ा खतरा का संकेत है। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय सचिव चन्द्र भूषण, बिहार प्रदेश लोक समिति की प्रांतीय संयोजिका क्रांति राशोष, मीना देवी, जूली कुमारी, ममता देवी अनिता शरण , सरिता देवी, संध्या कुमारी, संगीता देवी पूनम चौथरी, साथाना कुमारी, गुंजा कुमारी, सुलेखा कुमारी, गुडिया बानो, ज्योति देवी, गीता कुमारी, ललिता सिन्हा, मुकेश कुमार, मिथिलेश कुमार, अमित रंजन, मृत्युंजय कुमार, सत्येन्द्र कुमार सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

# बिहटा-सरमेरा हाइवे पर सड़क पार कर रहे मजदूर को तेज रफ्तार वाहन ने कुचला, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फुलवारीशरीफ।** बिहटा-सरमेरा हाईवे पर दोपहर के वक्त गौरीचक थाना क्षेत्र के बलुआचक के पास सड़क पार कर रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार वाहन ने कुचल दिया. घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई. घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई और आक्रोश में आकर लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मृतक की पहचान घेरा सैदानपुर, पचरुखिया थाना क्षेत्र निवासी जय पासवान के रूप में की गई है. उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है. जय पासवान मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। स्थानीय ऊफ्फा पंचायत के उप मुखिया संजय चौधरी ने बताया कि घटना करीब 2:00 बजे की है. जय पासवान बलुआ चक के पास सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. दुर्घटना इतनी भीषण थी कि जय की मौके पर ही मौत हो गई।

# इंटर्नशिप पूरा करने पर आदित्य राज को मिला प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददात

**दनियावां (पटना)।** देश के दर्जनों विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रेम यूथ फाउंडेशन के साथ इंटर्नशिप किया जा रहा है। इंटर्नशिप पूरा करने पर आदित्य राज को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि नई शिक्षा नीति में विश्वविद्यालय ने बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है कि सभी संकाय के छात्र-छात्राओं को सामाजिक योगदान करने के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम चलाया जा रहा



है। इससे छात्र छात्राओं को सामाजिक मुद्दे को जानने समझने का मौका प्राप्त हो रहा है। देश के हर नागरिक का यह परम कर्तव्य है कि सामाज में पीछे छूट चुके लोगों को राष्ट्र के मुख्य धारा में शामिल करने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। फाउंडेशन देश का एक मात्र संगठन है जो युवाओं के लिए युवा के द्वारा कार्य करता है। यहाँ किसी भी जाति, धर्म, पंथ, रंग, भाषा, क्षेत्र रंग का कोई भेद भाव नहीं है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है। युवाओं के बल पर भी भारत अग्रणी देशों में शुमार हो सकता है। दुनिया में आज तक हुए सभी परिवर्तन में युवा की सहभागिता अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने इंटर्न कर रहे सभी छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि हमेशा मानवता की रक्षा के लिए कार्य करें। शांति के बिना विकास संभव नही है। वर्तमान समय युद्ध का नही बुद्ध का है। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार मो आशिफ, अधिवक्ता महेंद्र सिंह अशोक, सोनू पटेल, अमृत राज मौजूद रहे।

मैनचेस्टर टेस्ट-

# केएल राहुल 90 रन बनाकर आउट

## स्टोक्स ने तोड़ी 188 रन की ओपनिंग साझेदारी




**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। रविवार को मैच का आखिरी दिन था और पहला सेशन जारी है। भारत ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 196 रन बना लिए हैं। टीम 115 रन से पीछे है। शुभमन गिल और वॉशिंगटन सुंदर क्रीज पर हैं। कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में 700 रन पूरे कर लिए हैं। उन्हें दूसरा जीवनदान मिला। बेन स्टोक्स की बॉल पर ओली पोप से कैच ड्रॉप हुआ। केएल राहुल 90 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने एलवीडब्ल्यू कर दिया। स्टोक्स ने 188 रन की साझेदारी को तोड़ा। इंग्लैंड ने पहली पारी में 311 रन की बढ़त ली। टीम 669 रन पर ऑलआउट हुई, जबकि भारतीय टीम 358 रन पर ऑलआउट हुई।

**केएल राहुल 90 रन बनाकर आउट, सेंचुरी पार्टनरशिप ब्रेक** – केएल राहुल 90 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने एलबीडब्लूय कर दिया। स्टोक्स ने 188 रन की साझेदारी को तोड़ा।

**दोनों टीमें**

**भारत** – शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अंशुल कम्बोज।

**इंग्लैंड** – बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, लियम डॉसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर और क्रिस वोक्स।

# एडम जम्पा ने सैंटनर की बराबरी की

## टी–20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल




**बैसेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम जम्पा ने न्यूज़ीलैंड के मिशेल सैंटनर की बराबरी कर ली है और अब तक के सबसे ज़्यादा टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष 10 में जगह बना ली है। जम्पा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बैसेटेरे में चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान रैंकिंग में यह बढ़त हासिल की। अपने चार ओवर के स्पेल में जम्पा ने चार ओवर में 54 रन देकर तीन विकेट लिए।

अब तक 99 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में जम्पा ने 21.14 की औसत से 124 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/19 रहा है। दूसरी ओर, सैंटनर ने 114 मैचों में 22.57 की औसत से 124 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/11 रहा है। वे दोनों इस प्रारूप में संयुक्त रूप से 10वें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

शीर्ष तीन टी20आई विकेट लेने वाले गेंदबाजों न्यूजीलैंड के टिम साउथी (126 मैचों में 22.38 की औसत से 164 विकेट, 5/18 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ), अफगानिस्तान के राशिद खान (96 मैचों में 13.80 की औसत से 161 विकेट, 5/3 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ) और न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी (126 मैचों में 22.52 की औसत से 150 विकेट, 4/12 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ)। हैं।

एफआईडीई विमेंस वर्ल्ड कप

# हम्पी-दिव्या का पहला गेम ड्रॉ, पहली बार दो भारतीय खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबला

**जॉर्जिया (एजेंसी)।** एफआईडीई विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के फाइनल का पहला गेम जॉर्जिया के बटुमी में कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख के बीच ड्रॉ रहा। यह पहली बार है जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में दो भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने हैं। दिव्या ने 25 चालों के भीतर जीत की स्थिति बनाने की कोशिश की, लेकिन हम्पी ने दिव्या की छोटी-छोटी गलतियों का फायदा उठाकर गेम ड्रॉ करवाया। दूसरा गेम रविवार को खेला जाएगा, जिसमें हम्पी सफेद मोहरों से खेलेंगी। यदि यह मुकाबला भी बराबरी पर रहा, तो विजेता का फैसला टाईब्रेकर में कम समय की बाजियों के जरिए होगा। वर्ल्ड रैपिड चैंपियन हम्पी का इस ड्रॉ के बावजूद पलड़ा भारी माना जा रहा है, क्योंकि वह पहले गेम में काले मोहरों से खेली थीं। दो गेम के इस क्लासिकल शतरंज फॉर्मेट में अगले और अंतिम गेम में हम्पी को सफेद मोहरों का फायदा मिलेगा।



**हम्पी ने सेमीफाइनल में टिंगजी लेई को हराया** – हम्पी ने सेमीफाइनल में टाईब्रेकर में चीन की टिंगजी लेई को हराकर फाइनल में जगह बनाई। टाईब्रेकर में पहली दो बाजियां 15-15 मिनट की थीं, जिसमें अतिरिक्त समय शामिल था। इसके बाद अगली दो बाजियां 10-10 मिनट की थीं। लेई ने पहली बाजी जीतकर बढ़त हासिल की, लेकिन हम्पी ने दूसरी बाजी में मुश्किल स्थिति से उबरते हुए जीत हासिल कर मुकाबला बराबर किया। टाईब्रेकर के तीसरे सेट में हम्पी ने सफेद मोहरों से पहली बाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए लेई को हराया।

फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन उन्होंने दूसरी बाजी भी जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। इससे पहले दोनों क्लासिकल गेम ड्रॉ रहे थे, जिसके बाद गुरुवार को टाईब्रेकर का आयोजन हुआ। दूसरे गेम में हम्पी के पास सफेद मोहरे थे, लेकिन वह लेई के मजबूत बचाव को भेद नहीं पाईं।

**दिव्या ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को हराया** – दिव्या ने सेमीफाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन तान झोंग्यी को 1.5-0.5 से हराया। 19 वर्षीय दिव्या ने पहले गेम में सफेद मोहरों से खेलते हुए 101 चालों में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने मध्य गेम में लगातार दबाव बनाकर झोंग्यी को गलतियां करने पर मजबूर किया।

क्वीन की अदला-बदली के बाद भी दिव्या की स्थिति मजबूत थी, हालांकि झोंग्यी ने एक समय वापसी की कोशिश की और बढ़त ले ली। लेकिन समय की कमी में झोंग्यी ने गलत चाल चली, जिसका फायदा उठाकर दिव्या दो प्यादों की बढ़त के साथ जीत हासिल करने में सफल रहीं।

पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या ने संतुलित रणनीति अपनाई और गेम ड्रॉ कराया। झोंग्यी ने 'क्वीन्स गैम्बिट डिक्लाइन्ड' ओपनिंग से शुरुआत की, जिसमें दिव्या ने मोहरों की अदला-बदली के साथ संतुलन बनाए रखा। अंत में दोनों के पास एक-एक रूक, एक-एक छोटा मोहरा (बिशप/नाइट), और तीन-तीन प्यादे एक ही हिस्से में थे, जिसके कारण गेम ड्रॉ रहा।

**भारत की चार महिला खिलाड़ियों ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह** – इस टूर्नामेंट में पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ियों कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली, और दिव्या देशमुख ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जो भारतीय शतरंज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से चौथा टी-20 तीन विकेट से जीता

## सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त, जम्पा के तीन विकेट, इंग्लिश-ग्रीन के अर्धशतकों से मिली जीत



**बासेटेरे (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टी-20 में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 4-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। बासेटेरे में खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों जोश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन की अर्धशतकीय पारियों ने टीम को जीत दिलाई। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 206 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**वेस्टइंडीज की खराब शुरुआत** – टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। सात ओवर में 67 रन पर चार विकेट गिर चुके थे। इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड (31), रोवमैन पॉवेल (28), रोमारियो शेफर्ड (28), और जेसन होल्डर (26) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम को 200 के पार पहुंचाया।

**एडम जम्पा रहे सफल गेंदबाज** – ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 54 रन देकर 3 विकेट लिए। आरोन हार्डी, सीन एबॉट, और जेवियर बार्टलेट ने 2-2 विकेट हासिल किए।

**जोश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन की शानदार बल्लेबाजी** – ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। ओपनर मिचेल मार्श दूसरी गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद जोश इंग्लिश ने पहले ग्लेन मैक्सवेल और फिर कैमरन ग्रीन के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। इंग्लिश और मैक्सवेल ने दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों पर 66 रन जोड़े। फिर इंग्लिश और ग्रीन ने तीसरे विकेट के लिए 24 गेंदों पर 63 रन की साझेदारी की। इंग्लिश ने 30 गेंदों पर 51 रन, मैक्सवेल ने 18 गेंदों पर 47 रन, और ग्रीन ने 36 गेंदों पर नाबाद 55 रन बनाए।वेस्टइंडीज की ओर से जेडन सील्स ने 3 विकेट लिए।



# फाइव स्टार होटल के जिम से वेट मशीन चुराई,

## 2 महिला पहलवानों पर आरोप, एक हरियाणा की; किर्गिस्तान में कुश्ती खेलने गई थीं

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा की एक महिला पहलवान पर किर्गिस्तान में चोरी का आरोप लगा है। पहलवान किर्गिस्तान में अंडर-20 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप खेलने के लिए गई थी। यहां उस पर एक अन्य महिला पहलवान के साथ होटल के जिम से वजन मापने वाली मशीन चुराने का आरोप है। जिम में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी पूरी घटना कैद हुई है। हालांकि मीडिया इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। इसका खुलासा इंटरनेशनल रेसलिंग एसोसिएशन (आईडब्ल्यूए) की शिकायत में हुआ है। आईडब्ल्यूए की तरफ से इंडियन रेसलिंग एसोसिएशन को लेटर भेजा गया है। जिसमें बताया गया है कि चोरी करने वाली एक महिला पहलवान हरियाणा से है। विवाद सामने आने पर हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने कहा-एक महिला पहलवान हरियाणा की रहने वाली है। उससे इस मामले में बात की गई है तो उसने बताया कि भार मापने वाली मशीन होटल प्रबंधन से पूछकर अपने कमरे में लेकर गई थीं। उन्होंने इसे अफवाह बताया है।

एक का चेहरा साफ दिख रहा- पहलवान पर जिस वीडियो के आधार पर चोरी का आरोप लगा है, उसका 34 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। 10 जुलाई के वीडियो में दिख रहा है कि दो महिला पहलवान होटल के जिम में कसरत कर रही हैं। एक पहलवान ने हुडी पहनी है, जबकि दूसरी का चेहरा साफ दिख रहा है। एक नीचे बैठी, दूसरी सामने खड़ी हुई- वीडियो में एक पहलवान तौलिया लेने जाती है, और उसके पीछे दूसरी भी जाती है। तौलिया लेने के बाद एक पहलवान मशीन के पास बैठ जाती है, और दूसरी उसके सामने खड़ी हो जाती है।

# रोवमैन पॉवेल ने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा, टी-20 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिकेटर बने



**बैसेटेरे (सेंट किट्स एंड नेविस) (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़कर टी20आई में टीम के दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। पॉवेल ने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बैसेटेरे में खेले गए चौथे टी20 मैच के दौरान हासिल की। पहले तीन मैचों में 1, 12 और 9 रन के खराब स्कोर के बाद पॉवेल ने 22 गेंदों में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी क्षमता की झलक दिखाई।

अब तक 99 टी20आई मैचों में उन्होंने 87 पारियों में 25.66 की औसत और 141 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 1,925 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और नौ अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 107 है। गेल ने अपने शानदार टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में जिसमें उन्होंने दो टी20 विश्व कप जीते, 79 मैचों की 75 पारियों में 27.92 की औसत और 137.50 के स्ट्राइक रेट से 1,899 रन बनाए। उन्होंने दो शतक और 14 अर्धशतक लगाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 117 रहा।

अब संन्यास ले चुके निकोलस पूरन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज के लिए शीर्ष पर हैं जिन्होंने 106 मैचों की 97 पारियों में 26.14 की औसत और 136 से अधिक के स्ट्राइक रेट और 13 अर्धशतकों के साथ 2,275 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 98 है।

# एशिया कप-में भारत-पाकिस्तान का 14 सितंबर को महामुकाबला

## टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर के बीच होगा, सभी मुकाबले यूएई में

**दुबई (एजेंसी)।** क्रिकेट का एशिया कप 2025 यूएई में खेला जाएगा। टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर तक चलेगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं। दोनों के बीच 14 सितंबर को पहला मैच होगा। अगर दोनों टीमें सुपर-4 स्टेज में पहुंची तो यहां भी दोनों के बीच 21 सितंबर को भी मुकाबला हो सकता है। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने इसकी जानकारी दी है। टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में होगा।

नकवी जो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पोस्ट किया- मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एसीसी एशिया कप 2025 अब आधिकारिक रूप से यूएई में 9 से 28 सितंबर तक खेला जाएगा। यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और हम सभी को शानदार क्रिकेट देखने को मिलेगा।

**भारत का पहला मैच यूएई से** -भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

**पिछला एशिया कप पाकिस्तान ने होस्ट किया था** – एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान ने की थी। हालांकि, भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा करने से मना कर दिया था, तब यह हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था। भारत के सभी मैच श्रीलंका में हुए थे।

# एशिया कप से बीसीसीआई नहीं हट सकता, भारत-पाक मुकाबला तय कार्यक्रम के अनुसार होगा : सूत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर बढ़ती अनिश्चितता के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट से हट नहीं सकता और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की बैठक में भारतीय बोर्ड द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मुकाबला तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

एसीसी ने शनिवार को एशिया कप का कार्यक्रम जारी किया और पुष्टि की कि भारत और पाकिस्तान के बीच लीग चरण का मुकाबला 14 सितंबर को होगा क्योंकि उन्हें मेजबान यूएई और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बीसीसीआई सूत्रों ने बताया, बीसीसीआई अभी टूर्नामेंट या मैच से हट नहीं सकता। एसीसी की बैठक के बाद इस फैसले पर सहमति बनी थी। चूंकि भारत मेजबान देश है, इसलिए इस समय कुछ भी नहीं बदला जा सकता। आधिकारिक स्तर पर चर्चा हुई और उसके अनुसार परिणाम तय किया गया। मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

युवराज सिंह की अगुवाई वाली भारतीय चैंपियन टीम द्वारा बर्मिंघम में चल रहे वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दूसरे सीजन के दौरान पाकिस्तान चैंपियन के खिलाफ खेलने से इनकार करने के बाद भारत-




पाकिस्तान मुकाबले को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। इसके कारण आयोजकों ने मैच रद्द कर दिया। खिलाड़ियों ने यह फैसला 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े राजनीतिक तनाव के मद्देनजर लिया है। हालांकि एशिया कप के कार्यक्रम की घोषणा के बाद बीसीसीआई ने अभी तक इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के बहिष्कार पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

महीनों की अटकलों को खत्म करते हुए एसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को एशिया कप के 17वें संस्करण की तारीखों की आधिकारिक घोषणा की। यह टूर्नामेंट 2026 टी20 विश्व कप की तैयारियों के अनुरूप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा और इतिहास में पहली बार इसमें आठ टीमें हिस्सा लेंगी।

भारत और पाकिस्तान को मेजबान यूएई और ओमान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, हांगकांग, अफगानिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं।

प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमें सुपर फोर चरण में पहुंचेंगी जिसके बाद फाइनल होगा जिससे टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच तीन मुकाबलों की संभावना बढ़ गई है। 2023 संस्करण के फाइनल में श्रीलंका को हराकर भारत गत विजेता है।

# रिकी पोंटिंग का भारतीय प्रबंधन से आग्रह, नंबर 3 के लिए इस खिलाड़ी पर भरोसा दिखाएं

**मैनचेस्टर (यूके) (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने युवा भारतीय बल्लेबाज साई सुदर्शन को भविष्य में तीसरे नंबर के लिए 'काफी अच्छा' बताया और टीम प्रबंधन से उन पर भरोसा दिखाने का आग्रह किया। मैनचेस्टर में भारत की दूसरी पारी की खराब शुरुआत के बाद तीसरे नंबर पर बहस एक बार फिर शुरू हो गई। 311 रनों की कमी को पूरा करने के इरादे से क्रिस वोक्स ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और सुदर्शन दोनों को शून्य पर आउट कर दिया। हालांकि पिछली पारी में सुदर्शन ने आशाजनक संकेत और अपने उल्लेखनीय स्वभाव का प्रदर्शन किया था, उन्होंने 151 गेंदों में सात चौकों की मदद से 61 रन बनाए जिससे भारत जायसवाल और ऋषभ पंत के अन्य अर्द्धशतकों की मदद से 358 रन तक पहुंच गया।

भारत ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद चेतेश्वर पुजारा को हटा दिया है इसलिए भारत ने कप्तान शुभमन गिल, देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल, सुदर्शन और करुण नायर को तीसरे नंबर पर आजमाया है। गिल के घरेलू सत्र के दौरान अच्छे प्रदर्शन को छोड़कर, इन सभी प्रयोगों ने ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में विदेशी श्रृंखलाओं के दौरान औसत से कम परिणाम दिए हैं। मैनचेस्टर में दूसरी



पारी के दौरान वह तय नहीं कर पाए कि ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी गई गेंद को खेलना है या छोड़ना है और गेंद दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों में चली गई। उनके अनिर्णय की स्थिति के कारण भारत पहला सत्र समाप्त होने से ठीक पहले 0/2 पर सिमट गया, जिससे राहुल और गिल को पुनर्निर्माण का कठिन काम करना पड़ा।

पोंटिंग ने सुदर्शन के बारे में बात करते हुए कहा कि तीसरे नंबर पर इतने सारे विकल्पों को खिलाने से आंतरिक दबाव पैदा हो रहा है, एक ऐसा दबाव जिसकी एक युवा खिलाड़ी को इस भूमिका में आने से पहले जरूरत नहीं है। पोंटिंग ने कहा, आपको हर समय इस चिंता में डूबे रहने की जरूरत नहीं है कि आपको दूसरा मौका मिलेगा या नहीं। इसलिए मुझे वाकई हैरानी हुई कि उन्होंने सुदर्शन को चुना, जाहिर है यहां पहले टेस्ट मैच के लिए, और फिर उनसे दूर चले गए और फिर सीधे उन्हीं के पास वापस आ गए। एक युवा खिलाड़ी के लिए, और आप जानते हैं, जब मैं तीसरे नंबर पर आया था तब मैं इतना युवा नहीं था, लेकिन आप बस अपने कप्तान और अपने कोचों से थोड़ा सा आश्वासन चाहते थे कि ठीक है, अब हम तुम्हें चुन रहे हैं, हम तुम्हें अच्छा मौका देंगे और देखेंगे कि तुम कैसा प्रदर्शन करते हो। क्योंकि मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि सुदर्शन काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेकिन उन्हें उन पर अपना विश्वास दिखाना होगा।

पोंटिंग ने भारतीय प्रबंधन से अपने खिलाड़ियों का समर्थन करने का आग्रह किया, जैसे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं, जिसमें सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली और ओली पोप प्रमुख उदाहरण हैं। अपनी असंगतियों और अक्सर खराब फॉर्म के बावजूद वे क्रमशः सलामी बल्लेबाज और तीसरे नंबर के रूप में टीम का अहम हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने कहा, अगर आप उन पर भरोसा करते हैं और उनका समर्थन करते रहेंगे, तो वे किसी न किसी मोड़ पर आपके लिए बड़ी, मैच जिताऊ पारियां जरूर खेलेंगे।

# सड़क दुर्घटनाओं में भोजपुरी कलाकार समेत दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में भोजपुरी कलाकार समेत दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुटुम्बा थाना क्षेत्र में एनएच-139 पर संडा डेहरी मोड़ के समीप शनिवार देर रात भोजपुरी कलाकार हादसे का शिकार हो गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बनारस निवासी शिव पाठक के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक शिव डेहरी गांव से संडा जा रहा था। इसी क्रम में हरिहरगंज की तरफ से आ रही ट्रेलर ने उस जगह उन्हें कुचल दिया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में शिव को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बादबेहतर इलाज के लिए सदर अस्पता औरंगाबाद रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि शिव अपने परिवार के साथ बनारस में रहते थे। कुछ दिन पहले वह अपनी मौसी के घर डेहरी आये थे। इस घटना के बाद से परिजनों में शोक व्याप्त है। सूचना पर पहुंची कुटुंबा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष अक्षवर सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं गोह थाना क्षेत्र में रविवार को एनएच 120 पर दुल्ला बिगहा के समीप पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गया है। जानकारी के अनुसार लखीसराय जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार निवासी स्व. राजेश्वर प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार अपने बाइक से बन्देया थाना क्षेत्र के बाला बिगहा में किसी जमीन सबंधित मामले को लेकर जा रहे थे। जैसे ही उन्होंने दुल्ला बिगहा बाजार पार किया कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार व्यकि की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची गोह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना की सूचना पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

# औरंगाबाद में चार सीटों पर कांग्रेस की दावेदारी: हेमंत ओगले

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी है। रविवार को महाराष्ट्र के कांग्रेस विधायक हेमंत ओगले औरंगाबाद पहुंचे और जिला अतिथि गृह में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि बिहार में इस बार के चुनाव में परिवर्तन की हवा तेज है। कांग्रेस अपनी सहयोगी राजद सहित अन्य घटक दलों के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी और महागठबंधन की सरकार बनेंगी। इसको लेकर जनता में उत्साह है। उम्मीद है अक्टूबर या नवंबर में चुनाव हो जाएगी। हमारे कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां हमारी दो सीट है लेकिन इस बार शीर्ष नेतृत्व से हमारी मांग है कि यहां कांग्रेस को चार सीट मिले। उन्होंने कहा कि मुझे औरंगाबाद जिले के पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी मिली है कि हर हाल में पार्टी के उद्देश्यों की पूर्ति करूंगा। महाराष्ट्र में बिहारियों के साथ दुर्व्यवहार के सवाल पर कहा कि देश के नागरिकों को भारत के किसी भी क्षेत्र में आने जाने का अधिकार है। भाषा के आधार पर यहां के नागरिकों से दुर्व्यवहार करना गलत है। सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि हम सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस और राजद सहित तमाम महागठबंधन के घटक दल एकजुट हैं। कही से कोई दिक्कत नहीं है, एक बार पुनः जिले के सभी छह सीटों पर महागठबंधन चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव यहां से राजद लड़ी थी, इस बार हमलोगों की मांग है कि दो की जगह चार सीटों पर चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बनकर काम कर रहा है। जब आधा बिहार बाढ़ से जूझ रहा है और बाकी सरकारी विफलताओं के कारण मजबूरन पलायन कर रहे हैं, तब चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू की है, जो चुनावों से पहले सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एक भ्रामक अभ्यास के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने देव में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के बारून के दुधौला में बनने के सवाल पर कहा कि इसमें जो जानकारी मिली है, उसमें सरकार की ओर से कोई विज्ञापन जारी नहीं हुआ है। सरकार से हमारी मांग है कि पूर्व में प्रस्तावित स्थल पर ही मेडिकल कॉलेज बने ताकि भगवान भास्कर की नगरी देव का विकास हो सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, प्रदीप सिंह, पंकज पासवान, अजय सिंह, सोनू दुबे, धर्मेंद्र पासवान, नरेश यादव, विजय शंकर सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, रवि सिंह, रत्नाकर सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# अर्चना चन्द्र की अगुवाई में बारून-नवीनगर में जन सुराज की तैयारियां तेज

## कल सिरिस हाई स्कूल मैदान में होगी प्रशांत किशोर की सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारून (औरंगाबाद)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बारुण-नवीनगर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज़ हो गई हैं। इस बीच जनसुराज से संभावित उम्मीदवार अर्चना चन्द्र ने अपने प्रभावशाली जनसंपर्क अभियान और जमीनी जुड़ाव के जरिए स्थानीय राजनीति में नई ऊर्ज़ा भर दी है। अर्चना चन्द्र के नेतृत्व में जनसुराज की गतिविधियां न केवल तेज़ हुई हैं, बल्कि युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों में इसका असर भी स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। जनसुराज की बिहार बदलाव यात्रा के तहत 29 जुलाई को सिरिस हाई स्कूल के खेल मैदान में जनसुराज प्रमुख प्रशांत किशोर की एक बड़ी जनसभा आयोजित की जा रही है। इस जनसभा की तैयारियों में अर्चना चन्द्र और उनकी टीम पूरी ताक़त से जुटी हुई है। अर्चना चन्द्र ने बताया कि यह सभा ऐतिहासिक होगी, जिसमें बीस हज़ार से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर की सोच और जनहित के मुद्दों को लेकर उनकी स्पष्टता लोगों को आकर्षित कर रही है। रविवार को जनसुराज में बारुण-नवीनगर क्षेत्र से बीस से अधिक युवाओं ने शामिल होकर इस अभियान को और मजबूती प्रदान की। इन युवाओं को जनसुराज की प्राथमिक सदस्यता अर्चना चन्द्र द्वारा दिलाई गई। उन्होंने कहा कि ये युवा प्रशांत किशोर की विचारधारा और समाज के प्रति उनके समर्पण से प्रेरित होकर आंदोलन का हिस्सा बन रहे हैं। अर्चना चन्द्र ने कहा कि बारुण-नवीनगर क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या आज भी बेरोजगारी है। जबकि इस क्षेत्र में दो-दो बिजली परियोजनाएं लगी हैं, फिर भी स्थानीय लोगों को स्थायी रोजगार नहीं मिला। उन्होंने कहा कि परियोजनाएं तो स्थापित हुईं, लेकिन वादों के मुताबिक लाभ लोगों तक नहीं पहुंचा। गांवों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है और लोग मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने जनता को सिर्फ़ छला है, जबकि जनसुराज का मक़सद लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाना है। जनसभा की तैयारी के दौरान जनसुराज में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दामोदर दास गुप्ता, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद छोटू, संतोष कुमार, मोहम्मद भोला, रिंकू कुमार, आनंद कुमार, मोहित कुमार, सोनू कुमार, अनिल गोस्वामी, राजू कुमार, प्रीतम गुप्ता, रामपुकार सिंह, शेर मोहम्मद अंसारी, गोलू कुमार, बबली कुमार, अनिल गोस्वामी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनसुराज के जिला उपाध्यक्ष कमलेश पासवान, प्रवक्ता सुशील गुप्ता, योगेंद्र पासवान समेत कई कार्यकर्ताओं ने सभा की सफलता के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। सभा के दौरान प्रशांत किशोर औरंगाबाद जिले के समग्र विकास को लेकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास करेंगे। अर्चना चन्द्र ने लोगों से अपील की है कि वे 29 जुलाई को सिरिस हाई स्कूल मैदान पहुंचे और बदलाव की इस ऐतिहासिक यात्रा में सहभागी बनें।



# लूटकांड मामले का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रिसियप थाना की पुलिस ने डकैती कांड के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के एरका कॉलोनी निवासी मुन्ना माइकल के रूप में की गई है। इसके खिलाफ 27 जून 2025 को भैंस लदा पिकअप लूटकांड मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी और यह तब से फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के दोमुहान के समीप भैंस लदा पिकअप लूटकांड की घटना घटित हुई थी जिसमें मामला दर्ज कर तकनीकी और उपयुक्त साक्ष्यों के आधार पर पूर्व में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था जबकि इस कांड में मुन्ना फरार चल रहा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# डीएम ने डायरिया से प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सदर प्रखंड के परसडीह पंचायत के सिंदुआर एवं करमुखाप का भ्रमण किया। इस गांव में दर्जनों लोग डायरिया से प्रभावित हैं। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से मिलकर यथा स्थिति की जानकारी ली तथा पाया कि उन गांवों में काफी गंदगी है। लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि प्रभावित क्षेत्र के आसपास स्कूल में अस्थाई मेडिकल कैंप की व्यवस्था की जाए। सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि तत्काल संपूर्ण प्रभावित गांवों में साफ-सफाई कराया जाए तथा लगातार इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों को उच्च स्वास्थ्य संस्थान में भेजने हेतु दो एम्बुलेंस तैनात रखा जाए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो. अनवर आलम ने बताया कि दो दिनों से मेडिकल टीम द्वारा लोगों की जांच कर तत्काल चिकित्सा सेवा एवं रेफरल की व्यवस्था दी जा रही थी किंतु मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा जो निर्देश दिए गए हैं उसका अनुपालन तत्काल प्रभाव से किया जा रहा है। भ्रमण के क्रम में सदर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम कुमार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मो. शाहीन अख्तर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से पढ़े छात्रों का लोन माफ करे सरकार : विकास कुमार सिंह

## बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के निर्वाचित सदस्य ने उठाई छात्रों की आवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद/पटना।** बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के निर्वाचित सदस्य विकास कुमार सिंह ने सरकार से मांग की है कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पढ़ चुके छात्रों का लोन माफ किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना जिस उद्देश्य से शुरू की गई थी, वह उद्देश्य आज की स्थिति में धूमिल होता जा रहा है और इसके चलते आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर दोहरी मार पड़ रही है। विकास कुमार सिंह ने कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना लागू होने के बाद स्कॉलरशिप की राशि में भारी कटौती की गई है। वर्ष 2011-12 में जहां छात्रों को 60 से 70 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति मिलती थी, वहीं अब यह राशि घटाकर मात्र 10 से 14 हजार रुपये कर दी गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हेल्थ साइंसेज यूनिवर्सिटी का एक साल का परीक्षा शुल्क ही 11,600 रुपये है तो इतने कम स्कॉलरशिप में एक छात्र कैसे पढ़ाई पूरी कर सकता है? उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था गरीब छात्रों की कमर तोड़ रही है और उनका परिवार मानसिक तनाव झेल रहे हैं। विकास कुमार सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि फार्मेसी की पढ़ाई कर चुके छात्रों को सरकारी फार्मासिस्ट की बहाली प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। तर्क दिया गया कि वे इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं जबकि बिहार में फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज की संख्या नगण्य है। उन्होंने कहा कि जब सरकार 125 यूनिट तक बिजली बिल माफ कर रही है, पेंशन में वृद्धि कर रही है, तब गरीब छात्रों को लोन के बोझ से राहत क्यों नहीं मिल रही? उन्होंने यह भी कहा कि पिछले लगभग एक दशक से स्कॉलरशिप की राशि में कटौती के कारण हजारों छात्र खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। विकास कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पिछले 10 वर्षों में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से पढ़ाई पूरी करने वाले सभी छात्रों का शिक्षा ऋण माफ किया जाए ताकि वे बिना मानसिक दबाव के अपने भविष्य को संवार सकें। उन्होंने इसे छात्रों के आत्मविश्वास, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से जोड़ते हुए सरकार से गंभीरता से इस मांग पर विचार करने की अपील की।

RAMDEI RAMCHANDRA MEMORIAL SHIKSHAN SANSTHAN
NADWAN, PATNA
FACULTY RECRUITMENT
INVITES APPLICATION FOR FOLLOWING POST QUALIFICATION & EXPERIENCE AS PER PPU/AICTE NORMS.
TEACHING POST
PRINCIPAL-1
(EACH OF BBA & BCA DEPARTMENT)
AS PER AICTE
COMPUTER APPLICATION - 3
GENERAL MANAGEMENT-3
All ELIGIBLE & INTERESTED CANDIDATES
VISIT CAMPUS FOR PERSONAL INTERVIEW ON DATED
BRING ALL ORGINAL WITH 2 SET OF XEROX COPY
INTERVIEW DATE
30/7/2025 - (WEDNESDAY) TIMING 11:00AM TO 2:00 PM
RAMDEI RAMCHANDRA MEMORIAL SHIKSHAN SANSTHAN
NADWAN (PATNA)
rdrc2011@gmail.com
Mob- 6205382770, 7564901702

# केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दें चिराग पासवान : पूर्व मंत्री



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने कहा है कि चिराग पासवान कहते हैं कि मैं शेर का बेटा हूं लेकिन जिन्हें वे शेर करते हैं वे (रामविलास पासवान) गोधरा कांड के विरोध में केंद्रीय मंत्रिमंडल से न सिर्फ़ इस्तीफ़ा दिये थे बल्कि एक वोट से तत्कालीन वाजपेयी सरकार को केंद्र की सरकार से बेदखल करने का काम किया था। उन्होंने अपना नाम एक वीर योद्धा एवं मूल्यों की राजनीति करने वाले नेता के रूप में दर्ज कराने का काम किया था। लेकिन मोदी मंत्रिमंडल के सदस्य चिराग पासवान बिहार में बढ़ते अपराध पर मोदी के हनुमान बने रहकर दुख होने का प्रवचन तो करते हैं लेकिन सत्ता में चिपके भी रहते हैं। इस दोमुंहा राजनीति को देश और बिहार की जनता देख रही है। यदि आप सच में शेर के बेटा हैं तो बिहार में बढ़ते अपराध, महाजंगलराज एवं गहन मतदाता पुनरीक्षण के ख़िलाफ केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफ़ा देकर अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान की तरह साहस दिखाने का काम करें। पूर्व मंत्री डॉ सुरेश पासवान ने चिराग पासवान को कहा है कि बिहार के चौदह करोड़ लोगों पर हो रहे अत्याचार और अपराध की राजधानी बनी बिहार की जनता को उससे मुक्ति दिलाने की लड़ाई लड़े, नहीं तो जनता जिस तरह से 2025 के चुनावों में एनडीए गठबंधन को धूल चटाने का मन बना चुकी है उसी तरह यदि आप भी एनडीए के साथ चिपके रह गए तो न घर के रहेंगे न घाट के।

